



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 237 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.4 2081 मंगलवार, 19 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए देशभर में ऋण वसूली न्यायाधिकरण में खाली पड़े पदों को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की सदस्यता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता निश्चय चौधरी की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में याचिकाकर्ता ने ऋण वसूली न्यायाधिकरण में खाली पड़े पदों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्रालय से जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि देश भर में एक तिहाई यानी कि 39 ऋण वसूली न्यायाधिकरण संचालित नहीं हो रहे हैं क्योंकि उनमें पीठासीन अधिकारी के पद खाली पड़े हैं। इससे बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कर्ज की वसूली का न्यायाधिकरण का मुख्य काम ही प्रभावित हो रहा है।

# 'कोर्ट से पूछे बिना जीआरएपी-4 प्रतिबंधों में ढील न दी जाए'

### बढ़ते प्रदूषण पर दिल्ली सरकार को 'सुप्रीम' फटकार




नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार से जीआरएपी-4 के तहत प्रदूषण को रोकने के उपायों को लागू करने में देरी पर सवाल उठाया। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि वह बिना पूर्व अनुमति के प्रदूषण रोकने या कम करने के उपायों को हटाने या कम करने की अनुमति नहीं देगा। जस्टिस अभय एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के खतरनाक स्तर पर पहुंचने के बाद भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चरण-4 के तहत निवारक उपायों के कार्यान्वयन में देरी हुई। इससे पहले सुनवाई की शुरूआत में दिल्ली सरकार के वकील ने पीठ को बताया कि दिल्ली में जीआरएपी का चरण-4 सोमवार से लागू हो गया है। इसके तहत भारी वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस पर पीठ ने वकील से कहा कि जैसे ही एक्यूआई 300 से 400 के बीच पहुंचता है, चरण-4 लागू करना होता है। आप जीआरएपी के चरण-4 में देरी करने का जोखिम कैसे उठा सकते हैं? कोर्ट जानना चाहता है कि उसने प्रदूषण के स्तर में खतरनाक बढ़ोतरी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

**दिन के काम के अंत में मामले की विस्तार से सुनवाई :**

पीठ ने कहा कि हम चरण-4 के तहत निवारक उपायों को कम करने की अनुमति नहीं देंगे, भले ही एक्यूआई 300 से नीचे चला जाए। चरण-4 तब तक जारी रहेगा, जब तक न्यायालय इसकी अनुमति नहीं देता। पीठ ने कहा कि वह दिन के काम के अंत में मामले की विस्तार से सुनवाई करेगी। इससे पहले केंद्र की वायु गुणवत्ता समिति ने ग्रैप के चौथे चरण के तहत दिल्ली-एनसीआर के लिए कड़े प्रदूषण नियंत्रण उपाय लागू किए गए।

## सुभाष चंद्र बोस की मौत की जांच की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई से इनकार, याचिका खारिज

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत की जांच की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दिया। इससे पहले साल के शुरूआत जनवरी में इसी याचिकाकर्ता ने नेताजी को राष्ट्रपुत्र घोषित करने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया था। याचिका में कोर्ट से ये घोषणा करने की गुहार लगाई गई कि भारत को आजादी नेताजी की आजाद हिंद फौज के कारण मिली थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता पिनाकपाणि मोहंती के वकील ने कहा कि नेताजी के अगस्त 1945 में लापता होने पर अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई भी अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं है। उनकी मृत्यु एक रहस्य है, क्योंकि 1945 में हुई हवाई दुर्घटना में उनकी मौत नहीं हुई थी।

जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपको उचित मंच पर जाना चाहिए। ये हमारा विषय नहीं है। यह मुद्दा कि एक आयोग सही था या दूसरा ये हम कैसे तय कर सकते हैं? ये तो नीति का विषय है। हम हर चीज़ के विशेषज्ञ नहीं हैं। आप राजनीतिक कार्यकर्ता हैं न तो अपनी पार्टी में जाइए और मुद्दा उठाइए। सुप्रीम कोर्ट हर चीज की दवा नहीं है।

## संजौली मस्जिद केस की सुनवाई पर मांगा वक्फ बोर्ड का शपथ पत्र

शिमला, 18 नवंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के बहुचर्चित संजौली मस्जिद विवाद में जिला अदालत में अगली सुनवाई अब 22 नवंबर को होगी। नगर निगम शिमला कमिश्नर कोर्ट के फैसले के खिलाफ ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन ने अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायालय में याचिका दाखिल की हुई है।

इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति प्रवीण गर्ग की अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही वक्फ बोर्ड से एक शपथ पत्र भी तलब किया है। सोमवार की सुनवाई में एमसी शिमला की तरफ से भी वकील पेश हुए।

आज हुई सुनवाई में 5 अक्टूबर को शिमला एमसी कोर्ट द्वारा दिए फैसले पर जिला अदालत ने वक्फ बोर्ड से एफिडेविट मांगा है। कोर्ट ने पूछा कि संजौली मस्जिद कमेटी प्रधान मोहमद लतीफ मस्जिद प्रधान के तौर पर वक्फ बोर्ड से ऑथराइज्ड था या नहीं?

## पीएम मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे पर राहुल का हमला

### बताया 'कौन एक-कौन सेफ'?




मुंबई, 18 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोमवार को धारावी परियोजना को लेकर पीएम मोदी और महाराष्ट्र सरकार को जमकर घेरा। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन राहुल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने एक तिजोरी सबके सामने रखी। उस पर लिखा था, 'एक हैं तो सेफ हैं'। उन्होंने तिजोरी के अंदर से दो पोस्टर निकाले। इसमें से एक पर उद्योगपति गौतम अदाणी और पीएम मोदी की तस्वीर थी और दूसरे पर धारावी परियोजना की। इसे दिखाते हुए राहुल ने कहा कि यही है- पीएम मोदी का एक हैं तो सेफ हैं। उन्होंने कहा कि मैंने आपको 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे को अच्छे समझाया है। एक कौन हैं- वह नरेंद्र मोदी जी हैं, अदाणी हैं, अमित शाह जी है। सेफ हैं तो कौन हैं- अदाणी जी सेफ हैं। कष्ट किसको होगा तो धारावी की जनता को होगा। नुकसान किसको होगा तो धारावी की जनता को होगा। हिंदुस्तान की छोटी और मध्यम उद्योग, जिसका प्रतीक धारावी है, उसे एक व्यक्ति के लिए खत्म किया जा रहा है।

## पीएम के 'लूटने' वाले बयान पर भड़के सीएम सिद्धारमैया, बोले-हम मुकदमा दायर करेंगे

बेंगलूरू, 18 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में महाराष्ट्र चुनाव में प्रचार के दौरान एक रैली में आरोप लगाया था कि कांग्रेस, कर्नाटक राज्य को लूटने में लगी है। अब इसे लेकर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कड़ी आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वे इसके खिलाफ मुकदमा दायर करने पर भी विचार कर रहे हैं।

बेंगलूरू में कनकदसा जयंती समारोह के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया से जब प्रधानमंत्री की टिप्पणी के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री झूठ बता रहे हैं। वे वोटों के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हम इसके कानूनी कोण की समीक्षा कर रहे हैं और मुकदमा दायर करने पर विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में रैली के दौरान कहा था कि कर्नाटक में कांग्रेस ने लोगों से झूठ बोला और लोगों का वोट लिया।

# मणिपुर में 'ऑल आउट' एक्शन प्लान

*✻ 24 घंटे चलेगा ऑपरेशन ✻ अब रवाना होंगे सीआरपीएफ के 4000 जवान*

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर में जारी हिंसा के बीच केंद्र सरकार ने अब बड़ा कदम उठाया है। इस बार 'ऑल आउट' एक्शन प्लान का मसौदा तैयार किया गया है। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' को लीड रोल में रखा जाएगा। केंद्र सरकार में विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में 24 घंटे ऑपरेशन शुरू होगा। विद्रोहियों और हिंसक वारदातों में शामिल लोगों को उनके ठिकानों से बाहर निकाला जाएगा। पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर में अर्धसैनिक बलों के 2,500 अतिरिक्त जवानों की तैनाती की थी। केंद्रीय बलों की 20 कंपनियों में से सीआरपीएफ की 15 और बीएसएफ की पांच कंपनियां शामिल थीं। अब बच्चों व महिलाओं सहित छह लोगों मौत के बाद सीआरपीएफ की चालीस अतिरिक्त कंपनियों को मणिपुर में रवाना करने की तैयारी हो रही है। इसके बाद सेना, लोकल पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की संख्या लगभग एक लाख के पार पहुंच जाएगी।

बता दें कि मणिपुर में सात नवंबर से लेकर अब तक लगभग बीस लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंसा और आगजनी की वारदात हो रही हैं। गुस्से में आए लोगों ने मुख्यमंत्री एवं दस विधायकों के घरों को भी नहीं बख्शा। नतीजा, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 नवंबर को इंफाल पश्चिम जिले में सेकमाई व लामसांग, इंफाल पूर्व में लामलाई, बिष्णुपुर में मोइरांग, कांगपोकपी में लीमाखोंग और जिरीबाम जिले में जिरीबाम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम 'अफ्स्पा' लागू कर दिया गया है। सीआरपीएफ डीजी अनीश दयाल सिंह मणिपुर पहुंच चुके हैं। राज्य सरकार ने केंद्र से अनुरोध किया है कि 14 नवंबर को जिन क्षेत्रों में 'अफ्स्पा' लागू किया है, उसे जनहित में वापस लिया जाए।

*पहले एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत*

## अब जवाब देने के लिए मांगा 7 दिन का समय

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा और कांग्रेस ने हाल ही में झारखंड और महाराष्ट्र में एक-दूसरे के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर चुनाव आयोग के सामने शिकायतें दर्ज कराई थीं। अब दोनों ही पार्टियों ने इन शिकायतों पर जवाब देने के लिए आयोग से 7 दिन का समय और मांगा है।

बताया गया है कि चुनाव आयोग ने शनिवार को दोनों पार्टियों के अध्यक्षों से उनके नेताओं के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर जवाब दर्ज कराने को कहा था। ईसी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस के प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को अलग-अलग चिट्ठियां भेजकर उनसे एक-दूसरे की शिकायत पर जवाब देने को कहा था। चुनाव आयोग ने इसके लिए दोनों राजनीतिक दलों के प्रमुखों से 1 बजे तक औपचारिक जवाब मांगा था। अब दोनों पार्टियों ने शिकायतों पर जवाब भेजने के लिए आयोग से 7 दिन का समय और मांगा है।




# भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत

## बोले-किसी के दबाव में फैसला नहीं लिया, आसान नहीं था आप छोड़ना



नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता दिलाई है। वहीं इस दौरान दिल्ली भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे। इस दौरान कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने आजतक किसी के दवाब में कोई काम नहीं किया है। जितनी भी ऐसी बातें मुझे सुनने में आ रही है कि मैंने ये सीबीआई के दवाब में ऐसा किया या किसी और दवाब में किया ये गलत है। यह निर्णय एक दिन का नहीं है। हजारों लोग अन्ना के आंदोलन के बाद एक विचारधारा से जुड़े, मेरा राजनीति में आने का मकसद लोगों की सेवा करना है। लेकिन जिन मूल्यों के लिए आम आदमी पार्टी ज्वाइन की उनका पतन देखा तो मैं दंग रह गया।

उन्होंने कहा कि ये सिर्फ मेरी बात नहीं है, हजारों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ऐसा सोच रहे हैं। आम आदमी अब कुछ खास आदमी बन चुके हैं। कोई सरकार अगर लगातार केंद्र सरकार से लड़ने में समय निकालेगी तो दिल्ली का विकास कैसे होगा? मेरा जितना समय मंत्री के रूप में निकला, मेरी पूरी कोशिश रही कि मैं बेहतर करूं। आज मैं भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा ताकि दिल्ली का विकास कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ कर सकूं। मैंने अपनी प्रैक्टिस छोड़कर काम शुरू किया और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आप छोड़ना आसान नहीं था। आप में अब हालात ठीक नहीं है। आप में आत्मविश्वास टूट गया है। पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित हुआ हूं। कैलाश गहलोत ने रविवार को ही आप की प्राथमिक सदस्यता और मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। कैलाश गहलोत ने 19 फरवरी 2015 को पहली बार दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री के रूप शपथ ली थी।

उसके बाद वह लगातार तीन बाद मंत्री बनाए गए। इस्तीफा देने से पहले कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। केजरीवाल को लिखे पत्र में गहलोत ने कहा कि इस समय आम आदमी पार्टी गंभीर चुनौतियां से गुजर रही है। पार्टी में राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं लोगों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर हावी हो गई हैं, जिससे कई वादे अधूरे रह गए हैं। जो पार्टी ने दिल्ली की जनता से किए थे। यमुना को साफ करने का सपना पूरा नहीं हो पाया। यमुना अब पहले से ज्यादा प्रदूषित हो गई। इसके अलावा शीशमहल (मुख्यमंत्री आवास) जैसे कई अजीबोगरीब विवाद सामने आए। इसने पार्टी की छवि खराब हुई। सवाल उठ रहे हैं कि लोग पार्टी पर विश्वास कर रहे हैं। पार्टी लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के बजाय केवल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रहे हैं।

इसने दिल्ली के लोगों को बुनियादी सेवाएं देने की हमारी क्षमता कमजोर हुई। दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है जिससे दिल्ली का वास्तविक विकास नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि राजनीतिक यात्रा दिल्ली के लोगों की सेवा करने के लिए शुरू की थी, इसे जारी रखना चाहता हूं। यही कारण है कि आप से अलग हो रहा हूं और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर अपने पद से इस्तीफा दिया।

### मुख्यमंत्री ने इस्तीफा किया मंजूर

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत का मंत्री पद से स्वीकार कर लिया। वह दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री थे। वहीं आम आदमी पार्टी के सूत्रों का कहना है कि कैलाश गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। उनके ऊपर कई बार ईडी और इनकम टैक्स की छापेमारी हो चुकी थी। ऐसे में इस छापेमारी से बचने के लिए उसके पास भाजपा में शामिल होने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं बचा था। यह भाजपा का षड्यंत्र है। भाजपा दिल्ली चुनाव ईडी और सीबीआई के बल पर जीतना चाहती है।

### मुख्यमंत्री को मिले कैलाश गहलोत के विभाग

कैलाश गहलोत के इस्तीफे के बाद उनके सभी विभाग मुख्यमंत्री को सौंप दिए गए हैं। सरकार के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कैलाश गहलोत के सारे विभाग मुख्यमंत्री आतिशी के पास रहेंगे। इस मामले में मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को प्रस्ताव भेज दिया है। उधर, आम आदमी पार्टी का दावा है कि भाजपा के कई बड़े नेता सोमवार को आप में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल सोमवार को प्रेस वार्ता करेंगे। दोपहर दो बजे अरविंद केजरीवाल इसकी घोषणा करेंगे।

# कांग्रेस को एक और झटका : सुमेश शौकीन आप में शामिल

## > गहलोत के बीजेपी में जाने पर बोले केजरीवाल जहां चाहे जाएं



नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में कांग्रेस के पूर्व नेता सुमेश शौकीन सोमवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इससे पहले बीते रविवार को अनिल झा आप में शामिल हुए थे और कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने पर जब अरविंद केजरीवाल से पूछा तो उन्होंने वह स्वतंत्र हैं, वह जहां चाहें जा सकते हैं।

भाजपा नेता व किराड़ी के दो बार विधायक रहे अनिल झा रविवार को आप में शामिल हो गए। अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय पर उन्हें टोपी और पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई थी। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि था अनिल ने पूर्वांचल के लोगों के लिए बहुत काम किया है। उनके आने से केवल किराड़ी ही नहीं, बल्कि पूरी दिल्ली में पार्टी को मजबूती मिलेगी। दिल्ली में 1750 कच्ची कॉलोनियां हैं। करीब 1650 कॉलोनियों में पेयजल पहुंचा दिया है। सौ में वन विभाग व एएसआई के कारण काम नहीं हो सकता। हमसे पहले की जो सरकार थी, उन्हें यह भी नहीं मालूम था कि दिल्ली में देहात क्षेत्र भी है और यहां किसान भी रहते हैं और खेतीबाड़ी करते हैं।

वहीं, अनिल झा ने कहा कि आप सरकार ने दिल्ली की कच्ची कॉलोनियों में काम किया। स्कूलों में अच्छी शिक्षा, साफ-सुथरा भोजन, मोहल्ला क्लीनिक की सुविधा सहित अन्य की सुविधाएं मिल रही हैं। विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि दिल्ली में अगर पूर्वांचल के लिए किसी एक व्यक्ति ने काम किया है तो वे केजरीवाल हैं। जानकारी के लिए बता दें कि सुमेश शौकीन कांग्रेस के पूर्व विधायक हैं। यह 2008 में मटियाला से विधायक बने थे। उसके बाद 2013, 2015 और 2020 में मटियाला सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे और तीनों बार ही हारे थे।

# राज्यों में बढ़ी हैं पराली जलाने की घटनाएं, खराब हालत के लिए केंद्र जिम्मेदार : आतिशी



नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बढ़ते प्रदूषण के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि देशभर के अलग-अलग राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेप 4 लागू करने में देरी पर दिल्ली सरकार पर नाराजगी जताई है। आतिशी ने कहा है कि देशभर के अलग-अलग राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। केंद्र सरकार इन राज्यों पर कोई भी लगाम नहीं लग रही है। जबकि पंजाब एक ऐसा राज्य है जहां पर पराली जलाने की घटनाएं कम हुई हैं, उन पर रोक लगाई गई है। दिल्ली वाले सांस नहीं ले पा रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आतिशी ने कहा है कि पूरे उत्तर भारत में चिकित्सा आपातकाल की स्थिति पैदा हो गई है, क्योंकि देश भर में पराली जलाना अनियंत्रित रूप से जारी है। देश भर के सभी राज्य यूपी, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, एमपी और दिल्ली, प्रदूषण के गंभीर स्तर से जूझ रहे हैं और फिर भी पिछले 5 वर्षों से पूरे भारत में पराली जलाने की बढ़ती गंभीरता के बावजूद, केंद्र सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। पूरा उत्तर भारत इसकी कीमत चुका रहा है,

# रिजॉर्ट के स्विमिंग पूल में डूब रही थी सहेली, बचाने के लिए कूदीं दो महिलाएं

## *तीनों की गई जान*

मंगलूरू, 18 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में मंगलूरू के उल्लाल समुद्र तट के पास एक रिजॉर्ट के स्विमिंग पूल में तीन युवतियां कथित तौर पर डूब गईं। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान निशिता एमडी (21), पार्वती एस (20) और कीर्तना एन (21) के रूप में हुई। तीनों युवतियां मैसूरु की रहने वाली थीं। तीनों 16 नवंबर को समुद्र तट के पास रिजॉर्ट वाजको में ठहरने आई थीं।

पुलिस के मुताबिक, निशिता को तैरना नहीं आता था। इसके बाद भी वह स्विमिंग पूल में उतर गई। जब वह डूबने लगी तो उसे बचाने के लिए पार्वती ने भी पूल में छलांग लगा दी, लेकिन वह भी बाहर नहीं निकल सकी। बाद में कीर्तना ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन देखते ही देखते सभी डूब गईं और उनकी मौत हो गई। धारा 106 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मनोहर (रिजॉर्ट मालिक) और भरत (रिजॉर्ट मैनेजर) नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच जारी है।

## हरियाणा में धुंध में 13 गाड़ियां टकराईं

चंडीगढ़, 18 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में घनी धुंध के बीच हिसार और कैथल में 13 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें हरियाणा रोडवेज की एसी बस भी शामिल है। हिसार में गाड़ियां भिड़ने की वजह से बस-कारों में सवार लोग बाल-बाल बचे। वहीं कैथल में टक्कर के बाद कार में आग लग गई। इनमें 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रदेश के दूसरे जिलों में भी धुंध की वजह से विजिबिलिटी 50 से 100 मीटर के बीच पहुंच गई है।

# 'राज्यों की उम्मीद पूरे करने वाले हों आपके प्रस्ताव'

## *सीएम स्टालिन ने वित्त आयोग के साथ की बैठक*



चेन्नई, 18 नवंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को 16वें वित्त आयोग के साथ बैठक में हिस्सा लिया। स्टालिन ने एक निजी होटल में हुई बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष और इसके सदस्यों का स्वागत किया। मीटिंग के दौरान तमिलनाडु सीएम ने कहा कि आयोग की ओर से जो प्रस्ताव दिए जाएं वह राज्यों की उम्मीद पूरे करने वाले हों। इन प्रस्तावों का भारत को दुनिया का एक विकसित देश बनाने में योगदान रहेगा। उन्होंने कहा, तमिलनाडु और राज्य के लोगों की तरफ से मुझे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का स्वागत करके खुशी हो रही है। मुझे भरोसा है कि 16वें वित्त आयोग के प्रस्ताव सभी भारतीय राज्यों की उम्मीदों को पूरा करने वाले होंगे और भारत को दुनिया में विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने वाले साबित होंगे। स्टालिन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 16वें वित्त आयोग के प्रस्ताव भारत के संघीय ढांचे को मजबूत करने वाले होंगे। इससे पहले शनिवार को चेन्नई में रक्षा मामलों की संसदीय समिति की बैठक हुई थी। इसमें भारतीय तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) के काम करने के तरीकों की समीक्षा हुई थी, ताकि भारत की लंबी तटीय सीमाओं पर सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। सांसदों के इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सांसद राधा मोहन सिंह कर रहे थे। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और भारतीय तटरक्षक बल के कई अफसर भी इस बैठक में मौजूद रहे थे।

# माता वैष्णो देवी : दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 86 लाख पार



जम्मू, 18 नवंबर (एजेंसियां)। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष अब तक 86 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जम्मू और कश्मीर के त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी के गुफा मंदिर में पूजा अर्चना की है। श्रद्धालुओं की संख्या वर्ष के अंत तक और बढ़ने की उम्मीद है, और यह आंकड़ा दिसंबर तक 95 लाख को पार कर सकता है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने कहा कल तक इस वर्ष 86 लाख श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए हैं और पूजा अर्चना की है। उन्होंने कहा कि हर साल माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। पिछले साल, 2023 में यात्रा ने 95 लाख का नया रिकॉर्ड स्थापित किया था, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था। आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। मासिक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी में 6,16,609, फरवरी में 4,32,925, मार्च में 8,61,517, अप्रैल में 9,55,575, मई में 11,64,301, जून में 11,15,719, जुलाई में 7,65,726, अगस्त में 5,73,730, सितंबर में 6,78,484 और अक्तूबर में 8,74,657 श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। अक्तूबर के दूसरे हिस्से में त्योहारों के चलते दैनिक श्रद्धालुओं की संख्या 14,000 से 18,000 के बीच रही और दिवाली और अन्य त्योहारों के बाद वर्तमान में यह संख्या 28,000 से 38,000 के बीच हो गई है। 1986 में जब श्राइन बोर्ड ने माता वैष्णो देवी के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली, तब 13.95 लाख श्रद्धालु आए थे। तब से हर साल श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, और 2012 में यह संख्या 1.04 करोड़ तक पहुंच गई, जो 2011 में 1.01 करोड़ थी। हाल के वर्षों में श्राइन में कुछ नई सुविधाओं का भी समावेश किया गया है, जिसमें माता वैष्णो देवी भवन में एक स्काईवॉक, दुर्गा भवन, नया सामुदायिक रसोईघर और रेलवे पंजीकरण केंद्र शामिल हैं। स्काईवॉक और नए रूप में बने पार्वती भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया।

इसके अलावा श्राइन का बेस कैंप कटरा में अब एक अत्याधुनिक कॉल सेंटर है, जो दिन-रात 2,500 से अधिक कॉल्स का प्रबंधन करता है, जो दुनिया भर से श्रद्धालुओं द्वारा किए जाते हैं।

# 'राजोआना की दया याचिका पर दो हफ्ते में विचार किया जाए'

## सुप्रीम कोर्ट का राष्ट्रपति से अनुरोध



बेअंत सिंह की हत्या मामले में राजोआना को सुनाई थी मौत की सजा

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के सचिव को बेअंत हत्याकांड के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका राष्ट्रपति के समक्ष रखने का निर्देश दिया। कोर्ट ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि राजोआना की दया याचिका पर आज से दो सप्ताह के अंदर विचार किया जाए। दरअसल, मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव को निर्देश दिया कि वह 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मौत की सजा पाने वाले बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका को राष्ट्रपति के सामने विचार के लिए रखें। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने राष्ट्रपति से दो सप्ताह के भीतर याचिका पर विचार करने का अनुरोध किया।

### पीठ ने जताई नाराजगी

पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए विशेष रूप से आज का दिन तय किए जाने के बावजूद भारत संघ की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। पीठ केवल इसी मामले की सुनवाई के लिए बैठी थी। सुनवाई की इससे पहले की तारीख में मामले को स्थगित कर दिया गया था, ताकि केंद्र सरकार राष्ट्रपति कार्यालय से यह निर्देश ले सके कि दया याचिका पर कब तक निर्णय लिया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि याचिकाकर्ता मृत्युदंड का सामना कर रहा है, हम भारत के राष्ट्रपति के सचिव को निर्देश देते हैं कि वह मामले को राष्ट्रपति के समक्ष रखें और उनसे अनुरोध करें कि वह आज से दो सप्ताह के भीतर इस पर विचार करें। मामले में अगली सुनवाई पांच दिसंबर को होगी।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने 25 सितंबर को राजोआना की याचिका पर केंद्र, पंजाब सरकार और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासन से जवाब मांगा था। राजोआना को 31 अगस्त, 1995 को चंडीगढ़ में पंजाब सिविल सचिवालय के बाहर हुए विस्फोट मामले में दोषी पाया गया था। इस घटना में तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह तथा 16 अन्य लोग मारे गए थे। विशेष अदालत ने राजोआना को जुलाई, 2007 में मौत की सजा सुनाई थी। राजोआना ने अपनी याचिका में कहा है कि मार्च 2012 में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उसकी ओर से क्षमादान का अनुरोध करते हुए संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत एक दया याचिका दायर की थी।

# खबरें जरा हटके

## घर के बगीचे में था रहस्यमय कुआं, नीचे उतरते ही शख्स पहुंचा 'दूसरी दुनिया' में

### वीडियो देखने वालों ने बंद कर लीं आंखें!



कई बार ऐसा होता है कि हम जो कुछ भी सामने देखते हैं, वो दरअसल होता नहीं है. कुछ लोग होते भी ऐसे हैं कि उन्हें कोई भी सीधी चीज़ पसंद नहीं आती. एक ऐसे ही शख्स ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जो लोगों को हैरान कर रहा है. आमतौर पर अंधेरी और संकरी जगहों से हम दूर भागते हैं लेकिन इस आदमी ने यहां का जो नज़ारा दिखाया है, वहां पहुंचना सबके बस की बात नहीं है. शख्स के घर में जो बगीचा था, उसमें वो दिखाता है कि एक कुआं बना हुआ है. इसके साथ ही नीचे की ओर जाने के लिए लकड़ी की सीढ़ियां लगी हुई हैं. वीडियो में वो इसी कुएं के अंदर उतरता है और वहां जो कुछ भी दिखता है, वो लोगों को बेचैन करने लगा. आप भी इसे देखेंगे तो सोचेंगे कि इस आदमी को डर नहीं लगता?

**गड्ढे से उतरकर पहुंचा दूसरी दुनिया में**

मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक डेव बिलिंग्स नाम के एक शख्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो में वो बताता है कि वो दूसरे विश्वयुद्ध के आर्मी कैंप में रहता है. वो अपने घर के बगीचे में मौजूद कुएं के पास पहंचता है, जहां नीचे जाने के लिए सीढ़ियां लगी हुई हैं. जैसे-जैसे वो नीचे उतरता है, वीडियो देखने वाले बेचैन होने लगते हैं. ये बेहद संकरी जगह है, जहां पहुंचकर वो अंदर की ओर घुसता है और आप देखेंगे कि वहां वो एक बंकर बना रहा है. फिर डेव बताता है कि 40 फीट नीचे गड्ढे में वो बंकर बना रहा है. ज़मीन के नीचे पहुंचते ही वो दिखाता है कि यहां पर पुराना बंकर था और इसमें कुछ नया भी बन रहा है. वो इससे निकलने का रास्ता दूसरी तरफ से दिखाता है. जब लोग उसकी ये अंडरग्राउंड दुनिया देखते हैं, तो इस पर कमेंट करना शुरू कर देते हैं. कई यूज़र्स ने लिखा कि तुम्हें घुसते हुए देखना इतना बेचैन कर रहा है, तुम वाकई साहसी हो, जो यहां जा रहे हो. एक यूज़र ने लिया ये मेरा सबसे बड़ा डर है. वहीं कुछ लोग इससे बिल्कुल भी इम्प्रेस नज़र नहीं आए.

## कीलों पर खड़े होकर किया योग, 7वीं क्लास की जेरिदिशा ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



नमक्कल जिले के एसआरवी पब्लिक स्कूल में आयोजित नोबल वर्ल्ड रिकॉर्ड कार्यक्रम में सातवीं कक्षा की छात्रा जेरिदिशा ने इतिहास रच दिया. उन्होंने लोहे की कीलों पर बैठकर मात्र 20 मिनट में 50 योगासन कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. यह प्रदर्शन न केवल उनकी मेहनत का परिणाम था, बल्कि उनकी अद्वितीय योग क्षमता और आत्मविश्वास का भी प्रतीक था.

**50 योगासन कर दिखाया अद्भुत प्रदर्शन**

कार्यक्रम में नोबेल वर्ल्ड रिकॉर्ड की निदेशक हेमलता और एसआरवी ग्रुप के सचिव मनोकरण की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया. जेरिदिशा ने पद्मासन, योग मुद्रा, परवा दसना, वज्रासन और चक्रासन जैसे कठिन योगासन आसानी से करते हुए अपना कौशल दिखाया. उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें नोबेल वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने उनके इस कारनामे पर गर्व जताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

समाज के लिए प्रेरणा बनीं जेरिदिशा

अपनी इस उपलब्धि पर जेरिदिशा ने कहा, "मेरी सफलता का मुख्य कारण मेरे माता-पिता हैं. उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया और मुझे प्रोत्साहित किया." जेरिदिशा ने इससे पहले भी महिला यौन हिंसा और सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए नारियल पर बैठकर योगासन कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था. उनका कहना है कि योग न केवल मानसिक शांति देता है, बल्कि समाज में बदलाव लाने का माध्यम भी बन सकता है.

## लॉटरी में महिला ने जीते 20 करोड़ लेकिन बदकिस्मती ने नहीं छोड़ा साथ

**नरक हुई जिंदगी, गंवा दिया सबकुछ!**




दुनियाभर में कई ऐसे लोग हैं, जिनकी किस्मत रातों-रात बदल जाती है. किसी के हाथ खजाना लग जाता है, तो किसी की करोड़ों की लॉटरी निकल आती है. कुछ लोग अपने मेहनत के दम पर भी अपना नाम बना लेते हैं. लेकिन इनमें से कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो करोड़ों-अरबों रुपए कमाने या जीतने के बावजूद वो फिर से पुराने हालात में पहुंच जाते हैं. ऐसा लगता है मानो बदकिस्मती इनके साथ ही चलती है. आज हम आपको एक ऐसी ही महिला से मिलवाने जा रहे हैं, जिसका नाम लारा ग्रिफिथ्स है. 19 साल पहले यानी साल 2005 में लारा की जिंदगी रातों-रात बदल गई थी, जब उन्होंने लगभग 20 करोड़ रुपए की लॉटरी जीती. लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था. आज अपनी बेटी के साथ लारा अकेली और बदहाल जिंदगी जीने को मजबूर हैं. लारा ने बताया कि वह और उनके एक्स हसबैंड रोजर यूनाइटेड किंगडम के वेस्ट यॉर्कशायर में एक साधारण जीवन जी रहे थे. उसी दौरान उन्होंने 1.8 मिलियन पाउंड (लगभग 20 करोड़ रुपए) की रकम जीती.

लेकिन लारा ग्रिफिथ्स का सपना जल्द ही दुःस्वप्न में बदल गया, घर में आग लगने और तलाक के कारण उनकी सारी संपत्ति बर्बाद हो गई. लारा ने बताया, "उस समय वास्तव में मुझे बिल्कुल पता नहीं था कि इन पैसों का क्या करना है. मुझे रोजर के साथ पैसे का प्रबंधन कैसे करना है, इस बारे में कोई बातचीत भी याद नहीं है. ऐसे में हम शानदार जीवन जीने लगे. हम पैसे उड़ा रहे थे जैसे कि कल कभी नहीं होगा. नौकरी छोड़ दी और दुबई, फ्लोरिडा और फ्रांस जैसी ग्लैमरस जगहों पर घूमते रहे. 150,000 पाउंड (1 करोड़ 60 लाख रुपए) में एक ब्यूटी सैलून खरीदा और 450,000 पाउंड (4 करोड़ 80 लाख रुपए) में एक शानदार घर खरीदा और वहां रहने लगे." लेकिन बदकिस्मती ने उनका साथ नहीं छोड़ा. दिसंबर 2010 में उनके ऊपर मुसीबत आ गई, उनका आलीशान घर धू-धू कर जल उठा.

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

मंगलवार, 19 नवंबर, 2024 3

सुविचार: जिसका मन का भाव सच्चा होता है, उसका हर काम अच्छा होता है..!

## कांग्रेस ने खटखटाया राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का दरवाजा

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस ने सोमवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य जतोथु हुसैन नायक से संपर्क किया और विकाराबाद कलेक्टर प्रतीक जैन और केएडीए के विशेष अधिकारी वेंकट रेड्डी पर हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू करने की अपील की। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य किसानों और ग्रामीणों से बातचीत करने के लिए लागाचेरला में हैं। हुसैन नायक के साथ बैठक के दौरान, कांग्रेस के दोर्नाकल विधायक रामचंदर नाइक, सांसद बलराम नाइक और विधायक बालू नाइक ने आरोप लगाया कि बीआरएस किसानों को सरकार के खिलाफ भड़का रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो क्लिप में विधायक रामचंदर नाइक कहते हुए नज़र आ रहे हैं कि जिन लोगों को गिरफ़्तार किया गया है, उनके पास ज़मीन नहीं है। उन्होंने आयोग के सदस्य से अपील की कि आदिवासी किसानों को न्याय सुनिश्चित करते हुए विकास में बाधा नहीं आने दी जाएगी।

# मूसी परियोजना का विरोध करने वाले कीड़े-मकौड़ों की तरह नष्ट हो जाएंगे

### कांग्रेस मंत्री सुरेखा का बयान सोशल मीडिया पर वायरल



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा अपनी परियोजना का विरोध करने वालों पर बुलडोजर चलाने संबंधी विवादास्पद बयान के बाद, उनकी कैबिनेट सहयोगी कोंडा सुरेखा ने परियोजना के खिलाफ बात करने वालों के हश्र के बारे में अपनी टिप्पणी से एक और विवाद खड़ा कर दिया है। रविवार को वारंगल की अपनी यात्रा के दौरान मंत्री ने विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर लोगों को सरकार के खिलाफ भड़काने के लिए बीआरएस की आलोचना की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीआरएस मूसी परियोजना को शुरू करने में बाधा उत्पन्न करने के लिए साजिश रच रही है।

सुरेखा ने कहा कि जो लोग मूसी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट परियोजना का विरोध कर रहे हैं, वे सभी कीड़ों की तरह नष्ट हो जाएंगे। मंत्री की वीडियो क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर साझा की जा रही हैं और वायरल हो गई हैं तथा कई लोग उनकी टिप्पणियों पर आपत्ति जता रहे हैं।

श्रीधर नामक एक एक्स यूजर ने कहा कि अगर मंत्री कल्याण और विकास कार्यक्रमों के बारे में बात करें तो यह समझदारी होगी। लोगों ने कांग्रेस को सत्ता में इसलिए चुना था ताकि उन्हें अच्छा शासन देने का अवसर मिले, लेकिन यह शर्म की बात है कि आप हमारे मंत्री हैं। इससे पहले नागिरेड्डीपल्ली में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने मुसी रिवरफ्रंट विकास परियोजना का विरोध करने वाले किसी भी व्यक्ति पर बुलडोजर चलाने की धमकी दी थी। बीआरएस और भाजपा के अलावा, जिन्होंने परियोजना के लागत अनुमान और कांग्रेस सरकार के कार्य करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं, जो लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं वे वे लोग हैं जो परियोजना के कारण विस्थापित होने और अपने घरों को खोने के खतरे में जी रहे हैं।

## दुर्घटना में भारतीय सैनिक समेत दो की मौत

मंचेरियल, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नासपुर मंडल के दोरागरीपल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग 363 के सर्विस रोड पर रविवार देर रात दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मंचेरियल के सब-इंस्पेक्टर एम प्रवीण ने बताया कि पीड़ितों की पहचान भारतीय सेना के जवान मुल्का उदय (31) और निजी कर्मचारी पट्टी नरसिम्हा (45) के रूप में हुई है। दोनों ही दोर्गारीपल्ली गांव के रहने वाले हैं। घायल व्यक्ति नरसिम्हा की पत्नी रमादेवी थी। दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में उदय और नरसिम्हा को गंभीर चोटें आईं, जिससे दोनों की तत्काल मौत हो गई और रमादेवी घायल हो गईं। जब उदय मंचेरियल शहर के रामनगर से लौट रहा था, तब नरसिम्हा क्याथनपल्ली के गद्दरगड़ी की ओर जा रहा था। उदय की पत्नी गर्भवती थी और सोमवार को प्रसव की तिथि निर्धारित थी। उदय के भाई शिवरामकृष्ण की शिकायत के आधार पर नरसिम्हा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा

### तीन ऑटो चालक गिरफ्तार, छीने गए फोन बरामद



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सनतनगर पुलिस ने त्वरित और कुशल कार्रवाई करते हुए सनतनगर रेलवे स्टेशन के पास देर रात लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साइबराबाद के आरसीपुरम के एक निजी कर्मचारी अभिषेक कुमार की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक मामला दर्ज किया। घटना के 48 घंटे के भीतर, पुलिस ने तीन संदिग्धों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया, चोरी के मोबाइल फोन, नकदी और अन्य संपत्ति बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य आरोपी ठाकुर सुरेंदर सिंह उर्फ सेरू, बिरादर संतोष उर्फ राजू, शेख हुजैर बाबा उर्फ हुजैर शामिल हैं। ये सभी आटो चालक है। पुलिस के अनुसार लूट की घटना 16 नवंबर को रात लगभग 1:00 बजे सनतनगर रेलवे स्टेशन ओपन प्लेस, साइबराबाद के पास हुई थी। यूपी के रहने वाले शिकायतकर्ता अभिषेक कुमार 16 नवंबर को शिकायतकर्ता ने आधी रात को एक बजे कर्नूल से हैदराबाद की यात्रा की, वह हैदराबाद के एमजीबीएस बस स्टैंड पर पहुंचा और आरसी पुरम के लिए टैक्सी के लिए बस स्टैंड के बाहर आया। टैक्सी का इंतजार करते समय, एक पीले रंग का ऑटो आया और वह उस ऑटो में सवार हो गया, जिसमें पहले से ही ड्राइवर के साथ 3 लोग मौजूद थे। ऑटो चालक ने गुटखा लेने के लिए भारतनगर पुल पर पहुंचने के बाद यू-टर्न लिया। ऑटो चालक ने अंधेरे इलाके में खुली जगह पर सनतनगर रेलवे स्टेशन के पास ऑटो रोका, तीन लोगों में से एक व्यक्ति ने चाकू ले लिया और शिकायतकर्ता को धमकाया और पैसे की मांग की। फिर आरोपियों ने नकदी लूट ली और बाद में उन्होंने शिकायतकर्ता का मोबाइल रेडमी 5जी लूट लिया। उसे थप्पड़ मारा और फोन पे पासवर्ड पूछने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने तत्काल अपने मित्र रोहित पाल को फोन कर पैसे मंगवाए तथा शिकायतकर्ता के मित्र रोहित पाल ने फोन पे के माध्यम से 200 रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद तीनों व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की तथा मौके से भाग गए। जांच के दौरान पुलिस निरीक्षक ने दो टीमें गठित की तथा खुफिया जानकारी की सहायता से टीम ने 18 नवंबर को 10:15 बजे आरोपियों को पकड़ लिया तथा उनकी तलाशी ली, जिसमें तीनों आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, एक चाकू तथा ऑटो रिक्शा बरामद हुआ।

# ध्वस्तीकरण कार्य फिर शुरू



संगारेड्डी, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विभिन्न पक्षों की कड़ी आलोचना और मकान मालिकों के विरोध के बावजूद, हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) ने सोमवार सुबह अमीनपुर नगरपालिका में वंदनापुरी कॉलोनी के सर्वे नंबर 848 में फिर से मकानों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया। हाइड्रा अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य सड़क पर अतिक्रमण करके किया गया था। इस तोड़फोड़ से आस-पास के इलाकों के लोगों में भी तनाव पैदा हो गया, क्योंकि उन्हें अपने घरों के भविष्य को लेकर चिंता थी।

# मंदिर के पास विस्फोट से दहशत



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मैलारदेवपल्ली के लक्ष्मीगुडा में परजा पाठी मंदिर के पास विस्फोट के बाद कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। यह घटना सुबह करीब 11 बजे उस समय घटी जब एक व्यक्ति मंदिर के बाहर फुटपाथ पर जंगली वनस्पति साफ कर रहा था। विस्फोट के कारण व्यक्ति घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विस्फोट के तुरंत बाद मैलारदेवपल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस तथा बम निरोधक दस्ते को बुलाया। दोनों टीमें उस स्थान की जांच कर रही हैं जहां विस्फोट हुआ था।

## उप्पल मेडिकल स्टोर में आग से लाखों की संपत्ति जलकर राख

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार रात उप्पल में एक मेडिकल स्टोर में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, उप्पल के शांतिनगर स्थित दीपिका मेडिकल स्टोर में आधी रात के आसपास शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों को सूचित किया, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। स्थानीय पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और आग बुझाने के अभियान के दौरान कुछ निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। जांच जारी है।

# पूर्व तेलंगाना डिजिटल मीडिया निदेशक दिलीप कोनाथम हैदराबाद में गिरफ्तार



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के पूर्व डिजिटल मीडिया निदेशक और सोशल मीडिया कार्यकर्ता दिलीप कोनाथम को सोमवार को हैदराबाद साइबर अपराध पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गिरफ्तारी का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन दिलीप को इस वर्ष सितंबर में जैनूर में हुई झड़पों के वीडियो लिंक को दोबारा पोस्ट करने के एक पिछले मामले के संबंध में सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि, साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पहुंचने पर पुलिस ने बताया कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और मेडिकल जांच के लिए उस्मानिया अस्पताल ले जाया गया तथा बाद में रिमांड के लिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

सोमवार को अपनी गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले दिलीप ने एक्स पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें वह शेर की मूर्ति के बगल में खड़े हैं और कह रहे हैं कि सिर पर कफन बांधने वाले, मुंह से नहीं डरते। गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने कहा कि दिलीप को कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार लोकतंत्र की चैंपियन होने का दावा करते हुए तेलंगाना में तानाशाही शासन और निजाम के संविधान को लागू कर रही है।

उन्होंने कहा कि आप कब तक लोकतंत्र को कमजोर करने की योजना बनाते रहेंगे और इन अवैध गिरफ्तारियों के साथ जीवित रहेंगे? लोकतंत्र के प्रेमियों के रूप में, हम लोकतांत्रिक तरीके से आपसे लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बीआरएस को ऐसी अवैध गिरफ्तारियों और खोखली धमकियों से डराया नहीं जा सकता। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ बीआरएस नेता टी हरीश राव ने भी दिलीप की गिरफ्तारी की निंदा की और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। उन्होंने कांग्रेस सरकार को बदले की राजनीति बंद करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि यह सरकार लोगों की सरकार होने का दावा करती है, लेकिन अलोकतांत्रिक तरीके से काम कर रही है। यह शर्म की बात है कि इस सरकार ने उन लोगों को परेशान करना चुना जो इस पर सवाल उठा रहे हैं। दिलीप को इस साल 6 सितंबर को साइबर क्राइम पुलिस ने हिरासत में लिया था, कथित तौर पर कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के जैनूर में दो समुदायों के बीच कथित बलात्कार और हत्या के प्रयास से जुड़े संघर्ष से जुड़े एक वीडियो को फिर से पोस्ट करने के लिए। पुलिस ने वीडियो और तस्वीरें प्रसारित करने के लिए उनके खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया, लेकिन बाद में 12 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद उन्हें रिहा कर दिया। उन्हें जब भी बुलाया जाए पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया।

## एमएलसी मधुसूदन ने की दिलीप की गिरफ्तारी की निंदा

खम्मम, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस जिलाध्यक्ष, एमएलसी तथा मधुसूदन ने सोमवार को हैदराबाद साइबर अपराध पुलिस द्वारा तेलंगाना के पूर्व डिजिटल मीडिया निदेशक और सोशल मीडिया कार्यकर्ता कोनाथम दिलीप की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की। यहां एक बयान में एमएलसी ने कहा कि यह अलोकतांत्रिक है कि तेलंगाना कार्यकर्ता दिलीप, जो अदालत के आदेश के अनुसार पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस स्टेशन आए थे, को पुलिस ने अवैध रूप से गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने कहा कि अदालती आदेशों की अवहेलना करना भी कानून का उल्लंघन है। कांग्रेस सरकार, जो जनता की सरकार होने का दावा करती है, उन लोगों को परेशान कर रही है जो चुनावी वादों को लागू करने में उसकी विफलता पर सवाल उठा रहे हैं। मधुसूदन ने आरोप लगाया कि कानून का उल्लंघन करने वाले कुछ पुलिस अधिकारियों पर भविष्य में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मांग की कि पुलिस को दिलीप को बिना शर्त रिहा करना चाहिए।

# लागाचेरला पीड़ितों ने पुलिस पर लगाया अत्याचार का आरोप

### दिल्ली में एनएचआरसी से न्याय की लगाई गुहार



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लागाचेरला के पीड़ित परिवारों ने बीआरएस नेताओं के साथ सोमवार को दिल्ली में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से संपर्क किया और जबरन भूमि अधिग्रहण और पुलिस अत्याचारों के खिलाफ हस्तक्षेप की मांग की। पीड़ितों ने कहा कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार एक फार्मा कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए जबरन उनकी जमीनें ले रही है और उन्होंने अपने गांव में पुलिस की ज्यादतियों की भयावहता का विवरण दिया।

गिरफ्तार किसानों के परिवारों ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वे पिछले नौ महीनों से अपनी भूमि अधिग्रहण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन न तो स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि और न ही अधिकारी उनकी समस्याएं सुनने को तैयार हैं। एक किसान ने बताया कि जिला कलेक्टर हाल ही में बिना पुलिस सुरक्षा के हमारे गांव आए थे। कुछ युवाओं ने, जो उनकी पहचान से अनजान थे, अपनी ज़मीनों को ख़तरे में देखकर उन पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद गांव में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि उस रात 500 पुलिसकर्मी गांव में घुस आए, बिजली और इंटरनेट कनेक्टिविटी काट दी और परिवारों पर हमला किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन्हें गाली देने के अलावा बेरहमी से पीटा। एक अन्य पीड़ित ने कहा कि सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और जो बच गए हैं वे छिपे हुए हैं। हमें अपने बच्चों का ठिकाना भी नहीं पता और हम उनके बारे में चिंतित हैं क्योंकि पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार करने की धमकी दे रही है।

पूर्व मंत्री और बीआरएस एमएलसी सत्यवती राठौड़ ने कथित अत्याचारों की निंदा करते हुए कहा कि अंधेरे की आड़ में महिलाओं पर हमला किया गया। सरकार ने 52 किसानों के खिलाफ अवैध मामले दर्ज किए हैं। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी के भाई तिरुपति रेड्डी जबरन उनकी जमीनें छीनने की धमकी दे रहे हैं। पूर्व सांसद मलोथ कविता ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह फार्मा सिटी परियोजना के लिए पहले से ही अधिग्रहित प्रचुर भूमि के बावजूद जनजातीय भूमि को निशाना बना रही है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी वोटों से जीतने वाली यह कांग्रेस सरकार अब उन्हीं लोगों को परेशान कर रही है, जिन्होंने इसका समर्थन किया था। बीआरएस नेताओं ने इस मुद्दे को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और सोमवार को बाद में एससी, एसटी और महिलाओं के लिए राष्ट्रीय आयोगों से संपर्क करने का कार्यक्रम है। सत्यवती राठौड़ ने कहा कि हम राष्ट्रपति से भी संपर्क करना चाहेंगे, जो स्वयं एक आदिवासी समुदाय से हैं, और न्याय की मांग करेंगे।

## लापता 17 वर्षीय लड़की मृत मिली, जांच जारी

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इस महीने की शुरूआत में लापता हुई 17 वर्षीय लड़की तुक्कुगुडा के बाहरी इलाके में एक प्लास्टिक फैक्ट्री के पास मृत पाई गई। पीड़िता की पहचान टेक अंजैह नगर, मियापुर निवासी ऐश्वर्या के रूप में हुई है, जो 8 नवंबर से लापता थी। रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता इंस्टाग्राम के ज़रिए उप्पुगुडा के एक युवक से परिचित हुई थी। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि पहले उसके साथ बलात्कार किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीमों को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारी संदिग्ध परिचित के बारे में सुराग के लिए सोशल मीडिया इंटरैक्शन की भी जांच कर रहे हैं।

## पारिवारिक विवाद के चलते गर्भवती महिला की हत्या

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बालापुर में पारिवारिक मुद्दों को लेकर पति ने 19 वर्षीय गर्भवती महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। पीड़िता की पहचान रोजिना बेगम के रूप में हुई है, जिसकी शादी आरोपी जाहेद हुसैन से सात महीने पहले हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, दंपति के बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों पर बहस होती थी और आरोपी और उसकी मां कथित तौर पर पीड़िता को परेशान करते थे और उसके साथ मारपीट करते थे। तीन दिन पहले, आरोपी ने कथित तौर पर सोते समय रस्सी से उसका गला घोंट दिया। पीड़िता की मां ने हमले को देख लिया, जिससे आरोपी भाग गया। तीन महीने की गर्भवती पीड़िता को एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन रविवार को उसकी मौत हो गई। मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी फिलहाल पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में है।

## कांग्रेस कार्यकर्ता नेतृत्व और सरकार से परेशान : टीपीसीसी अध्यक्ष



संगारेड्डी, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ ने सोमवार को एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार और कांग्रेस नेतृत्व से खुश नहीं हैं। चाहे जो भी कारण हो, उन्होंने कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं में निराशा देखी है। संगारेड्डी शहर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, टीपीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं को नेतृत्व के प्रति अपनी निराशा व्यक्त करने का पूरा अधिकार है, जो केवल पार्टी कार्यकर्ताओं के कारण ही वहां हैं।

उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस कार्यकर्ता नाराज हो गए तो विधायक और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि भी अपने पद खो देंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही उनके मुद्दों को हल करने के प्रयास किए जाएंगे ताकि उन्हें संतुष्ट किया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीत सिर्फ सेमीफाइनल है और उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने तक एकजुट रहने का आह्वान किया। कांग्रेस के नेताओं को पार्टी के भीतर स्वतंत्रता का आनंद मिलता है, इस पर बात करते हुए गौड़ ने कहा कि जब उन्होंने मतभेदों को सुलझाने की जिम्मेदारी ली थी, तब कांग्रेस के नेता विभिन्न मुद्दों पर एक-दूसरे की आलोचना करते थे।

## मंचेरियल में सिविल सेवा परीक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मंचेरियल, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्लेट एक्सीलेंस स्कूल द्वारा सोमवार को जन्नाराम मंडल केंद्र में सिविल सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र की सेवा की संभावनाओं के बारे में कक्षा 6 से 9 तक के छात्रों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रख्यात विद्वान और शिक्षाविद्, नरोजू शंकर चारी ने सिविल सेवा में आकांक्षा रखने और उसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने की यात्रा के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अनुशासन, निरंतर प्रयास और सार्वजनिक सेवा के प्रति जुनून दिखाकर सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने प्रारंभिक तैयारी, रणनीतिक योजना और विकास की मानसिकता अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान चारी ने छात्रों की शंकाओं का समाधान किया। स्लेट ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन एनुगु श्रीकांत रेड्डी ने भविष्य के जिम्मेदार और दूरदर्शी नेताओं को तैयार करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने छात्रों से बड़े सपने देखने और समाज में सार्थक योगदान देने को कहा। प्रधानाचार्य शिरीन खान और श्याम लाल भी उपस्थित थे।

## भेल फैक्ट्री क्षेत्र में मौसम का सबसे कम तापमान

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में मौसम के हल्के-फुल्के मिजाज के बाद सर्दी ने फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, क्योंकि तापमान में काफी गिरावट आई है। शहर में सोमवार को औसत न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य 17.6 डिग्री सेल्सियस से थोड़ा कम है। शहर के कई इलाकों में ठंड का प्रकोप रहा और भेल फैक्ट्री क्षेत्र में सबसे कम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य उल्लेखनीय न्यूनतम तापमानों में राजेंद्रनगर (13.5 डिग्री सेल्सियस), कुथबुल्लापुर (14.4 डिग्री सेल्सियस), शिवरामपल्ले (14.9 डिग्री सेल्सियस), बंदलागुडा (14.5 डिग्री सेल्सियस), माचा बोल्लारम (15 डिग्री सेल्सियस), वेस्ट मरेडपल्ली (15.3 डिग्री सेल्सियस), जीडिमेटला (15.5 डिग्री सेल्सियस) और पाटनचेरुवु (15.5 डिग्री सेल्सियस) शामिल हैं। पड़ोसी जिलों में भी तापमान में भारी गिरावट देखी गई, कामारेड्डी के जहीराबाद और बीबीपेट में न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस क्षेत्र में सबसे कम था।

जन्मदिन की शुभकामनाएं



टी. दानवी
माता : टी.पिंकी बाई
पिता : टी. किशोर सिंह

पूर्व तट रेलवे

निविदा सं. GOODSSHED_VNCW-CHE-CPP

कार्य का नाम: (1) वाल्टियर मण्डल के विशाखपट्टणम न्यु गुड्स कॉम्प्लेक्स (VNCW), श्रीकाकुलम रोड (CHE) एवं चिपुरुपल्लि (CPP) के गुड्स शेड में गुड्स शेड सुविधाओं के सुधार से संबंधित कार्य का सिग्नल एवं टेलीकॉम अंश। (2) वाल्टियर मण्डल के कंटकापल्लि (KPL) गुड्स शेड के उन्नयन से संबंधित कार्य का सिग्नल एवं टेलीकॉम अंश।

विज्ञापित मूल्य (रुपये में): 35,36,142.20, EMD (रुपये में): 70,700/-, पूरा होने की अवधि: 12 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक 20.11.2024, निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 04.12.2024 को 1500 बजे।

ऐसी निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

डिवीजनल सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर(टेलीकॉम)/ वाल्टियर

PR-730/P/23-24

# झांसी अग्निकांड : जांच पर जांच-नहीं आई किसी पर आंच

## अब तक नहीं हुई एफआईआर, 12 नवजातों की मौत का जिम्मेदार कौन?




झांसी, 18 नवंबर (एजेंसियां)। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में अग्निकांड की घटना के 48 घंटे बाद भी कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। इसके अलावा घटना को लेकर अस्पताल के किसी कर्मचारी की जवाबदेही भी तय नहीं की गई। जबकि घटना की एक जांच पूरी हो चुकी है। अन्य जांचें जारी हैं। मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में शुक्रवार की रात भीषण आग लग गई थी। घटना में 10 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक नवजात ने रविवार को दम तोड़ दिया। जबकि एक और नवजात ने सोमवार को दम तोड़ दिया। 12 नवजात की मौत हो चुकी है। इस घटना की मंडलायुक्त द्वारा जांच पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। जबकि, स्वास्थ्य चिकित्सा महानिदेशक की अगुवाई में एक उच्चस्तरीय टीम सोमवार को यहां आकर जांच शुरू करेगी। लेकिन, इन सब के बीच अब तक घटना का मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है।

**अब तक जवाबदेही तय नहीं**

इसके अलावा घटना को लेकर मेडिकल के किसी कर्मचारी, अधिकारी व अन्य किसी की अब तक जवाबदेही तय नहीं की गई है। यह स्थिति तब है, जब यह मामला लखनऊ से लेकर दिल्ली तक में गूंज रहा है और विपक्षी दल इसे मुद्दा बनाए हुए हैं। नवजातों की मौत को लेकर विपक्षी दल लगातार सरकार को घेर रहे हैं।

**फायर ऑडिट में मिली थीं खामियां**

मेडिकल कॉलेज में आग से बचाव के समुचित इंतजाम नहीं थे, इसकी पुष्टि फरवरी में हुई फायर ऑडिट रिपोर्ट में हुई है। इन कमियों को दूर करने के लिए कॉलेज प्रशासन ने शासन को एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा था। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद बताया था कि फरवरी में मेडिकल कॉलेज की फायर ऑडिट हुई और जून में मॉक ड्रिल कराया गया था। वहीं, कॉलेज के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि फरवरी में हुई ऑडिट रिपोर्ट में काफी खामियां मिली थीं जिसमें एसएनसीयू भी शामिल था। खामियों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए भी कहा गया। प्राचार्य डॉ. एनएस सेंगर का कहना है कि फायर ऑडिट में मिली खामियों को दूर करने के लिए शासन को एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया था।

मिले 46 लाख रुपये से बिजली की खामियों को दूर कराया। जून में 126 फायर इस्टिंग्युशर रीफिल कराए हैं। 18 बेड के एसएनसीयू वार्ड में 49 बच्चे भर्ती थे। इसकी वजह से लगातार जीवनरक्षक उपकरण चल रहे थे। ओवरलोडिंग से स्पार्किंग हुई और आग लगी। इसका जिम्मेदार कौन है। नवजात बच्चों की संख्या ज्यादा थी, उनके लिए रखे ऑक्सीजन सिलिंडर भी अधिक रखे थे। इससे भी आग बढ़ी। लगातार चल रहे उपकरणों को 3 से 4 घंटे बाद बंद करना था। यह प्रक्रिया भी नहीं की गई, जिससे प्लग पॉइंट गर्म हुए। इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है।

जल गए दो करोड़ के जीवनरक्षक उपकरण झांसी मेडिकल कॉलेज की एसएनसीयू में लगी आग से करीब दो करोड़ रुपये के जीवनरक्षक उपकरण जल गए हैं। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के अनुसार एसएनसीयू में नवजात शिशुओं की हालत ज्यादा खराब होने पर ही भर्ती किया जाता है। प्राचार्य डॉ. एनएस सेंगर ने बताया कि वार्ड में बच्चों के उपचार के लिए उच्च गुणवत्ता के आठ वेंटिलेटर, बबल, सी-पैप, एचएफएनसी (हाईफ्लो नैच्युरल कैंडुला) मशीन, एचएफओ, 18 क्रेडल आदि मशीनें थीं जिनकी कीमत दो करोड़ रुपये से ज्यादा है।

## एक और नवजात की मौत, संख्या बढ़कर 12 हुई जांच के लिए पहुंची शासन की टीम

झांसी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। झांसी महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में लगी आग के मामले में एक और नवजात ने दम तोड़ दिया है। अब अग्निकांड में मृत नवजातों की संख्या 12 हो गई है। उधर, घटना की जांच के लिए शासन की टीम भी पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार, झांसी महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा केंद्र (एसएनसीयू) में शुक्रवार की रात तकरीबन 11 बजे भीषण आग लग गई थी, जिसमें 10 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि, एक बच्चे ने रविवार को दम तोड़ दिया था।

# कानपुर में रवि किशन का रोड शो

## बोले-ऐतिहासिक माहौल है; एक-एक हिंदू वोट देगा, अयोध्या की हार का बदला लेगा



कानपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में 20 नवंबर को नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव है। इसमें कानपुर की सीसामऊ पर भी वोटिंग होनी है। आज शाम से चुनाव प्रचार थम जाएगा। गोरखपुर से बीजेपी के सांसद रविकिशन पार्टी प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के चुनाव में प्रचार के लिए सीसामऊ पहुंचे। यहां उन्होंने अपने पार्टी के प्रत्याशी के लिए वाहन जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने विपक्ष और सीसामऊ के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी पर हमला बोला। गोरखपर सांसद रवि किशन ने कहा, 'सीसामऊ की जनता जो झेल रही है वह बहुत खराब है। अब सारा हिंदू जाग उठा है, एक एक हिंदू घर निकलकर वोट करेगा। अयोध्या में जो छल के साथ हमारी हार हुई है इसका बदला लेगा। सीसामऊ का जो विधायक है वह क्यों जेल में है यह सब आप जानते हो। जमीन हड़पना ये सब उनका काम है। सीसामऊ की जनता के लिए यह मौका बहुत शानदार है। हिंदू बनकर वोट करना है, क्योंकि जब भी आप बंटे हो तब कटे हो। एक रहोगे-नेक रहोगे।'सीसामऊ से बीजेपी ने सुरेश अवस्थी का अपना प्रत्याशी बनाया है। रवि किशन ने रोड शो किया।

# कानपुर में डिंपल का रोड शो

## अजान होने पर थमा : इरफान सोलंकी का फेस मास्क पहनकर समर्थक नजर आए



कानपुर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। कानपुर में आज सियासी पारा चढ़ा हुआ है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सपा सांसद डिंपल यादव का रोड शो हो रहा है। 2 घंटे के रोड शो में शामिल होने के लिए सपा समर्थक इरफान सोलंकी के फेस मास्क पहनकर पहुंचे हैं। पार्टी प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में रोड शो कर रही हैं। इसी दरम्यान अजान होने पर कुछ देर के लिए डिंपल ने रोड शो को ही रोक दिया। अजान खत्म होने के बाद एक बार फिर रोड शो शुरू हो गया है। बता दें कि इस रोड शो में अखिलेश यादव को भी शामिल होना था, मगर ऐन वक्त पर उनका प्रोग्राम कैंसिल हो गया। अखिलेश मीरापुर में चुनाव कैंपेन कर रहे हैं। सांसद डिंपल यादव का रोड शो एक किमी लंबा है। वह प्रचार का समय थमने के पहले तक रोड शो करती रहीं।

# मंडप से लौटी दुल्हन-अफसर दूल्हा लापता

**फेसबुक पोस्ट देख मुंबई में बैठी आईईएस की गर्लफ्रेंड ने किया कॉल; बोली-ये मेरा पति है**

लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। लखनऊ में शादी के दौरान मुंबई से एक ऐसा फोन आया कि आईईएस अधिकारी दूल्हा लापता हो गया। दुल्हन भी मंडप छोड़कर घर चली गई। पूरी बारात सजी की सजी रह गई। घराती-बराती जब मामले को समझे तो हंगामा शुरू हो गया। हंगामा बढ़ता देख लड़की वालों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। आईईएस अधिकारी की शादी रविवार को शहीद पथ स्थित एक होटल में हो रही थी। दुल्हन रिटायर्ड रेलवे अधिकारी की बेटी है। 17 नवंबर को होने वाली शादी से एक दिन पहले शनिवार को तिलक समारोह हुआ। समारोह की तस्वीरें फेसबुक पर पोस्ट हुई तो मुंबई में बैठी आईईएस अधिकारी की गर्लफ्रेंड देख ली। उसने लड़के को फोन की। सच्चाई बताने की जगह लड़का पहले झूठ बोला कि वह मुंबई में है। लेकिन गर्लफ्रेंड की जिद पर उसने लाइव लोकेशन भेजा। जब पता चला कि वह लखनऊ के एक होटल में है तो गर्लफ्रेंड ने हंगामा शुरू कर दिया।

# कुएं में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत

मुंगेर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मुंगेर जिले के तारापुर थानाक्षेत्र के बिहमा पंचायत के माहपुर गांव में सोमवार को कुएं में डूबने से ममेरे-फुफेरे भाई-बहन की दर्दनाक मौत हो गई।

मृतकों की पहचान माहपुर गांव निवासी मनीष देव के सात वर्षीय बेटे ऋषि राज और असरगंज थानाक्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी राकेश कुमार की पांच वर्षीय बेटे वैष्णवी सिंह के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक, दोनों बच्चे सोमवार को खेलने के लिए घर से बाहर निकले थे।

# बहराइच हिंसा : आरोपियों के घर बुलडोजर कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक

## सरकार ने दाखिल किया जवाब




लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी में बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई हिंसा के बाद जारी ध्वस्तीकरण नोटिसों पर हाईकोर्ट ने राहत दी है। जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अगली सुनवाई 27 नवंबर को नियत की है। मामले में राज्य सरकार ने कोर्ट से मांगा गया जवाब दाखिल कर दिया है। याची ने इसका प्रतिउत्तर भी पेश कर दिया है। सुनवाई के समय याची का प्रति उत्तर रिकार्ड (फाइल) पर नहीं था। इस पर कोर्ट ने अपने दफ्तर को इसे रिकार्ड पर रखने का आदेश दिया। हालांकि, मामले में कोर्ट ने अभी कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया है। फिलहाल ध्वस्तीकरण नोटिस मामले में 27 नवंबर तक कथित अतिक्रमणकर्ताओं को राहत रहेगी। इससे पहले छह नवंबर को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को मौखिक निर्देश दिया था। सरकार फिलहाल ऐसी कोई कारवाई न करे, जो कानून सम्मत न हो। उधर, सरकारी वकीलों ने भी कानून सम्मत करवाई करने का आश्वासन दिया। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को चार बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने और याची को इन पर आपत्तियां दाखिल करने का समय दिया था।

**ध्वस्तीकरण नोटिसों को चुनौती दी गई**

मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स संस्था की जनहित याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। याचिका में कथित अतिक्रमणकर्ताओं को बीते 17 अक्तूबर को जारी ध्वस्तीकरण नोटिसों को चुनौती देकर इन्हे रद्द करने के निर्देश देने का आग्रह किया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि क्या नोटिसें जारी करने से पहले वहां कोई सर्वे किया गया था या नहीं?

**कई सवालों पर बना संशय**

क्या जिन्हें नोटिसें जारी हुईं वे लोग निर्मित परिसरों के स्वामी हैं या नहीं? नोटिस जारीकर्ता प्राधिकारी इन्हें जारी करने को सक्षम था या नहीं। इन बिंदुओं के अलावा कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा था कि महराजगंज बाजार की जिस सड़क पर बने निर्माणों को ढहाने की नोटिस जारी हुईं, क्या पूरा निर्माण या उसका कोई हिस्सा अवैध निर्माण था या नहीं? राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद शाही मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ पेश हुए और कोर्ट को वांछित जानकारी दी।

## गाजियाबाद में सनसनीखेज वारदात

# युवक ने किया भाभी और तीन माह की भतीजी का कत्ल

गाजियाबाद, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में सनसनीखेज वारदात हुई है। एक युवक ने अपनी भाभी और मासूम भतीजी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के थाना वेवसटी इलाके के गांव बम्हेटा में मां और उसकी तीन माह की बेटी की गला घोंटकर हत्या की गई है। मृतक महिला के पति ने हत्या का आरोप अपने छोटे भाई पर लगाया है। बम्हेटा गांव की रहने वाली परवीन (30) पत्नी बुरहान अपनी तीन माह की बेटी को गोद में लेकर घर के आंगन में बैठी थी। आरोप है कि महिला का देवर घर में आया और किसी बात को लेकर उसकी भाभी परवीन में कहासुनी हो गई। वेब सिटी थाना प्रभारी ने बताया कि कहासुनी के दौरान आरोपी देवर ने दुपट्टे से परवीन का गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने तीन माह की भतीजी की भी उसी दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। फरार आरोपी जीशान (24) ने अपनी भाभी परवीन और तीन माह की भतीजी आफिया की हत्या क्यों की। इसका पता किया जा रहा है। आरोपी का बड़ा भाई बुरहान काम पर गया हुआ था।

# शादी में संग्राम : बाराती-घराती आपस में भिड़े

## दूल्हा तक स्टेज से कूदकर करने लगा मारपीट, महिलाओं ने नोचे एक-दूसरे के बाल

लखनऊ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। लखनऊ के मोहनलालगंज में एक शादी समारोह में बवाल हो गया. नौबत मारपीट की आ गई. देखते ही देखते वर और वधू पक्ष के लोग आपस में एक दूसरे पर टूट पड़े. शादी में भगदड़ मच गई. दूल्हा स्टेज से कूद पड़ा. हैरानी की बात ये रही कि इस मारपीट में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं. विवाद का कारण बरातियों का नशे में होना बताया जा रहा है.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मोहनलालगंज निवासी किसान सुखलाल की बेटी आरती की शादी उन्नाव जिले में रहने वाले कमलेश से तय हुई थी. बारात के आने के बाद सब लोग जयमाल का इंतजार कर रहे थे. इस बीच जनवासे (जहां बारात को ठहराया जाता है) में मौजूद कुछ बाराती नशे में हो गए. उन्होंने नाश्ते को लेकर घरातियों पर गलत टिप्पणी कर दी. जिसके चलते कहासुनी हो गई. हालांकि, मामला बढ़ता देख बुजुर्ग लोगों ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत करवाया. कार्यक्रम आगे बढ़ा. लेकिन जब जयमाल शुरू हुआ तो स्टेज पर पहुंचते ही फिर से दोनों पक्षों में तकरार शुरू हो गई. कुछ ही देर में ये तकरार संघर्ष में बदल गई. स्टेज पर ही मारपीट हो गई.

**मारपीट में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं**

लड़की पक्ष के कुछ लोगों ने जब देखा कि बाराती जमकर मारपीट कर रहे हैं तो वे भी इस बवाल में कूद पड़े. थोड़ी ही देर में जयमाल का स्टेज जंग का अखाड़ा बन गया. इस बीच गुस्साए दूल्हे ने वरमाला को तोड़कर फेंक दिया. वह भी स्टेज से कूद कर मारपीट करने लगा. इस दौरान दुल्हन स्टेज से गिर गई। स्टेज के नीचे पुरुषों के साथ महिलाएं भी इस मारपीट में शामिल हो गईं. महिलाएं एक-दूसरे के बाल नोच कर मारपीट करने लगी. समारोह में कुर्सियां फेंकी जाने लगी. आरोप है कि दौरान दोनों पक्षों को समझने की कोशिश की गई लेकिन कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं हुआ. इस बीच दूल्हे के बड़े भाई की कार का शीशा भी तोड़ दिया गया। दावा किया जा रहा है कि बाराती शराब के नशे में थे, जिससे झगड़ा हुआ है. मारपीट में दोनों पक्षों के लोग शामिल थे. लड़की पक्ष के अनुसार, शादी तय होने के बाद दूल्हे ने कार की मांग रखी थी. ये मांग पूरा न कर पाने पर 2 लाख कीमत की बाइक देना तय हुआ.

फ्रिज से लेकर टीवी तक सामान दे रहे थे. लेकिन बवाल के बाद सब धरा का धरा रह गया. मामले में डीसीपी साउथ जोन केशव कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है. दोनों पक्षों को आमने-सामने बुलाया गया है. लेकिन वे समझौते के लिए राजी नहीं हैं. फिलहाल, जो भी तहरीर देगा उसके तहत एक्शन लिया जाएगा।

# पप्पू यादव को फिर मिली धमकी

पूर्णिया, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही है। इस बार उन्हें ये धमकी व्हाट्सएप कॉल और टेक्स्ट मैसेज से मिला है। कहा जा रहा है कि यह धमकी पाकिस्तान से आया है। साथ ही एक दूसरे नंबर से भी उन्हें धमकी भरे मैसेज मिले हैं। खुद को गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए धमकी देने वाले ने 9 सेकेंड का एक धमकी से भरा वीडियो भी जारी किया है। योर फ्यूचर लिखे इस वीडियो के जरिए पूर्णिया सांसद को धमाके में उड़ा देने की धमकी दी है।

# ट्रक ने रौंदा, चाचा और 2 भतीजियों की मौत

मेरठ, 19 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के मेरठ में ट्रक ने बाइक सवार एक परिवार के तीन लोगों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. मृतकों की पहचान उपासना (18), मनीषा (22) और सुनील कश्यप (45) के रूप में हुई है, ये सभी सरधना कस्बे के रतनगढ़ी गांव के रहने वाले थे। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना मेरठ के करनावल गेट के पास हुई, जहां गन्ने से लदी एक ट्रॉली खराब हो गई थी और सड़क किनारे खड़ी थी. बाइक सवार ट्रॉली से बचने की कोशिश में नियंत्रण खो बैठा और ट्रॉली से जा टकराया. जब वे गिरे, तो पीछे से आ रहा एक ट्रक उनके ऊपर चढ़ गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कई घंटों तक सड़क जाम रखी. प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर भारी जाम लग गया. काफी देर तक पुलिस ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश रही. फिलहाल, पुलिस घटना के बाद फरार हुए ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

# अफ्रीका और खाड़ी देशों में भेजते थे बंगाल से आया मांस

## कोल्ड स्टोर के अन्य चैंबर में रखा जाता था ये सामान




ग्रेटरनोएडा, 19 नवंबर (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के कोल्ड स्टोरेज से अफ्रीका महाद्वीप के साथ खाड़ी देशों में मांस भेजा जाता है। पैकिंग में जो मांस मिला है, उस पर हूर परी लिखा है। कोल्ड स्टोरेज करीब पांच से छह एकड़ में फैला है जिसमें खाद्य सामग्रियों को रखने के लिए करीब सात चैंबर बने हैं। अलग-अलग चैंबर में मक्खन, दूध, फल, सब्जी, आदि सामान रखा है। मांस मिलने के बाद पुलिस की ओर से कोल्ड स्टोरेज के लाइसेंस को रद्द करने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया है। पुलिस जांच में पता चला कि खुर्शिदुन नबी ने कोल्ड स्टोरेज में चैंबर किराये पर लिया है। वह प. बंगाल के अलग-अलग जिलों से मांस मंगाता था। पकड़े जाने के बाद आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बंगाल सहित अलग-अलग राज्यों से भैंस का पैकिंग मांस मंगाता है। उसे अफ्रीका महादीप के देश कांगो, नाइजीरिया, सूडान, मोरक्को, युगांडा, सोमालिया आदि देशों में भेजा जाता था। इसके अलावा खाड़ी देश बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में मांस भेजने की बात सामने आई है। जांच में पता चला है कि आरोपी खुर्शिदुन नबी करीब एक साल से कोल्ड स्टोरेज किराये पर लेकर मांस एक्सपोर्ट का काम कर रहा था। बंगाल से यह मांस रेफ्रिजरेटर ट्रक में लाया जाता था। उसके बाद ट्रेन फिर हवाई व समुद्री मार्ग से इसे विदेश भेजा जाता था। जानकारी के अनुसार, दादरी कोतवाली इलाके में एक कंटेनर और कोल्ड स्टोरेज से मांस की तस्करी के आरोप में पुलिस ने रविवार को मालिक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया। कोल्ड स्टोरेज को सील कर कंटेनर में मिले 185 टन मांस को नष्ट कराया गया। इसकी कीमत चार करोड़ रुपये बताई गई है। नौ नवंबर को लुहारली टोल पर पश्चिम बंगाल से आ रहे ट्रक को गोरक्षकों ने रोककर उसमें मांस होने की सूचना दी थी।


# महाकुंभ में होगा अद्भुत और लुप्त प्राय पक्षियों का भी संगम

## वाइल्ड लाइफ की टीम निगरानी में जुटी

प्रयागराज, 19 नवंबर (एजेंसियां)। अद्भुत महाकुंभ का साक्षी बनने लुप्त प्राय इंडियन स्कीमर का 150 जोड़ा यहां आ चुका है। संगम की रेती पर रंग बिरंगे इन मेहमानों की कलरव गंगा मइया की कल कल से मिलकर अलौकिक राग छेड़ रही है। इसी बर्ड साउंड थेरेपी के लिए देश विदेश से लोग आने लगे हैं। अभी दुनिया में सबसे तेज उड़ान वाले पेरेग्रीन फाल्कन का भी इंतजार किया जा रहा है। जापान और चीन की बुलेट ट्रेन से तेज रफ्तार वाला यह पक्षी 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार में हवा से बातें करता है। संगम क्षेत्र में यह अलौकिक दृश्य प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों को बढ़ावा दे रहा है। वन विभाग भी इस अवसर को महाकुंभ से पूर् बर्ड फेस्टिवल आयोजित कर सेलिब्रेट करने जा रहा है।

**वाइल्ड लाइफ की टीम कर रही निगरानी**

प्रयागराज में वन विभाग के आईटी हेड आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि महाकुंभ से पहले ही बड़ी संख्या में अप्रवासी पक्षी प्रयागराज आ रहे हैं। इनके साथ लुप्तप्राय इंडियन स्कीमर और साइबेरियन सारस भी बड़ी संख्या में हैं। इतनी बड़ी तादात में आने वाले देशी और विदेशी पक्षियों की गणना के लिए वाइल्डलाइफ की टीम लगाई गई है



जो दिनरात इन पक्षियों की विशेष निगरानी कर रही है। वाइल्डलाइफ के सामुदायिक अधिकारी केपी उपाध्याय ने बताया कि दुनिया भर में लुप्त प्राय इंडियन स्कीमर करीब 150 से अधिक के जोड़ों में संगम किनारे आ चुकी हैं। यह प्रदूषण को रोकने में काफी हद तक मददगार होती है। यही नहीं ये पानी की शुद्धता को बढ़ाने का भी काम करती हैं।

**महाकुंभ की शोभा बढ़ा रहे उड़ते हुए विदेशी मेहमान**

महाकुंभ की शुरुआत से पहले ही इतनी बड़ी संख्या में संगम किनारे पहुंचे ये पक्षी देश-विदेश से आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। इंडियन स्कीमर फिलहाल रेत के टीले पर सुबह शाम आपको टहलते हुए आसानी से दिख जाते हैं। यहां मां गंगा के किनारे शेड्यूल वन की इंडियन स्कीमर, साइबेरियन, ब्लैक क्रेन, सारस जैसी 90 से अधिक प्रजातियों के पक्षी फिलहाल महाकुंभ के स्वागत के लिए आ गए हैं। अभी दो साल पहले प्रयागराज में पेरेग्रीन फाल्कन को भी देखा जा चुका है जिसके महाकुंभ के दौरान पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। यह दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी है, जिसकी रफ्तार जापान और चीन की बुलेट ट्रेन से भी अधिक मानी जाती है। यह 300 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी अधिक तीव्र गति से उड़ने में सक्षम है। इनके अलावा विभिन्न प्रकार के देशी और विदेशी पक्षी संगम को मुफीद मानते हुए महाकुंभ की शोभा बढ़ाने आ चुके हैं। इनमें साइबेरिया, मंगोलिया, अफगानिस्तान समेत 10 से अधिक देशों से ये विदेशी मेहमान महाकुंभ का आनंद बढ़ाने के लिए आए हैं।

**महाकुंभ तक हमारा साथ निभाएंगे साइबेरियन पक्षी**

पक्षी वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रयागराज में बड़ी संख्या में पहुंच चुके इंडियन स्कीमर बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव होते हैं। यह अपने अंडों को बचाने के लिए तरह-तरह के इंतजाम करते हैं। सबसे खास बात यह है कि ये अधिकतर तीन ही अंडे देते हैं। मादा जब अपने पंखों से अंडों को ढक कर उनकी रखवाली करती है तो नर अपने पंखों में पानी भरने जाता है।

नर जब वापस लौटता है तो अपने भीगे पंखों से अंडों को नमी देता है।

# सीएम पिनरई विजयन पर बरसी कांग्रेस और आईयूएमएल

## लेफ्ट नेता पर लगाया भाजपा-आरएसएस का साथ देने का आरोप



तिरुवनंतपुरम, 18 नवंबर (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन की तरफ से इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के सुप्रीमो पनक्कड़ सादिक अली शिहाब थंगल को लेकर दिए बयान पर कांग्रेस ने सख्त तेवर दिखाया है। इतना ही नहीं आईयूएमएल ने भी विजयन को खरी-खरी सुनाई और उन पर सांप्रदायिक ताकतों का साथ देने का आरोप लगाया है।

केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने भाजपा के पूर्व नेता संदीप वारियर के कांग्रेस में शामिल होने के बाद उनके इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के शीर्ष नेताओं से मिलने पर निशाना साधा था। एक तरफ जहां विजयन ने वारियर का नाम लिए बिना उन पर आईयूएमएल के महिमामंडन का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ उन्होंने आईयूएमएल सुप्रीमो शिहाब थंगल की भी आलोचना करते हुए कहा कि वह जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता की तरह काम कर रहे हैं। विजयन ने कहा था कि वारियर के आईयूएमएल नेताओं से मिलने की खबर ने कई साल पहले बाबरी मस्जिद के विध्वंस के तुरंत बाद इस जिले के ओट्टापलम में हुए चुनाव की यादें ताजा कर दीं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया था कि मस्जिद को आरएसएस के नेतृत्व वाले संघ परिवार ने ध्वस्त किया था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव और कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इसके लिए पूरा समर्थन दिया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन आईयूएमएल नेतृत्व उस समय राज्य में यूडीएफ सरकार में मंत्री पद खोने के डर से केरल में कांग्रेस से इस मुद्दे पर सवाल नहीं पूछ पाया। उन्होंने मौजूदा घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य की जनता इन सभी बातों को जानती है और वे अवसरवादी रुख को समझ जाएंगे।

**क्या बोले कांग्रेस और आईयूएमएल?**

विजयन के इन्हीं आरोपों का जवाब देते हुए कांग्रेस और आईयूएमएल ने कहा कि माकपा के वरिष्ठ नेता के यह बयान उनके और उनकी पार्टी के सांप्रदायिक ताकतों से करीबी रिश्तों को दिखाते हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन में शामिल आईयूएमएल ने अपने मुखपत्र चंद्रिका में संपादकीय के जरिए विजयन पर निशाना साधा। इसमें कहा गया कि केरल की जनता पी. थंगल को सांप्रदायिक सौहार्द के दूत के तौर पर देखती है और सीएम विजयन को उनकी योग्यता की समीक्षा नहीं करनी चाहिए।

पार्टी ने मुखपत्र में कहा, ऐसे समय जब संघ परिवार से जुड़ी ताकतें राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द को खत्म करना चाह रही है, तब सीएम विजयन और उनकी वाम सरकार उनके समर्थन में लगातार काम कर रही है। थ्रिसूर पूरम के दौरान आरोपी पुलिस अधिकारियों और मुनामबम में वक्फ जमीन मुद्दे पर वामदल का रवैया इसी मिलीभगत का उदाहरण है।

## दिल्ली के डॉक्टर की पिटाई

हिसार, 19 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार में एक होटल में दिल्ली से आए मेदांता हॉस्पिटल के पूर्व डॉक्टर सर्वोत्तम और उनके दोस्त की पिटाई की गई। वह बीमार दादी को देखने के लिए आए हुए थे। उनका कहना है कि रात 1 बजे वह दादी के पास जाना चाहते थे लेकिन होटल के कर्मचारियों ने गेट नहीं खोला। विरोध करने पर उनसे मारपीट की। वहीं होटल मालिक नवीन ने कहा कि डॉक्टर और उसके दोस्त ने मारपीट की। यहां तक कि उनके एक कर्मचारी को कमरे में बंद कर पीटा गया। नवीन ने पुलिस को डॉक्टर के कमरे से बरामद बीयर की 5 और एक अंग्रेजी शराब की खाली बोतल भी दिखाई। फिलहाल पुलिस ने डॉक्टर के बयान पर होटल मालिक और उसके कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होटल के भीतर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# एमबीबीएस छात्र की रैगिंग से मौत

## सीनियर्स ने तीन घंटे खड़ा रखा, बेहोश हुआ; अस्पताल में बयान देने के बाद दम तोड़ा



पाटन, 18 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के पाटन जिले में जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज के एक एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई है। कॉलेज के सीनियर स्टूडेंट्स ने रैगिंग के दौरान छात्र को 3 घंटे तक खड़ा रखा, जिसके बाद वह बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना 16 नवंबर की है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और छात्र को अस्पताल ले गई। बयान देने के बाद छात्र ने दम तोड़ दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अस्पताल के डॉ. जयेश पांचाल ने आशंका जताई कि छात्र की मौत का कारण अंदरूनी चोटें हो सकती हैं।

**सीनियर्स इंट्रोडक्शन ले रहे थे-पुलिस**

पुलिस ने बताया कि मृतक छात्र का नाम अनिल मेथानिया था। इसी साल उसने जीएमईआरएस मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में एडमिशन लिया था। वह फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। हॉस्टल में थर्ड ईयर के स्टूडेंट्स ने उसे इंट्रोडक्शन के लिए तीन घंटे तक खड़ा रखा, जिसके बाद अनिल बेहोश हो गया। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया। अनिल ने सारी बात पुलिस को बताई। बयान देने के तुरंत बाद उसकी मौत हो गई।

**मृतक के भाई ने न्याय की मांग की**

अनिल के चचेरे भाई धर्मेंद्र ने बताया कि उनका परिवार गुजरात के सुरेन्द्रनगर जिले में रहता है। एक महीने पहले ही अनिल ने धारपुर मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लिया था। कल कॉलेज से फोन आया और कहा गया कि अनिल बेहोश हो गया है, उसे हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। धर्मेंद्र ने कहा-जब हम पहुंचे, तो डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद ही हकीकत का पता चलेगा। सरकार और कॉलेज से हमें न्याय चाहिए।


**डीन बोले-सख्त कार्रवाई की जाएगी**

धारपुर मेडिकल कॉलेज के डीन हार्दिक शाह ने कहा, अनिल मेथानिया नाम का एक स्टूडेंट कल रात हॉस्टल में बेहोश हो गया। उसे इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। उसने पुलिस को बताया कि उसके साथ बहुत बुरा बर्ताव किया गया। उसे तीन घंटे तक खड़ा रखा गया। हमने परिवार और पुलिस को सूचित कर दिया है। यदि जांच में रैगिंग की बात सामने आती है तो हमारी कमेटी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करेगी।

## पाकिस्तानी डॉन भट्टी के बाद खोखर की मिथुन को धमकी

### बोला-माफी मांग वर्ना पीछा नहीं छोड़ूंगा, बर्दाश्त नहीं हो रहा





जालंधर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा नेता और बॉलीवुड एक्टर मिथुन चक्रवर्ती को फिर से पाकिस्तान से धमकी मिली है। इस बार पाकिस्तान के सबसे बड़े माफिया डॉन फारुख खोखर ने एक्टर को धमकाया है। डॉन खोखर ने मिथुन से कहा कि तुम माफी मांग लो, वर्ना मैं तुम्हारे पीछे पड़ा रहूंगा। मिथुन का बयान मुझसे बर्दाश्त नहीं हो रहा है।

27 अक्टूबर को कोलकाता में अमित शाह की मौजूदगी में एक रैली में मिथुन चक्रवर्ती ने कहा था, 'एक नेता ने कहा था कि यहां 70% मुस्लिम हैं और हिंदू यहां 30% हैं। हिंदुओं को काटकर भागीरथी में बहा देंगे। मैं कहता हूं कि हम तुम्हें काटकर भागीरथी में तो नहीं बहाएंगे, लेकिन तुम्हें तुम्हारी जमीन पर जरूर दफना देंगे।" इससे पहले फारुख खोखर के राइट हैंड शहजाद भट्टी ने मिथुन को धमकाते हुए कहा था कि वे माफी मांग लें, वरना इस बकवास के लिए पछताना पड़ सकता है। इस पर मिथुन ने कहा था कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है।

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष पर शादी से पहले रेप का केस

बालाघाट, 19 नवंबर (एजेंसियां)। बालाघाट में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपुर के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देना और जातिगत रूप में अपमानित करने का केस दर्ज किया गया है। आरोपी की सोमवार को शादी होने वाली थी। इससे पहले, रविवार रात लेडी टीचर ने महिला थाने में शिकायत की। केस दर्ज होने के बाद शादी भी कैंसिल कर दी गई है। आरोपी फरार है।शिकायत में पीड़ित ने बताया, 'साल 2008 में भूपेंद्र प्राइवेट बीएड कॉलेज में पढ़ता था। इसी दौरान दोनों की पहचान हुई थी।

# 'कांग्रेस अध्यक्ष भगवान राम का विरोध क्यों करते हैं'

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा-जीतू पटवारी को अपने बयान पर माफी मांगना चाहिए



भोपाल, 19 नवंबर (एजेंसियां)। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी द्वारा रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव पर सवाल उठाने और पर्यटन के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जर्मनी और इंग्लैंड के दौरे पर सवाल उठाने के बाद सीएम मोहन यादव ने इसका जवाब दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मुझे इस बात का दुख है कि कांग्रेस अध्यक्ष भगवान राम का विरोध क्यों करते हैं, भगवान राम का अगर नाम विदेश में लिया जाता तो उसमें बुरा क्या है? यादव ने कहा कि कांग्रेस विकास और निवेश का विरोध करती है, इस कृत्य के लिए उसे माफी मांगनी चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर रविवार रात को कहा कि पटवारी को इस तरह के बयान पर माफी मांगना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का दुख है कि कांग्रेस अध्यक्ष भगवान राम का विरोध क्यों करते हैं, भगवान राम का अगर नाम विदेश में लिया जाता तो उसमें बुरा क्या है? यह वही लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में भगवान राम के जन्म स्थान का भी विरोध किया था, मंदिर का विरोध किया था।

**भगवान राम के बारे में ऐसी बात करना दुर्भाग्य की बात**

यादव ने कहा कि ये अपनी अतीत से माफी मांगें, जब सुप्रीम कोर्ट ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया तो भगवान राम के बारे में ऐसी बात करना बड़ी दुर्भाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीतू पटवारी अयोध्या जाएं और उसका फोटो जारी करें। यह लोग केवल बात ही कर सकते हैं। भगवान राम के बारे में, भगवान कृष्ण के बारे में ऐसी बातें करना बड़े दुर्भाग्य की बात है। सीएम यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पहले रीजनल इंडस्ट्री कांक्लेव हमने हर संभाग पर की है। हमारी हर कांक्लेव सफल रही है। बड़े पैमाने पर उद्योग और निवेश आ रहे हैं। आईटी पार्क में इन्वेस्टमेंट आ रहा है। एमएसएमई के लिए आ रहा है, एनर्जी के लिए आ रहा है। सरकार बनने के बाद हमने तय किया कि सरकार जीडीपी बढ़ाएगी। रोजगार के लिए उद्योग बढ़ाएगी।

**विकास और निवेश का विरोध करती है कांग्रेस**

यादव ने कहा कि कांग्रेस विकास और निवेश का विरोध करती है, इस कृत्य के लिए उसे माफी मांगनी चाहिए। मैं पक्ष-विपक्ष से ऊपर उठकर कहना चाहूंगा कि प्रदेश के विकास में सभी भागीदार बनें, आगे आएं और 'विकसित मध्यप्रदेश' में अपना योगदान दें। कांग्रेस के अध्यक्ष को इस तरह के बयान के लिए माफी मांगना चाहिए।

## औरंगजेब फैन क्लब के अध्यक्ष 'उद्धव ठाकरे' को जनता ने किया खारिज : भाजपा

मुंबई, 18 नवंबर (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुंबई के बीकेसी मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए महायुति सरकार पर जमकर हमला बोला। दूसरी तरफ, उद्धव ठाकरे की सभा में खाली कुर्सियों का वीडियो पोस्ट करते हुए भाजपा ने पलटवार किया है। महाराष्ट्र भाजपा इकाई की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, उद्धव ठाकरे की सभा के मंच के पास खाली कुर्सियां।

मुंबईकरों ने औरंगजेब फैन क्लब के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को खारिज कर दिया है। दरअसल, मुंबई के बीकेसी मैदान में उद्धव ठाकरे ने रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया था कि मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) को विकसित करने का नीति आयोग का खाका बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के महत्व को कम कर मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की एक चाल है।

# शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान 6 दिसंबर को दिल्ली जाएंगे

## ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं ले जाएंगे; किसान नेता पंधेर बोले- 9 महीने से चुप हैं



जालंधर, 19 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसान 6 दिसंबर को किसान दिल्ली के लिए कूच करेंगे। चंडीगढ़ में सोमवार (18 नवंबर) को हुई किसानों की मीटिंग में फिर से दिल्ली जाने का फैसला लिया गया। बैठक में किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शंभू बॉर्डर से ही दिल्ली रवाना होंगे। पंधेर का कहना है कि 9 महीने से किसान चुप बैठे हैं, लेकिन सरकारों की ओर से हमारी उपेक्षा की जा रही है। इस कारण दिल्ली जाने का फैसला लिया है। किसान इस बार अपने साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं ले जाएंगे, लेकिन समूह में जाएंगे। पंधेर ने सरकार से मांग की कि उन्हें प्रदर्शन के लिए जगह मुहैया कराई जाए।

**जंतर-मंतर और रामलीला ग्राउंड में जगह मांगी**

किसान नेता पंधेर ने कहा है कि सरकार के पास 6 दिसंबर तक का समय है। अगर सरकार हमारी मांगें पूरी नहीं करती तो किसान पीछे नहीं हटेंगे। जत्थों के साथ दिल्ली कूच करेंगे। अगर आगे कोई रणनीति बनेगी तो मीडिया में बताएंगे। पंधेर ने कहा, 'शंभू बॉर्डर पर जहां दीवार बना दी की गई है, वहां से हम आगे बढ़ेंगे। सरकार से हमने प्रदर्शन करने के लिए जंतर-मंतर और रामलीला ग्राउंड में जगह मांगी है। हमें मौका दें, जिससे हम अपना पक्ष रख पाएं और सरकार हमें प्रदर्शन के लिए जगह मुहैया करवाए। यह अब सरकार पर है कि उन्हें किसानों पर बम फेंक कर बात खत्म करनी है या फिर बैठक के जरिए।' इस बार के दिल्ली कूच की सबसे बड़ी बात यह रहेगी कि किसानों के सभी बड़े नेता आगे होंगे। सनाव सिंह पन्नू, सुरिंदर सिंह और सुरजीत सिंह फूल जैसे बड़े नेता मोर्चे में आगे रहेंगे। साथ ही सभी जत्थों के नेता मोर्चे में सबसे आगे रहेंगे। यह ऐलान किसी एक जत्थेबंदी का नहीं, बल्कि सबकी सहमति से किया गया है।

अगर सरकार हमारे साथ किसी प्रकार का जुल्म करेगी तो पूरी दुनिया उसे देखेगी कि सरकार किसानों के लिए क्या कर रही है? इसके सिर्फ 2 ही रास्ते हैं। हमें दिल्ली जाने दिया जाए या फिर सरकार हमारी बात सुने और उसे पूरा करे। जितने भी किसान भाई जत्थों के साथ दिल्ली जाना चाहते हैं, उनके रजिस्ट्रेशन हम 30 नवंबर से शुरू कर देंगे। सभी के नाम-पते लिखकर सारा रिकॉर्ड हम अपने पास रखेंगे।'

**डल्लेवाल 26 नवंबर से भूख हड़ताल पर बैठेंगे**

इससे पहले संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल आमरण अनशन का ऐलान कर चुके हैं। वह 26 नवंबर से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। किसान मजदूर मोर्चा (भारत) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेताओं ने किसान भवन चंडीगढ़ में कहा था कि सरकार किसानों के मुद्दों को लेकर गंभीर नहीं है। इसके कारण किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल खनौरी सीमा मोर्चे पर आमरण अनशन पर बैठेंगे और अंतिम सांस तक अनशन जारी रखेंगे। डल्लेवाल ने कहा था कि उनकी कई मांगें, जिनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और खाद व फसल खरीद में पारदर्शिता शामिल है, अभी तक पूरी नहीं हुई हैं।

## टीवीके महासचिव ने 'अफवाहों' को बताया गलत

नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण फिल्मों के अभिनेता विजय की राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्री कजगाम और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन की सभी अफवाहों पर टीवीके के महासचिव एन आनंद ने सोमवार को खंडन किया और उन्हें गलत बताया है।

उन्होंने कहा कि टीवीके तमिलनाडु के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और इसका उद्देश्य चुनावों में बहुमत हासिल करके लोगों की सेवा करना है। उन्होंने कहा, तमिलगा वेत्री कजगाम और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन की खबरें झूठी और अफवाह है। इस खबर के लिए कोई आधार और प्रमाण नहीं है।

**हंसराज कॉलेज पहुंचे किरण रिजिजू**

## 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर की मन की बात, पुराने दिन किए याद




नई दिल्ली, 19 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू सोमवार को दिल्ली के हंसराज कॉलेज में विकसित भारत-राजदूत युवा कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विकसित भारत-एंबेसडर युवा कनेक्ट कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विकसित भारत कार्यक्रम हमारे लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें युवाओं को जोड़ने की जरूरत है। आगे कहा कि आज मैं अपने विद्यालय हंसराज कॉलेज आया हूं। 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें युवाओं से जुड़ना होगा और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। युवाओं की भागीदारी के बिना हम एक विकसित राष्ट्र कैसे बन सकते हैं। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कुछ लोग संविधान को तो रखते हैं लेकिन संविधान की मूल बातें और महत्व को नहीं समझते हैं। मैं चाहता हूं कि हर भारतीय को संविधान के बारे में पता होना चाहिए। हम संविधान सदन में संविधान दिवस मनाने जा रहे हैं। हम पुस्तिकाएं छाप रहे हैं जो आपके साथ साझा की जाएंगी। हम एक पुस्तक ला रहे हैं जिसमें चित्र होंगे। आगे कहा कि संविधान के प्रत्येक अध्याय में, प्रत्येक भाग में कुछ चित्र होंगे। संविधान की एक छोटी पुस्तिका है। संविधान की मूल जानकारी इसमें होगी। एक और थोड़ी बड़ी पुस्तक होगी जिसमें भारतीय संविधान के निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्रा के बारे में बताया जाएगा। हम दिखाएंगे कि संविधान में कब संशोधन हुए और अन्य विवरण के बारे में जानकारी देंगे।

# संत बोले-सुनो ओवैसी, 5 मिनट में काम तमाम हो जाएगा

## उज्जैन में कहा-15 मिनट वाली चुनौती स्वीकार पिस्तौल लोड करते वीडियो जारी किया





उज्जैन, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उज्जैन के संतों ने सांसद असदुद्दीन ओवैसी के 15 मिनट वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बंदूक और पिस्तौल लोड करते हुए वीडियो भी जारी किया। आह्नान अखाड़े के महामंडलेश्वर अतुलेशानंद महाराज ने कहा- 15 मिनट नहीं, हम आपको 15 दिन देते हैं। आप अपनी पूरी तैयारी के साथ आएं। आपकी चुनौती हमने स्वीकार कर ली है।

वहीं, नाथ संप्रदाय के संत रामनाथ महाराज बोले- आप 15 मिनट मांग रहे हैं। हमारे लिए सिर्फ 5 मिनट काफी हैं। देशभर में नागा संप्रदाय के इतने संत हैं कि 5 मिनट में आपका काम तमाम होने में समय नहीं लगेगा। संत एक हाथ में शास्त्र और दूसरे में शस्त्र रखते हैं। दोनों संतों ने यह बात रविवार को एक वीडियो जारी करते हुए कही। वीडियो में वे बंदूक और पिस्तौल के साथ नजर आए। उन्होंने ये बात हैदराबाद के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) चीफ ओवैसी के '15 मिनट' वाले बयान पर पलटवार करते हुए कही, जो उन्होंने महाराष्ट्र में बुधवार को दिया। महाराष्ट्र के सोलापुर में चुनाव प्रचार के दौरान ओवैसी मोबाइल और घड़ी दिखाते हुए बोले, 'अभी कितना टाइम हुआ है... 15 मिनट।' ये कहते हुए ओवैसी ने अपना मुंह पकड़ लिया और बोले, 'सॉरी।' फिर उन्होंने कहा कि अभी 9 बजकर 45 मिनट हो रहे हैं। मीडिया वालों, घड़ी चेक कर लो तुम्हारी भी।' ओवैसी ने इसे चुनाव प्रचार के टाइम खत्म होने में 15 मिनट बाकी होने से जोड़ दिया जबकि यह उनके भाई अकबरुद्दीन ओवैसी की भड़काऊ टिप्पणी थी।

**छोटे भाई अकबरुद्दीन ने 2012 में दिया था विवादित बयान**

दरअसल, 15 मिनट वाली टिप्पणी सांसद असदुद्दीन ओवैसी के छोटे भाई अकबरुद्दीन ओवैसी के उस भड़काऊ भाषण का हिस्सा थी, जो उन्होंने 2012 में दिया था। अकबरुद्दीन ने कहा था, '100 करोड़ हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की संख्या 25 करोड़ है। देश से 15 मिनट के लिए पुलिस हटा दो, पता चल जाएगा कौन ताकतवर है।'

# जिरीबाम से लापता पांच लोगों के शवों का पोस्टमार्टम पूरा

## इन्हीं की वजह से जारी है बवाल




इंफाल, 19 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर के जिरीबाम जिले से लापता हुए पांच लोगों के शवों जो असम में नदी से बरामद किए गए थे, उनका पोस्टमार्टम सिलचर शहर के एक सरकारी अस्पताल में पूरा हो गया है। बीती 11 नवंबर को सुरक्षा बलों और कुकी-जो उग्रवादियों के बीच हुई गोलीबारी और उसमें 10 लोगों की मौत के बाद मणिपुर के जिरीबाम से छह लोग लापता हुए थे। ये लोग जिरीबाम के एक शरणार्थी शिविर से गायब हुए थे और हाल ही में इनमें से पांच के शव जिरीबाम में जिरी और असम के कछार में बराक नदी से बरामद हुए थे। शव बेहद खराब हालत में थे, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि उनकी हत्या कई दिन पहले की गई थी।

बराक नदी में लापता महिला के शव की तलाश की जा रही

लापता लोगों में मैतई समुदाय की तीन महिलाएं और उनके तीन बच्चे शामिल थे। अभी लापता लोगों में से एक का शव बरामद नहीं हुआ है। असम पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कछार जिले की स्थानीय इकाई छठे व्यक्ति का पता लगाने के लिए बराक नदी में तलाशी अभियान चला रही है। आरोप है कि इन लोगों की हत्या कुकी-जो उग्रवादियों द्वारा की गई। पोस्टमार्टम के बाद मणिपुर पुलिस शवों को उनके राज्य में वापस ले जाने और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को शव सौंपने के लिए आवश्यक व्यवस्था करेगी, लेकिन यह कब किया जाएगा, यह अभी पता नहीं है। असम पुलिस ने बताया कि 'हमें मणिपुर पुलिस ने बताया है कि उन छह लोगों की हत्या करके उन्हें नदी में फेंक दिया गया है। कल ही जिरीबाम से बहकर आए दो शवों को बाहर निकाला गया था।' अधिकारी ने कहा कि सभी शव 'अत्यधिक सड़ी-गली' अवस्था में एसएमसीएच मुर्दाघर पहुंचे। लापता लोगों की पहचान युमरेम्बम रानी देवी (60), तेलेम थोइबी देवी (31) और उनकी बेटी तेलेम थजमनबी देवी (8), लैशराम हेथोइबी देवी (25) और उनके दो बच्चों लैशराम चिंगखेंगनबा सिंह (ढाई साल) और लैशराम लमंगनबा सिंह (10 महीने) के रूप में हुई है। वहीं लापता लोगों के शव मिलने के बाद से जिरीबाम में हिंसा का दौर जारी है।

## यूट्यूबर सौरभ जोशी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने मांगी फिरौती

**परिवार के एक सदस्य को मारने की दी धमकी**



हल्द्वानी, 19 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी यूट्यूबर सौरभ जोशी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने पत्र भेजकर नकद दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। पांच दिन में पैसा देने के लिए कहा गया है। पैसा नहीं देने और पुलिस के पास जाने पर एक-एक कर घर के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई है। सौरभ जोशी जोशी की तहरीर पर पुलिस ने कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ओलिविया रामपुर रोड हल्द्वानी निवासी यूट्यूब सौरभ जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसे एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। इस पत्र में मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई है। सौरभ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बहुत भयभीत है। उधर पुलिस ने सौरभ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पत्र में लिखा है कि हम पांच दिन तक आपके जवाब का इंतजार करेगें। यदि आपने कोई भी जवाब नही दिया या फिर पुलिस में शिकायत करने की कोशिश की या इस बात को अपने परिवार के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से सांझा किया तो आपके परिवार से एक सदस्य कम हो जाएगा।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 19 नवंबर- 2024

# चुभने लगा अमेरिकी डालर

डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद जिस तरह से अमेरिकी डॉलर ने मजबूती पकडी है उससे भारत और चीन जैसे देशों की पूंजी की चूलें हिलने लगी हैं। चीन के प्रोत्साहन वाले उपाय भी बेअसर साबित हो रहे हैं। अमेरिका की आर्थिक स्थिति अच्छी बनी हुई है और टैक्स में कटौती की संभावना से वैश्विक निवेश भी आकर्षित होने लगे हैं। इससे दुनिया के उभरते बाजारों से पूंजी बाहर जाने का खतरा बन गया है। अमेरिका का मजबूत होता डॉलर भारत और चीन दोनों के लिए 'कांटे' की तरह चुभने लगा है। इसके अलावा अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में हो रही बढ़ोतरी चिंता का सबब बन गई है। इससे दुनिया के इमर्जिंग मार्केट्स से पैसा निकलने की आशंका मजबूत हो गई है। हालांकि, अभी साफ नहीं है कि यह पैसा चीन और भारत से निकल कर अमेरिका जाएगा या नहीं। भारत से विदेशी निवेशकों का एक बड़ा हिस्सा पहले ही बाहर निकल चुका है। जो भारत को लेकर चिंताजनक हैं। ग्रोथ में सुस्ती और 10 दिसंबर को रिजर्व बैंक के शक्तिकांत दास के रिटायर होने के बाद नए गवर्नर को लेकर भई आशंकाएं बनी हुई हैं। चीन और दूसरे उभरते बाजारों को भी मजबूत डॉलर और बढ़ती यील्ड से पूंजी निकासी का सामना करना पड़ सकता है। बहरहाल, चीन के प्रोत्साहन पैकेज को लेकर आशावादी माहौल है। इसके चलते शेयर बाजार में तेजी दिख रही है। लेकिन, हकीकत में प्रोत्साहन पैकेज उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रहा है। सिर्फ 6 ट्रिलियन युआन के कर्ज की अदला-बदली देखने को मिली है। संपत्ति क्षेत्र में कुछ भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। चीनी सरकार ट्रंप प्रशासन और उसकी ओर से लगाए जाने वाले टैरिफ को लेकर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। ट्रंप ने 60% टैरिफ की बात की है। लेकिन इसे लागू करने को लेकर संदेह है। अमेरिकी डॉलर में तेजी के साथ चीन के प्रति शुरुआती उत्साह कम होता दिख रहा है। इसका असर भारतीय और चीनी शेयर बाज़ारों के बीच पूंजी प्रवाह पर भी दिखाई दे रहा है। मजबूत डॉलर के बीच चीनी मुद्रा युआन पर दबाव बढ़ रहा है। अब सभी की निगाहें दिसंबर में होने वाली चीन की वर्क कॉन्फ्रेंस पर टिकी हैं। अमेरिका अभी विशाल वैक्यूम क्लीनर की तरह काम कर रहा है जो दुनिया भर से पूंजी अपनी ओर खींच रहा है। टैक्स में कटौती, ढील देने वाले नियमों और अमेरिका के अलगाववादी रुख के कारण भारी मात्रा में पूंजी अमेरिका की ओर आकर्षित हो रही है। अमेरिका में बढ़ता राजकोषीय घाटा वहां की इकनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा दे सकता है। डॉलर में मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में ग्रोथ के कारण यह सिलसिला आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। ऐसे में चीन से निकलने वाला पैसा भारत का रुख करेगा, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। हालांकि, भारत से विदेशी निवेशकों की भारी निकासी पहले ही देखी जा चुकी है। भारत को लेकर कुछ चिंताएं हैं। मसलन, विकास दर में कमी, नए आरबीआई गवर्नर को लेकर अनिश्चितता और डॉलर में तेजी का भारतीय अर्थव्यवस्था पर भारी असर पडा है। भारत के अलावा चीन और दूसरे उभरते बाजार भी पूंजी निकासी की मार झेल सकते हैं। यह देखना जरूरी है कि क्या चीन और भारत से निकलने वाला पैसा अमेरिका की झोली में जा रहा है? दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका में भी लोग राष्ट्रपति ट्रंप के अगले कदमों का इंतजार कर रहे हैं। उनकी ओर से की गई कुछ नियुक्तियों ने बाजार को चौंकाया है। देखना होगा कि सीनेट इन नियुक्तियों को मंजूरी देती है या नहीं। फिलहाल अनिश्चितता का माहौल वहां भी बना हुआ है। ऐसा नहीं है कि ट्रंप का जादू खत्म हो गया है। विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर में तेजी जारी है। मजबूत डॉलर के इस माहौल में दूसरे उभरते बाजारों के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। यूरोप को भी मजबूत अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर के कारण नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# ठोस कदम उठाने का फंडा



रामविलास जांगिड़

इधर भाषणों और नारों में ठोस कदम उठाने का विशेष स्थान है। चाहे यह कोई राजनेता हो, सोशल मीडिया का योद्धा या फिर गली के नुक्कड़ पर बैठे ज्ञानवान चाचा जी! हर कोई ठोस कदम उठाने की बात करते हैं। इन सब चीजों से अजीज आकर मैंने भी फैसला कर लिया है कि मैं भी आज-कल में ही कोई ठोस कदम जरूर उठा लूंगा। ये ठोस कदम उठाकर मैं रखूंगा किधर इस पर अभी कोई सोच विचार नहीं किया है। बस एक बार मौका मिला नहीं कि मैं ठोस कदम उठा ही लूंगा। इस संबंध में सभी आम और खास टाइप के लोगों को सूचना देता हूं कि इस महीने की आखिरी तारीख को शाम 7 बजे मैं अपना ठोस कदम उठा लूंगा। जिस किसी बंदे-बंदी को मेरे ठोस कदम उठाने पर ऐतराज हो, वो इस तारीख से पहले-पहले इस पर वाद दायर कर सकता है, इसके बाद जब एक बार मैंने ठोस कदम उठा लिया फिर कोई भी ना-नुक्कर नहीं कर पाएगा। ठोस कदम आखिर है क्या बला? क्या ये कंक्रीट से बना कोई कदम है, जिसे उठाने में इंजीनियरों की टीम लगानी पड़े? या फिर यह ऐसा कदम है जिसे उठाने के बाद पैरों तले ज़मीन खिसक जाए? सच्ची ठोस कदम का मतलब यही है कि कुछ भी ठोस किया न जाए। ठोस से तात्पर्य यही है कि कदम इतने भारी हो कि कोई और उसे उठा ही न पाए! कुर्सी-जीवी नेताजी कहते हैं, हम ठोस कदम उठाएंगे।इसका अर्थ यह है कि वोट मिलते ही पांच साल तक कोई कदम नहीं उठाएंगे। जब कहीं बाढ़ आती है या पुल गिरता है, तो सरकार कहती है, हम ठोस कदम उठाएंगे। पुल तो फिर भी ठोस बनता है, पर कदम? वे केवल कागजों में बंदर-बांट के लिए उठते हैं। जब कोई बॉस कहता है, हम इस समस्या पर ठोस कदम उठाएंगे, तो इसका अर्थ है कि अगली मीटिंग तक ये समस्या ठंडी पड़ जाएगी।मोहल्ले में कचरा फैलाने पर शर्मा जी हर बार कहते हैं, भाई साहब, अब तो ठोस कदम उठाना ही पड़ेगा। ठोस कदम? उन्होंने डस्टबिन खरीदने के बजाय कचरा पड़ोसी के गेट के बाहर डालना शुरू कर दिया। जब संयुक्त राष्ट्र कहता है कि हम जलवायु परिवर्तन के लिए ठोस कदम उठाएंगे, तो इसका मतलब यह है कि अगले सम्मेलन तक सब कुछ वैसा ही रहेगा। दुनिया के बड़े नेता ठोस कदम के नाम पर मीटिंग्स में चाय और कॉफी के कप ठोस रूप से उठाते हैं। फिर अपने-अपने पाद से इन संकल्पों की हवा निकालते रहते हैं। किसी को सुधारने का वादा करना हो- हम ठोस कदम उठाएंगे। किसी गलती को सुधारने का आश्वासन देना हो- हम ठोस कदम उठाएंगे। जब कुछ भी नहीं करना हो- हम ठोस कदम उठाएंगे। एक आदमी ने ठोस बजट बनाने की कोशिश की तब वह महीने में दो बार नूडल्स खा रहा है। कल से मैं जिम जाऊंगा कहकर ठोस कदम उठाने वाले लोग बिस्तर पर पड़े हुए पिज्जा खाते रहते हैं। कल से रोज 1 घंटे योग करूंगा, कहकर ठोस कदम उठाने वाले बंधु रोज बिस्तर में पड़े-पड़े चाय की घूंट लेते दिखते हैं। तो भैया! आप भी जल्दी से बिस्तर में पड़ जाओ और कोई न कोई ठोस कदम उठा ही लो!

# पुरुषों के अस्तित्व एवं सुरक्षा की मांग क्यों उठने लगी?

## अन्तर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस-19 नवम्बर पर विशेष

ललित गर्ग

दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। पुरुष दिवस दुनिया के 30 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है।

इस वर्ष की थीम 'सकारात्मक पुरुष रोल मॉडल' है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चर्चाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है।

कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एसोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं।प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं।आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं, पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इस दिवस को मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। पुरुष एक ऐसा शब्द है जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन-निर्माता है। भारतीय समाज में "मर्द को दर्द नहीं होता" या फिर जब कोई पुरुष रोता है तो 'मर्द बनो और रोना बंद करो' जैसी बातें बोली जाती हैं। पिछले कई सालों से पुरुषों की समाज में संघर्षशील व कठोर छवि को प्रस्तुत किया गया है लेकिन मुख्य सवाल है कि आखिर मर्द या पुरुष हैं कौन? जो घोड़े दौड़ाता है, शिकार करता है, या फिर जो अच्छे सूट में, चमचमाती कार में ऑफिस जाता है और घर पर भी अपनी तारीफ ही सुनना चाहता है। एक रौबदार छवि, आक्रांता, शोषक, असंवेदनशीलता एवं अत्याचारी वाली उसकी छवि क्या वास्तविक छवि है? असल में पिछले कुछ वर्षों में मर्द की परिभाषा में एक उदारवादी एवं संवेदनशील बदलाव देखने को मिला है। अब पुरुष या मर्द वो नहीं जो हमें अब तक पूर्वाग्रही रूढ़िवादी मानसिकता बताती हैं बल्कि उससे कहीं ज्यादा वो है ऐसा आधारस्तंभ है जो जिम्मेदारी उठाता है, जो सिर्फ चमकदार जूते एवं कपड़े ही नहीं पहनता बल्कि समाज व देश को भी चमकदार बनाने के लिए आगे आता है, परिवार की जिम्मेदारियों को ढोता है।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जो पुरुषों और लड़कों की चुनौतियों और अनुभवों को पहचानने और उनका समाधान करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। यह पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक पुरुषत्व और लैंगिक समानता के बारे में बातचीत को प्रोत्साहित करता है। पुरुषों के मुद्दों को संबोधित करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि लैंगिक समानता एक सामूहिक प्रयास है, जिससे पुरुष और महिला दोनों को लाभ होता है, तथा पुरुषों की भलाई पर ध्यान देना इस यात्रा का एक अनिवार्य हिस्सा है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े।

मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं।

इस रिपोर्ट में यह भी तथ्य सामने आया है कि पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया लेकिन यह एक सच्चाई है कि अब महिलाओं की भांति पुरुष भी हिंसा, उत्पीडन एवं उपेक्षा के शिकार है।

वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। बड़ा सच है कि जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पुरुष का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पुरुष-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

# जबरन धर्मांतरण को लेकर केन्द्र सरकार सख्त

रामस्वरूप रावतसरे

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम 2010 (एफसीआरए) के तहत पंजीकरण रद्द करने या नवीनीकरण से इनकार करने के कुछ कारणों को सूचीबद्ध कर एक नोटिस जारी किया है। इसमें 'विकास विरोधी गतिविधियों, जबरन धर्मांतरण और देश विरोधी प्रदर्शन आदि में शामिल होने को बतौर कारण दर्ज किया गया है। इस संबंध में 8 नवंबर को जारी नोटिस, गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर 11 नवंबर 24 को पोस्ट किया गया। इस नोटिस के अनुसार, मंत्रालय ने एफसीआरए आवेदनों को अस्वीकार करने के कारणों की सूची इसलिए दी है क्योंकि कुछ संस्थाओं से उसे अभ्यावेदन मिला था, जिसमें कहा गया था कि उनके आवेदनों को अस्वीकार करने के कारण स्पष्ट नहीं बताए गए हैं। नोटिस में सूचीबद्ध कारणों के बिंदु 8 में कहा गया है कि एफसीआरए प्रमाणन के लिए आवेदन रद्द किए जा सकते हैं यदि यह पाया जाता है कि एसोसिएशन 'विकास विरोधी गतिविधियों' या 'विरोध भड़काने' में शामिल रहे हैं। वहीं नोटिस के बिंदु 10 में कहा गया है कि लाइसेंस रद्द किया जा सकता है या देने से मना किया जा सकता है यदि स्थानीय जांच में एसोसिएशन के खिलाफ प्रतिकूल इनपुट मिलता है जैसे, विकास विरोधी गतिविधियों में शामिल होना, दुर्भावनापूर्ण इरादों के साथ विरोध प्रदर्शन भड़काना, आतंकवादी संगठन/राष्ट्र-विरोधी संगठन के साथ संबंध आदि।' बिंदु 11 में कहा गया है कि एफसीआरए का लाइसेंस तब भी रद्द किया जा सकता है यदि 'इसके पदाधिकारी/सदस्य/प्रमुख संघ या पदाधिकारी/इकाइयों का कट्टरपंथी/आतंकवादी संस्थाओं से संबंध हो।'इस नोटिस के मुताबिक, प्रमाणीकरण को तब भी रद्द किया जा सकता है अगर विदेशी चंदे (एफसी) की स्वीकृति से सामाजिक/धार्मिक सद्भाव प्रभावित होने की संभावना हो या एसोसिएशन प्रेरित/जबरन धार्मिक रूपांतरण/धर्मांतरण में शामिल हो. या फिर उसके पदाधिकारियों के कट्टरपंथी संगठनों से संबंध हों। वेबसाइट पर गृह मंत्रालय के डैशबोर्ड के अनुसार, वर्तमान में एफसीआरए लाइसेंस वाले कुल 16,026 एसोसिएशन सक्रिय हैं, जबकि कुल 20,711 के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। ज्ञात हो कि हाल के वर्षों में ऐसे गैर सरकारी संगठनों की सूची में चिंताजनक वृद्धि हुई है जिनके एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। दिसंबर 2021 में केंद्र सरकार ने 'प्रतिकूल इनपुट' का हवाला देते हुए मदर टेरेसा के संगठन-मिशनरीज़ ऑफ चौरिटी के एफसीआरए रिन्यूअल को अस्वीकार कर दिया था। व्यापक आलोचना के बाद इसे एक महीने बाद इसके लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। इस साल अप्रैल में केंद्र सरकार ने तीन चर्च-आधारित चौरिटी संगठनों सहित पांच गैर सरकारी संगठनों के एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिए थे। गैर सरकारी संगठन सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस, वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी, चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया (ईएफआई) के भी लाइसेंस को सरकार ने रद्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार ईएफआई ईसाइयों के खिलाफ हमलों पर डेटा एकत्र और प्रकाशित करता है. संस्था ने मोदी सरकार के कार्यकाल में इस समुदाय के खिलाफ हिंसा में बढ़ोत्तरी की ओर ध्यान भी आकर्षित किया है। गृह मंत्रालय ने फरवरी में कथित तौर पर एफसीआरए नियमों का उल्लंघन करने के लिए तमिलनाडु कैथोलिक बिशप कॉन्फ्रेंस के तत्वावधान में एक ईसाई एनजीओ, तमिलनाडु सोशल सर्विस सोसाइटी का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया था। इससे ठीक एक महीने पहले गृह मंत्रालय ने तमिलनाडु स्थित ईसाई संघ वर्ल्ड इंडिया विजन का एफसीआरए पंजीकरण भी रद्द किया था। गौरतलब है कि मोदी सरकार अक्सर गैर-लाभकारी संगठनों के काम को दबाने के लिए एफसीआरए का इस्तेमाल करती रही है। इस से पहले जनवरी में सरकार ने 50 साल पुराने पॉलिसी थिंक-टैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया था।

फरवरी में सीबीआई ने पूर्व आईएएस अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर से जुड़े परिसरों में छापेमारी की थी. 2020 से आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सहित केंद्र सरकार की कई जांच एजेंसियों ने मंदर और उनके सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज (सीईएस) की जांच की है। जुलाई में सेंटर फॉर फाइनेंशियल एकाउंटेबिलिटी संस्थान का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया गया था जो एक गैर-लाभकारी संस्था है और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की भूमिका और विकास, मानवाधिकार और पर्यावरण पर उनके प्रभाव का गंभीर विश्लेषण, निगरानी और आलोचना करती है। सीबीआई द्वारा दायर एक एफआईआर में आरोप लगाया गया कि सीईएस ने एफसीआरए अधिनियम का उल्लंघन करते हुए 2020 और 2021 में अपने एफसीआरए खाते से वेतन या पारिश्रमिक के अलावा 32 लाख रुपये से अधिक अन्य खातों में ट्रांसफर किया था। सरकारी कार्यवाही को लेकर हर्ष मंदर के अनुसार सरकार ने अपने नोटिस में जिन कारणों का हवाला दिया है, वे हाल के वर्षों में किसी भी प्रकार के नागरिक असंतोष के खिलाफ कार्रवाई करने के प्रयासों के मजबूत होने की ओर इशारा करते हैं। उनके अनुसार 'सरकार संगठित नागरिक समाज को अपने प्रमुख शत्रु के रूप में देखती है. न्यायपालिका, मीडिया, संसद और विपक्ष सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा की असंवैधानिक वैचारिक परियोजना का विरोध करने में काफी हद तक कमजोर हो गए हैं। सरकार ऐसे संगठनों पर हमले कर रही है जो वास्तव में नागरिक समाज और शिक्षा जगत के वर्ग हैं जिन्होंने अल्पसंख्यकों को उत्पीड़न के खिलाफ और संविधान को हमलों के खिलाफ आवाज़ उठाते हैं।'हर्ष मंदर आगे कहते हैं, 'जिन लोगों के खिलाफ ये कारण बताए गए हैं और जिन 20 हजार एनजीओ के लाइसेंस रद्द किए गए हैं, वो उन मामलों में 'दोषी' नहीं हो सकते हैं। सरकार अराजनीतिक और तकनीकी सेवा-आधारित संगठनों के ख़िलाफ़ भी बिना मतलब आग भड़का रही है।

इसके साथ ही उन लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो नफरत फैलाने वालों के खिलाफ और अल्पसंख्यकों के साथ खड़े हैं, उदाहरण के लिए, वो संगठन जो, आदिवासी क्षेत्रों में बड़े कॉरपोरेट्स के प्रवेश का विरोध कर रहे हैं।' जिस प्रकार हर्ष मंदर केन्द्र सरकार की उक्त कार्यवाही को गलत बता रहे है, उसी प्रकार उन पर देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न रहने के आरोप लगे है जिसके कारण ही उनके एनजीओं का लाईसेंस रद्द हुआ है। जानकारी में यह भी आया है कि केन्द्र सरकार ने उन संस्थाओं/एनजीओं के लाईसेंस रद्द किये है जो अवैधानिक रूप से विदेशों से धन लेकर भारत में सरकार विरोधी गतिविधियों एवं विकास में किसी ना किसी रूप में बाधक बन रहे थे या फिर कानून का पालन नहीं कर रहे थे।

# सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करने की दरकार



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

गौल्डमैन सैक्स की हालिया रिपोर्ट चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरुरी भी हो जाती है। रिपोर्ट में जीवीए यानी कि ग्रास वेल्यू एडिशन 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए 2025 से 2030 के दौरान सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना आवश्यक है। हांलाकि जिस तरह से देश की इकोनोमी उछालें भर रही है उस स्थिति में इस लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल भी नहीं लगता है। दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनोमी बनने के लिए हमें रोजगार के नित नए अवसर तो विकसित करने ही होंगे वहीं इस तरह की आर्थिक नीति तय करनी होगी जिससे देश में स्थानीय स्तर पर आय के साधन विकसित हो, आर्थिक गतिविधियां बढ़े, मेट्रोपोलिटन सिटीज के स्थान पर छोटे शहरों कस्बों में आर्थिक गतिविधियां बढ़े। इसके लिए सरकार को रोडमैप बनाकर आगे बढ़ना होगा हांलाकि जिस दिषा में देश की आर्थिक नीति ले जा रही है उसमें मामूली सा बदलाव ही करना होगा। विकास के केन्द्र को विकेन्द्रित करना होगा। बड़े शहरों की और पलायन को रोकते हुए नए आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र विकसित करना होगा। यह बात साफ हो जानी चाहिए कि एमएसएमई-मैन्यूफेक्चरिंग-विनिर्माण क्षेत्र ऐसा है जहां रोजगार के अवसर अधिक विकसित होते हैं।

देश में एक करोड़ सालाना रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए पहले से ही कार्ययोजना तैयार है केवल इस कार्ययोजना को नए सिरे से अंजाम देने की आवश्यकता है। कोरोना के बाद चीन की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और उसके चलते दुनिया के देश भारत की और आशा की नजर से देख रहे हैं। यही कारण है कि एक और मल्टीनेशनल कंपनियां भारत की और रुख कर रही है तो दूसरी और जिस तरह से देश में आधारभूत ढांचें का विकास हो रहा है उससे आर्थिक विकास को गति मिली है। अटल बिहारी वाजपेई सरकार के समय स्वर्ण चतुर्भुज योजना बनी और जिस तरह से मोदी सरकार में गड़करी के नेतृत्व में हाईवे, एक्सप्रेस हाईवे आदि बनकर तैयार हो रहे हैं उससे आवागमन आसान हआ है। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है। इसमें कोई दो राय नहीं कि रियल एस्टेट सेक्टर ऐसा सेक्टर है जहां 80 प्रतिशत तक रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। अब सरकार को रियल स्टेट को मेट्रोपोलिटन शहरों से छोटे शहरों-कस्बों की और शिफ्ट करने पर ध्यान देना होगा जिससे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। इसी तरह से बैंगलोर को आईटी का केन्द्र बनाने या गुरुग्राम या नोएडा या गेटर नोयेडा या अन्य इसी तरह के देश के विभिन्न हिस्सों में केन्द्र विकसित होने से इन स्थानों पर अत्यधिक दबाव बड़ा है और उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसें में टियर 2 व टियर 3 के शहर कस्बों में आईटी हब विकसित करने, इनके आसपास के क्षेत्रों में छोटे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, इन स्थानों पर जीसीसी यानी कि ग्लोबल केपेसिटी सेंटर विकसित करने के आवश्यकता है। लघु उद्योगों के विकास और उनके निर्यात को बढाना होगा। मोदी सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और छोटे उद्योगों को प्रोडक्शन लिंक्ड योजना के तहत प्रोत्साहन से निश्चित रुप से औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। आज भी कपड़ा, जूते, खिलौने, खाद्य सामग्री और इसी तरह के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार ध्यान भी दे रही है तो दूसरी और विकास और रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं। वैसे देखा जाए तो पिछले बीस सालों में 19 करोड़ 60 लाख नए रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। इसमें भी गत एक दशक में अधिक तेजी आई हैं। कोरोना के बाद से परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आया है तो वैश्विक सिनेरियों भी भारत के पक्ष में साफ दिखाई दे रहा है।

दुनिया के देश खास तौर से रुस-यूक्रेन, इजराइल- हमास-ईरान आदि आपस में जूझ रहे हैं तो योरोपीय देश, अमेरिका आदि अपनी अपनी समस्याओं से जूझ रहे है। ऐसे में भारत के पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर सामने आ रहे हैं। फिर देश का राजनीतिक नेतृत्व भी जिस तरह से दुनिया के देशों पर डोमिनेट होकर के उभरा है उसके भी सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सख्त फैसले लेने वाली सरकार आज की आवश्यकता है और अमेरिका के हालिया चुनाव नतीजे इसे साफ करते हैं। एक सकारात्मकता यह भी है कि देश में आज युवा पीढ़ी का वर्चस्व है और ऐसे में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और बढ़ना दोनों ही सहज हो जाता है। सरकार को इस तरह की नीतियां बनानी होगी ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकेन्द्रीत विस्तार हो और रोजगार परक गतिविधियां आसान हो, बाजार के हालात अच्छे होने के साथ ही निर्यात को और अधिक आसान बनाया जाए।

# गजब की भूख



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

ये हावड़ा-मुंबई मेल का AC फ़र्स्ट क्लास का डब्बा था। इसमें सफर कर रहे थे हमारे नए भारत के कुछ खास 'बाबू' लोग—ठेकेदार, अफसर, बिजनेसमैन और नेता। आधुनिकता और रुतबे के प्रदर्शन में लिपटे हुए, ये सज्जन अपने-अपने सफर में तो खोए थे ही, साथ ही अपनी असली 'भूख' को भी न भूल पाए थे। सफर शुरू होते ही ठेकेदार बाबू ने झटपट अपने मोबाइल में कॉल किया—हां भाई, देखना वो पुल की सीमेंट की क्वालिटी थोड़ा लाइट रख लेना, बस ऊपर दिखे मजबूत। और सुनो, इस बार कुछ गिफ्ट्स का इंतज़ाम भी कर देना, बड़े साहब का तबादला होने वाला है, तो फेयरवेल भी शानदार होनी चाहिए! वहीं कोने में बैठे थे हमारे कलेक्टर साहब। उनकी आँखों में प्रमोशन की चमक थी। सफर का असली आनंद तो उनकी आंखों में तब आया, जब उन्होंने अपनी डायरी में बड़े बड़े शब्दों में नोट किया—पब्लिक ने शिकायत कर दी थी, सड़क की हालात खराब थी, अगले महीने बड़े टेंडर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पास में बैठे बिजनेसमैन महाशय अपने लैपटॉप में मुनाफ़े के ग्राफ़ देख रहे थे। उनके चेहरे पर एक संतोष की मुस्कान तैर गई थी। कर्मचारियों के बोनस में कटौती करके मुनाफ़ा कितना बढ़ गया, वाह! वह अपने बगल में बैठे एक ठेकेदार से बोले, "आजकल ये गरीब लोग भी कुछ ज्यादा ही चाहते हैं; मजदूरी दो और बस चुपचाप काम करवाओ।" अभी तो ट्रेन चल ही रही थी कि अचानक ही कुछ हड़कंप मचा। पैंट्री कार से एक गरीब मजदूर अचानक भागता हुआ आया और ठेकेदार साहब के पैरों पर गिर पड़ा। साहब, तीन दिन से भूखा हूं, कुछ खाने को दे दो। ठेकेदार ने घृणा से उसे देखा और पैर हटा लिए। बोले, भूख तो मैं भी समझता हूं, बस मेरी भूख अलग है—मुझे कुर्सी चाहिए, ठेके चाहिए, बंगले चाहिए! कलेक्टर साहब ने अपनी टोपी ठीक करते हुए मजदूर को आंखें तरेरीं और बोले, बड़े आदमी की भूख समझेगा क्या? हमारी भूख नौकरी में नाम कमाने की है, वो भी जनसेवा के नाम पर। मजदूर की आंखों में नमी थी। उसने एक गहरी सांस ली और चुपचाप वहीं किनारे बैठ गया। सबकी नज़रें उससे हट चुकी थीं, लेकिन उसके चेहरे पर शांति थी। किसी ने उसके लिए कुछ किया नहीं, बल्कि उसे दुत्कारकर पैंट्री कार में भगा दिया। तभी ट्रेन एक छोटे से स्टेशन पर रुकी। उन बाबू लोगों ने खिड़की से बाहर झांककर देखा—एक भूखा बच्चा स्टेशन पर बैठा अपने भूखे परिवार के साथ चने खा रहा था। कोई पूछता तो वो भी यही कहता, "मुझे सिर्फ पेट भरने की भूख है।"



ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं
पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।


धर्म-दर्शन-अध्यात्म

पूर्णस्य पूर्णमादाय
पूर्णमेवावशिष्यते।



मंगलवार, 19 नवंबर -2024 7

स्वतंत्र वार्ता, हैदराबाद

# इस माला के बिना अधूरा है लड्डू गोपाल का श्रृंगार



**लड्डू गोपाल की पूजा**

भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को लड्डू गोपाल कहा जाता है और घर के मंदिरों में उनकी मूर्ति स्थापना की जाती है। फिर एक बालक की भांति उनकी सेवा की जाती है। कहते हैं कि लड्डू गोपाल की सेवा करने से मनुष्य के जीवन में खुशहाली आती है और भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**लड्डू गोपाल का श्रृंगार**

लड्डू गोपाल की पूजा करते समय सबसे महत्वपूर्ण उनका श्रृंगार होता है। लड्डू गोपाल को रोजाना स्नान आदि कराने के बाद उन्हें नए वस्त्र पहनाए जाते हैं। साथ ही मूरली, मोर पंख और इत्र आदि से उन्हें सजाया जाता है।

अगर आप भी अपने घर में लड्डू गोपाल की सेवा करते हैं तो उनका श्रृंगार करते समय वैजयंती माला पहनाना न भूलें। कहते हैं कि लड्डू गोपाल यानि भगवान श्रीकृष्ण को वैजयंती फूल बहुत ही प्रिय हैं और इसकी माला पहनाने से वह प्रसन्न होते हैं।



**वैजयंती का अर्थ**

सनातन धर्म के कुछ विद्वानों के अनुसार वैजयंती के बीजों से बनी को वैजयंती माला कहते हैं। इस माला का एक अर्थ है जीत की माला। यानि लड्डू गोपाल को यह माला अर्पित करने से जीवन में आ रही सभी मुश्किल दूर होती हैं और सफलता के मार्ग खुलते हैं।

**बनते हैं बिगड़े काम**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण यानि लड्डू गोपाल को वैजयंती माला अर्पित करने से घर में निगेटिविटी नहीं आती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से धनदौलत व खुशहाली का आगमन होता है।

# दो बहनों के इस मंदिर की अजब-गजब कहानी



**खेत में पानी की अर्जी लगाने पहुंचते हैं किसान**

**इस नाम से प्रसिद्ध**

राजस्थान प्रदेश का मेवाड़ अपनी खास रियासतों और प्राचीन मंदिरों को लेकर पूरी दुनिया में एक अहम स्थान रखता है। वहीं अगर मेवाड़ की बात की जाए, तो मेवाड़ में ऐसे के प्राचीन मंदिर हैं, जो अपने चमत्कारों को लेकर भक्तों के बीच आस्था का केंद्र बने हुए हैं। आज हम आपको एक ऐसी देवी मां के मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे पानी की देवी कहा जाता है। भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ के मध्य स्थित 1400 वर्ष प्राचीन सगरा माता का मंदिर है, जो अपने पानी के चमत्कार को लेकर मशहूर है।

भक्तों के अनुसार, जहां माता रानी जगह बता दें, वहां पानी की धारा प्रकट होती है। राजस्थान के इस मंदिर में किसान अपने खेत से जमीन की मिट्टी लेकर पहुंचते हैं और खेत में कुआं और ट्यूबवेल खुदाई के दौरान पानी की अर्जी लगाते हैं।

यहां पर भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ ही नहीं, बल्कि आसपास के गांव और अन्य जिलों से भी किसान पहुंचते हैं।

**दो बहनों की प्रतिमा स्थापित**

सगरा माता मंदिर के पुजारी देवीलाल गुर्जर ने कहा कि भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ के मध्य 6 लाइन हाईवे के निकट 700 फिट ऊची पहाड़ी पर स्थित सगरा माता मंदिर 1400 वर्ष प्राचीन है। यहां पर दो बहनों की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसमें एक मुख्य प्रतिमा सगरा माता, जबकि उनकी बहन नारसी देवी माता विराजमान हैं।

**सगरा माता को पानी की देवी भी कहा जाता है**

यहां पर किसान अपने खेत में पानी की अर्जी लगाने के लिए पहुंचते हैं।

किसान अपने खेत की जमीन की मिट्टी लेकर मंदिर आते हैं और माता रानी के दर्शन कर खेत पर कुआं और ट्यूबवेल की खुदाई के दौरान पानी की अर्जी लगाते हैं। जहां माता रानी जगह बता दें, वहां पानी की धारा प्रकट होती है।

**एक बंजारा ने करवाई मंदिर की स्थापना**

भक्त माधु बा ने लोकल 18 से खास बात करते हुए बताया कि सगरा नाम का एक बंजारा, जो यहां से गुजर रहा था, उसके धन की पोटली कहीं खो गई, जो उसे नहीं मिली।

वह उसे ढूंढते हुए इस पहाड़ पर पहुंचा, जहां उसने माता रानी से अरदास लगाई। तब माता रानी ने उसे दर्शन दिए और बताया कि उसका धन कहां है, जिसके बाद बंजारा ने खुश होकर यहां पर मंदिर का निर्माण करवाया। तब से यह मंदिर यहां स्थापित है और बंजारा के नाम से ही जाना जाता है।

**मंदिर तक ऐसे पहुंचे**

मंदिर पुजारी देवीलाल ने कहा कि सगरा माता मंदिर भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ 6 लाइन हाईवे के मध्य स्थित 700 फिट ऊची पहाड़ी पर है।

भीलवाड़ा जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर, जबकि चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय से यह 12 किलोमीटर दूर है। यहां पर पहुंचने के लिए दो रास्ते हैं, जिसमें पहला रास्ता 350 सीढ़ियों से चढ़कर आना होता है, जबकि दूसरे रास्ते के लिए वाहन से भी पहुंचा जा सकता है।

# इस पौधे पर होता है शनिदेव का वास, इसे तोड़ने से होगा अशुभ





जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। एक दूसरी कथा महाभारत से जुड़ी है, जहां पांडवों ने अपने अस्त्र-शस्त्र शमी के वृक्ष के नीचे छुपाए थे और विजय प्राप्त कर इसकी पूजा की। इस घटना से शमी विजय और सफलता का प्रतीक बन गया। इसलिए इसे शिव जी को चढ़ाने से भक्तों को हर बाधा पर विजय प्राप्त करने की शक्ति मिलती है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शमी का पौधा शक्ति, साहस, और विजय का प्रतीक है, जिसे शिव जी को अर्पित करना जीवन की बाधाओं से मुक्ति और सुरक्षा का आशीर्वाद प्राप्त करने के समान है।

जब भगवान शिव ने राक्षसों का संहार करने का संकल्प लिया था, तब उन्होंने शमी के वृक्ष का आश्रय लिया था। इस घटना से यह वृक्ष शिव जी से जुड़ गया और तब से भक्तों ने इसे पूजा में अर्पित करना शुभ मानना शुरू कर दिया। शमी का पौधा चढ़ाने से शिव जी प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति के

शमी के पौधे को सोम, शनि, रवि और अमावस्या के दिन तोड़ना वर्जित है। ऐसा माना जाता है कि इस पौधे में शनिदेव का वास होता है, और इन विशेष दिनों पर इसे तोड़ने से अशुभ फल प्राप्त हो सकता है।

सोमवार को भी इसे नहीं तोड़ा जाता, क्योंकि यह भगवान शिव का प्रिय दिन होता है और इस दिन शिव जी के सम्मान में वृक्ष को अर्पण के लिए तोड़ने से बचा जाता है। इस प्रकार, विशेष नियमों का पालन करते हुए ही भक्त इसे शिव जी को अर्पित करते हैं।

# आजादी के बाद संयुक्त महाराष्ट्र बनने की कहानी

**मराठों का इतिहास**



ईस्ट इंडिया कंपनी की ओर से बढ़ावा मिलने के कारण बॉम्बे में गुजराती अभिजात वर्ग का दबदबा बढ़ा। इसके चलते यहां मराठी कामगारों और गुजराती संभ्रांतों के बीच टकराव बढ़ा। साथ ही राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक खींचतान के कारण ये जंग के मैदान के जैसा बनने लगा और अलग-अलग राज्य की मांग होने लगी।

महाराष्ट्र राज्य की मांग 1940 के दशक से होने लगी थी। 1 अक्टूबर 1938 को सेंट्रल प्रॉविंस और बरार प्रांत के विधानमंडल में बैरिस्टर रामराव देशमुख ने एक प्रस्ताव पेश किया। 15 अक्टूबर 1938 को बॉम्बे में विनायक दामोदर सावरकर की अध्यक्षता में मराठी भाषी इलाकों को मिलाकर महाराष्ट्र राज्य बनाए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

हालांकि, 1940 से 1945 के बीच द्वितीय विश्वयुद्ध और भारत छोड़ो आंदोलन के कारण अलग राज्य की मांग ठंडी पड़ गई। आजादी की सुगबुगाहट के साथ ये मांग फिर उठने लगी।

संविधान सभा ने 1948 में जस्टिस एसके धर के नेतृत्व में एक आयोग बनाया। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि भाषाई आधार पर राज्यों का पुनर्गठन करना देश की एकता और अखंडता के खिलाफ होगा।

दिसंबर 1948 में जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल और पट्टाभि सीतरमैया की कमेटी ने भी सिफारिश की- राज्यों का पुनर्गठन भाषा के आधार पर न होकर आर्थिक विकास, राष्ट्रीय एकता और सुरक्षा के आधार पर किया जाए।

मई 1949 में बॉम्बे प्रेसिडेंसी के मुख्यमंत्री बीजी खेर और गृहमंत्री मोरारजी देसाई राज्य के डांग जिले में सरकारी दौरे पर पहुंचे। किसान नेता इंदुलाल याग्निक की गुजराती में लिखी किताब 'आत्मकथा' के मुताबिक...

सरकारी दौरे पर डांग पहुंचे मुख्यमंत्री और गृहमंत्री ने कहा कि डांग के आदिवासी लोग मराठी भाषा बोलते हैं और इस भाषा का विस्तार होना चाहिए।

इस बयान के बाद गुजराती बोलने वाले लोगों के बीच अलग राज्य की मांग तेज हो गई। गुजरात के पॉलिटिकल एनालिस्ट हरि देसाई कहते हैं, '1956 के दौरान महागुजरात आंदोलन में मुंबई के साथ गुजरात की मांग हो रही थी। वहीं संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में मुंबई के साथ महाराष्ट्र राज्य की मांग हो रही थी, लेकिन गुजराती होने के बावजूद मोरारजी देसाई ये नहीं चाहते थे कि गुजरात और महाराष्ट्र अलग हों। 20 नवंबर 1955, मुंबई समेत अलग महाराष्ट्र राज्य बनने की मांग के बीच मुख्यमंत्री मोरारजी देसाई और सांसद एस. के. पाटिल ने गिरगांव चौपाटी पर एक सभा की। इस सभा में एस. के. पाटिल ने कहा कि जब तक आकाश में सूरज और चांद है मुंबई महाराष्ट्र में समाहित नहीं हो सकता। इस घोषणा से मुंबई के लोगों में इतना रोष भरा कि सभा में शामिल लोगों ने दोनों नेताओं पर पत्थर और चप्पलें बरसानी शुरू कर दीं। मोरारजी देसाई इस दौरान घायल भी हुए। मुंबई के हुतात्मा चौक (पहले फ्लोरा फाउंटेन) की तरफ लाखों की भीड़ ने मार्च किया। सीएम मोरारजी देसाई ने भीड़ को रोकने शूट एक साइट एंड शूट टु किल के आदेश दिए थे। इसके बाद गोलीबारी में एक ही दिन में 15 लोग मारे गए और 300 से ज्यादा घायल हुए।**(जारी)**

# नागौर के इस देवी मां के मंदिर में मन्नत मांगने से हो जाती है कुंवारों की शादी



जिले में अनेकों लोक देवताओं के मंदिर मौजूद है। नागौर में तेजाजी महाराज का मंदिर के अलावा भी ऐसे अनेकों मंदिर है जिनकी ख्याति संपूर्ण राजस्थान में है। ऐसा ही एक देवी माता का मंदिर बना हुआ जहां पर आप मुंह खोलकर प्रार्थना नहीं कर सकते ना ही आप किसी प्रकार की मन्नत मांग सकते हैं। यह मंदिर इनागौर का मुन्दड़ाबह्मणी माता का मंदिर है।

मंदिर पुजारी पुखराज मथुरिया ने बताया कि इस मंदिर में यहां भक्तों को अपनी मनोकामना बिना बोले मांगते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर में बिना बोले मन्नत मांगने से मनोकामना पूर्ण भी होती है। पुजारी ने बताया कि मुन्दड़ा ब्रह्माणी माता के मंदिर की स्थापना 100 वर्ष पहले हुई थी। यह मंदिर मुदियाड़ में स्थित बह्माणी माता के तर्ज पर बना हुआ है। मुन्दियाड़ में माता जी की मूर्ति खड़ी है। यहां पर माताजी की मूर्ति ध्यान मग्न है।

**चमत्कारों के लिए भी प्रसिद्ध ये मंदिर**

मंदिर पुजारी पुखराज मथुरिया ने बताया कि इस मंदिर में भक्तों को देवी के द्वारा कई प्रकार के चमत्कार दिखाए है। एक भक्त ने बताया कि काफी समय से उसकी शादी तय होने के बाद भी बार-बार दिक्कत आ रही थी, तब देवी मां से मन्नत मांगी तो पूर्ण हो गई। वहीं यहां पर दूसरे चमत्कार की बात करें तो महिला के बार-बार गर्भपात होने पर मां नहीं बन पा रही थी तो देवी मां से मन्नत मांगी तो पूर्ण हो गई।

शादी से संबंधित समस्या होती है दूर पुजारी ने बताया कि यहां पर भक्त द्वारा सच्चे मन से कोई मन्नत मांगी जाती है तो पूर्ण हो जाती है। पुजारी ने बताया कि परिक्रमा देने से देवी मां की पूजा करने से रिश्तों से संबंधित समस्या, शादी से संबंधित समस्या, विवाह का योग बनना व संतान प्राप्ति का सुख प्राप्त होना व नौकरी से सबंधित बाधा का दूर होना तमाम प्रकार की मनोकामना पूर्ण होती है।

# क्या है रुद्राक्ष का रहस्य?



## रुद्राक्ष की कितनी प्रकार होती हैं?

- -दो मुखी रुद्राक्ष
- -तीन मुखी रुद्राक्ष
- -चार मुखी रुद्राक्ष
- -पांच मुखी रुद्राक्ष
- -छह मुखी रुद्राक्ष
- -सात मुखी रुद्राक्ष
- -आठ मुखी रुद्राक्ष
- -नौ मुखी रुद्राक्ष
- -दस मुखी रुद्राक्ष
- -ग्यारह मुखी रुद्राक्ष
- -बारह मुखी रुद्राक्ष

रुद्राक्ष पहनने के नियम रुद्राक्ष पहनते समय कुछ खास बातें ध्यान में रखनी चाहिए:

-रुद्राक्ष की माला या किसी भी रूप में रुद्राक्ष पहनकर कभी श्मशान या असमर्थ स्थान पर न जाएं। यह धार्मिक दृष्टिकोण से अशुद्ध माने जाते हैं।

-रुद्राक्ष एक व्यक्ति ने पहना है, तो दूसरा व्यक्ति उसे न पहने।

-रुद्राक्ष की माला में अनिवार्य रूप से विषम संख्या के मनके होने चाहिए।

-रुद्राक्ष माला कम से कम 27 मनकों की होनी चाहिए।

-रुद्राक्ष को काले धागे में न पहनें, बल्कि इसे लाल या पीले धागे में लपेटना शुभ माना जाता है।

-रुद्राक्ष को हमेशा साफ हाथों से ही छुएं।

रुद्राक्ष पहनने के दौरान क्या करें? रुद्राक्ष पहनने के बाद 'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें, जिससे भगवान महादेव प्रसन्न होते हैं। रुद्राक्ष हमेशा स्नान करने के बाद पहनें।

**राशि अनुसार रुद्राक्ष का चुनाव कैसे करें?**

**-मेष, कर्क, तुला, मकर और कुंभ राशि के लोग रुद्राक्ष पहन सकते हैं।**

**-मेष राशि के लोग तीन मुखी रुद्राक्ष पहनें।**

**-वृषभ राशि के लोग छह मुखी रुद्राक्ष पहनें।**

**-मिथुन राशि के लोग चार मुखी रुद्राक्ष पहनें।**

**-कर्क राशि के लोग दो मुखी रुद्राक्ष पहनें।**

**-सिंह राशि के लोग एक मुखी रुद्राक्ष पहनें।**

**-कन्या राशि के लोग बारह मुखी रुद्राक्ष पहनें।**

**असली रुद्राक्ष कैसे पहचानें?**

असली रुद्राक्ष की पहचान करना बेहद आसान है। एक पूरी तरह पका हुआ रुद्राक्ष पानी में डुबोने पर डूब जाता है। अगर रुद्राक्ष पानी में जल्दी डूब जाए, तो यह असली होता है। वहीं, जो रुद्राक्ष धीरे-धीरे डूबे, वह नकली या हल्के गुणवत्ता का माना जाता है। रुद्राक्ष का आकार मुख्य रूप से गोल होता है, और इसके कांटे हल्के होते हैं लेकिन मजबूत और कठोर होते हैं।

**रुद्राक्ष का महत्व**

**रुद्राक्ष सिर्फ एक धार्मिक वस्तु नहीं है, बल्कि यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसलिए इसे सही तरीके से पहनना और समझना बहुत जरूरी है।**



# ट्रांसपेरेंट ड्रेस में अंकिता लोखंडे का स्टाइलिश अंदाज

टीवी की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं अंकिता लोखंडे। अंकिता ने कुछ ही देर पहले अपना लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस नए लुक में अंकिता बेहद ही खूबसूरत दिख रही हैं। अंकिता ने ब्लू कलर की ट्रांस्पेरेंट ड्रेस पहनी हुई है।

अंकिता ने इस लुक के साथ कैप्शन में लिखा, 'एक महिला की सुंदरता उसके द्वारा पहने जाने वाले कपड़ों, उसके फिगर या उसके बाल संवारने के तरीके में नहीं है।'

अंकिता ने आगे लिखा, 'एक महिला की सुंदरता उसकी आंखों में देखी जाती है, क्योंकि वह उसके दिल का द्वार है, वह स्थान जहां प्यार रहता है। एक महिला की सच्ची सुंदरता उसकी आत्मा में झलकती है।'

# वीकएंड पर तमन्ना ने की गर्ल गैंग के साथ पार्टी रवीना की बिटिया राशा भी रहीं जश्न में शामिल

इस साल की सबसे हिट और दर्शकों की पसंदीदा रही फिल्म 'स्त्री 2' में तमन्ना भाटिया का आइटम नंबर 'आज की रात' भी खूब हिट हुआ है। हाल ही में खुद तमन्ना भी इस गाने पर जमकर थिरकीं। दरअसल, तमन्ना ने वीकएंड पर पार्टी रखी। इसकी झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा की हैं। तस्वीरों में अभिनेत्री को अपने गर्ल गैंग के साथ जमकर मस्ती करते देखा जा सकता है।



### राशा और डायना भी बनीं हिस्सा

तमन्ना भाटिया ने आज सोमवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने वीकएंड पर हुई पार्टी की तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'जब हमारे लिए आज की रात का मतलब रहा रविवार'। तस्वीरों में डायना पेंटी और राशा थडानी भी नजर आ रही हैं। राशा के साथ तमन्ना की बॉन्डिंग काफी दमदार लग रही है।

### कब रिलीज होगी 'सिकंदर का मुकद्दर'

पहली तस्वीर में तमन्ना भाटिया और उनकी दोस्त पोज देती दिख रही हैं। दूसरी तस्वीर में तमन्ना और राशा की फोटो है। दोनों की मुस्कुराहट दिल जीत लेने वाली है। तीसरी फोटो में तमन्ना खिलखिलाकर हंस रही हैं। बाकी तस्वीरों में भी सभी का खूबसूरत अंदाज देखने को मिल रहा है। तमन्ना भाटिया की फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' की बात करें तो यह 29 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### जल्द डेब्यू करेंगी राशा

राशा थडानी रवीना टंडन और अनिल थडानी की बेटी हैं। राशा चर्चित स्टारकिड हैं। वे अभिनय की दुनिया में तो सक्रिय नहीं हैं, लेकिन लाइमलाइट में खूब रहती हैं। राशा बॉलीवुड में भी डेब्यू करने को तैयार हैं। फिल्म 'आजाद' से वे दर्शकों के बीच पहुंचेंगी।

# नयनतारा की नई फिल्म का नाम आया सामने टीजर में दिखा एक्शन भरा दमदार अंदाज



नयनतारा इन दिनों अपनी डॉक्यूमेंट्री नयनतारा बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर चर्चा में हैं। साथ ही अभिनेता धनुष से कॉपीराइट इश्यू पर हुए विवाद के कारण भी वह खबरों में बनी हुई हैं। इसी बीच अभी उनकी नई फिल्म नाम और कुछ दृश्य सोशल मीडिया पर साझा किए गए हैं। इन दृश्यों में वह काफी दमदार किरदार में नजर आ रही हैं।

### रक्कायी है फिल्म का नाम

नयनतारा की आने वाली फिल्म का नाम रक्कायी है। उन्होंने अपनी फिल्म के जो दृश्य अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किए हैं उसमें वह हमलावारों से अपनी बच्चे की रक्षा करती हुई नजर आ रही हैं। पहले ही दृश्य में वह एक्शन करती हुई दिख रही हैं।

### कैप्शन में साझा की कहानी

नयनतारा ने फिल्म रक्कायी का एक छोटा सा टीचर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। उसके साथ एक कैप्शन भी लिखा है। जिससे फिल्म की कहानी का कुछ हद तक पता चल जाता है। कैप्शन में वह लिखती हैं ऐसे देश में जहां न्याय केवल एक याद बनकर रह गया है। वहां एक मां रहती थी जिसकी दुनिया उसका बच्चा था लेकिन जब उसकी बेटी की जान को एक राक्षस से खतरा हो जाता है तो वह भागती नहीं वह लड़खड़ाती नहीं। इसके बजाय वह युद्ध की घोषणा करती है। कैप्शन दिया गया यह विवरण नयनतारा की फिल्म की कहानी को कह देता है। दर्शकों को इस फिल्म में वह एक मां की भूमिका निभाती नजर आएंगी जिसका मकसद बस अपनी बच्ची की रक्षा करना है। इसके लिए वह बुरे लोगों से भी लड़ने को तैयार है।

### एक्शन का दम दिखाएंगी नयनतारा

अपनी फिल्म रक्कायी में नयनतारा जबरदस्त एक्शन करती हुई नजर आएंगी। अब तक दर्शक ऐसा एक्शन करते हुए साउथ फिल्मों में मुख्य अभिनेताओं को देखते थे लेकिन अब अपने एक्शन का दम नयनतारा भी दिखाएंगी। वह पहले भी कई फिल्मों में एक्शन सींस कर चुकी हैं लेकिन यह पहली बार होगा कि पूरी फिल्म में वह एक्शन करेंगी।

# 'राजा हमार महाराजा हवे' रिलीज होते ही हुआ वायरल फिर से छा गए खेसारी लाल

अभिनेता खेसारी लाल यादव के चर्चित गाने 'यादव जी के झंडा' का दूसरा पार्ट 'यादव जी के झंडा 2' हाल ही में रिलीज हुआ। यह गाना भी खूब पसंद किया जा रहा है और इस बीच आज सोमवार को अभिनेता का एक और नया गाना आ गया है। खेसारी का गाना 'राजा हमार महाराजा हवें' आज सोमवार को रिलीज हुआ है और रिलीज के चंद घंटों में ही इसे ताबड़तोड़ व्यूज मिल रहे हैं।



### खेसारी के साथ कल्पना पटवारी ने लगाए सुर

इस गाने को खेसारी लाल यादव और कल्पना पटवारी ने अपने सुरों से बांधा है। गाना खेसारी और रानी पर फिल्माया गया है। कल्पना पटवारी ने लंबे समय बाद कोई गाना गाया है, यह भी एक वजह है कि दर्शकों का क्रेज इस गाने के प्रति जबर्दस्त है। आज सुबह रिलीज हुए गाने को चंद घंटों के अंदर करीब तीन लाख व्यूज मिल चुके हैं।

### कहां हुआ है रिलीज?

'राजा हमार महाराजा हवे' को आर्या एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में खेसारी अपने चिर-परिचित अंदाज में नजर आ रहे हैं। रानी के साथ उनका धमाकेदार डांस फैंस को पसंद आ रहा है। शादी के मौसम में रिलीज हुए इस गाने का हिट होना तय है।

इस गाने पर दर्शकों की प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स लिख रहे हैं, 'यह गाना तबाही मचाने वाला है'। एक यूजर ने लिखा, 'ट्रेंडिंग लिस्ट में शामिल होने वाला है यह गाना'। एक यूजर ने लिखा, 'बिहार में एक ही राजा, अपने खेसारी लाल यादव'। खेसारी के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म 'राजाराम' बीते दिनों छठ पर्व के अवसर पर रिलीज हुई।

# क्या नरसिम्हा स्वामी के रूप में नजर आयेंगे प्रभास?

होम्बले फिल्म्स, एक प्रोडक्शन हाउस जो कभी तेलुगु फिल्म उद्योग में आकस्मिक परिचय था, अब शहर में चर्चा का विषय बन गया है। KGF फिल्म की सफलता के बाद कंपनी को और अधिक लोकप्रियता मिली। इसके बाद इसने केजीएफ 2, कंतारा और सालार जैसी



ब्लॉकबस्टर फिल्मों से अपनी पहचान बनाई। होम्बले फिल्म्स के संस्थापक विजय किरागांदुर ने विश्वास जताया कि उनकी कंपनी की हर फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करेगी। ये शब्द सच हुए और कंपनी द्वारा निर्मित सभी फिल्मों ने बड़ी सफलता हासिल की।

फिलहाल यह कंपनी कई स्टार हीरो के साथ फिल्में बना रही है, इनमें सालार 2, कंतारा 1, प्रभास अभिनीत दो फिल्में और अखिल अक्किनेनी अभिनीत एक और फिल्म का भी निर्माण किया जा रहा है। कंपनी ने 'महाअवतार' नाम से फिल्मों की एक नई सीरीज लाने का फैसला किया है। इस सीरीज की पहली फिल्म 'महाअवतार नरसिम्हा' होने वाली है। हालांकि फिल्म का विवरण अभी तक सामने नहीं आया है, लेकिन हाल ही में जारी किया गया पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भक्तों की रक्षा करने वाले नरसिम्हा के अवतार को दिखाया गया है, इस बात पर जोर दिया गया है कि जब आस्था पर सवाल उठाया जाता है तो वह प्रकट होते हैं। इस पोस्टर को देखकर दर्शक उत्साहित हो गए. खासकर, यह अफवाहें कि प्रभास फिल्म में नरसिम्हा का किरदार निभाएंगे, काफी भ्रम पैदा कर रहा है। प्रशंसकों को उम्मीद है कि यह उन दो फिल्मों में से एक होगी जो प्रभास होम्बले फिल्म्स के साथ कर रहे हैं, अब तक अभिनेताओं और रिलीज की तारीख जैसे विवरणों की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन प्रशंसकों की दिलचस्पी इस बात को लेकर बढ़ रही है कि नरसिम्हा की भूमिका कौन निभाएगा। इस फिल्म के साथ-साथ यह भी राय है कि यह सीरीज होम्बले फिल्म्स के उत्पादन मूल्यों के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए दर्शकों का मनोरंजन करती रहेगी। अब देखना यह है कि फिल्म का सिलसिला कैसे जारी रहेगा और कितनी बड़ी सफलता मिलेगी। होम्बले फिल्म्स अभी भी अपनी शुरुआत से ही अद्भुत फिल्मों के साथ दर्शकों का दिल जीत रहा है और और अधिक अद्भुत फिल्में देने की उम्मीदों के साथ आगे बढ़ रहा है।

महानती कीर्ति सुरेश की शादी को लेकर खबरें लगातार वायरल हो रही हैं. पिछले दिनों उन्होंने शादी की खबरों को अफवाह बताकर खारिज कर दिया था, लेकिन इस बार हालात बिल्कुल अलग नजर आ रहे हैं. नेशनल मीडिया से लेकर कॉलीवुड तक हर जगह ऐसी खबरें हैं कि कीर्ति सुरेश की शादी दिसंबर में तय हो गई है. पिछले दो दिनों से कीर्ति की शादी की खबरें फिर से चर्चा का विषय बनी हुई हैं. बॉलीवुड मीडिया ने भी इस खबर को पुख्ता किया. हालांकि, अभी तक न तो कीर्ति सुरेश और न ही उनके परिवार के सदस्यों ने इस खबर पर आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया दी है। और इस बार ये दिलचस्प हो गया है कि क्या वो इस खबर से इनकार करेंगी या फिर चुप रहेंगी. अब तक मिली जानकारी के मुताबिक खबरें हैं कि कीर्ति ने इस बार लव मैरिज की बजाय अपने परिवार वालों द्वारा तय किए गए रिश्ते को ओके कह दिया है. अफवाह यह है कि दूल्हे के रूप में एक पारिवारिक मित्र को चुना गया है। इसके अलावा, कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कीर्ति सुरेश का करियर भी हाल ही में टॉलीवुड में ज्यादा सफल नहीं रहा है। लेकिन उन्होंने अपना ध्यान कॉलीवुड और बॉलीवुड पर केंद्रित कर दिया। उनकी दशहरा फिल्म को हाल के दिनों में बड़ी सफलता मिली है। वरना पिछले दिनों उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी खबरें भी चर्चा का विषय बनी हुई थीं कि कीर्ति सुरेश अनिरुद्ध को डेट कर रही हैं। उनकी करीबी तस्वीरों का वायरल होना और पार्टियों में साथ नजर आना जैसे कारणों से उस वक्त उनकी डेटिंग की अफवाहें सुनने को मिली थीं। इस बार शादी की खबरों की सच्चाई जानने के लिए हमें कीर्ति की आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना होगा।

# कीर्ति सुरेश की शादी की खबर इस बार सच्ची है



# इस साल नहीं आएगी कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी'

कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' खूब चर्चा में रही है। रिलीज से पहले ही इस पर



विवाद भी काफी हुए हैं। हालांकि, दर्शकों तक यह अभी तक नहीं पहुंच सकी। इसकी रिलीज डेट कई बार टल चुकी है। इस साल सितंबर में इसे रिलीज किया जाना था, लेकिन सेंसर से सर्टिफिकेट नहीं मिल पाने के चलते ऐसा नहीं हो पाया। अब आज सोमवार की इसकी नई रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### इस तारीख को होगी रिलीज

कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' की नई रिलीज डेट का एलान हो चुका है। आज कंगना रनौत ने इससे पर्दा उठाया है। यह फिल्म इस साल रिलीज नहीं होगी, बल्कि अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। नई तारीख है 17 जनवरी 2025।

### कंगना ने साझा किया पोस्ट

कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा किया है और इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'देश की सबसे ताकतवर महिला की महागाथा... और वह क्षण जिसने भारत की नियति बदल दी...इस पर आधारित फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। कंगना के पोस्ट पर अभिनेता अनुपम खेर ने कमेंट किया है, 'जय हो!'। इसके अलावा यूजर्स भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। कुछ यूजर लिख रहे हैं, 'इस फिल्म के लिए एडवांस में ब्लॉकबस्टर बटन'। एक यूजर ने लिखा, 'आखिरकार पता चल गया! इस फिल्म का बेसब्र होकर इंतजार कर रहे हैं'। इसके अलावा लोग कंगना रनौत को बधाई दे रहे हैं।

# पॉपुलर कोरियोग्राफर सेंथिल ने छोड़ दी महेश बाबू की फिल्म

हाल ही में टॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर एसएस राजामौली और सुपरस्टार महेश बाबू के कॉम्बिनेशन में बनने जा रही बिग बजट फिल्म SSMB29 की चर्चा ने लोगों का ध्यान खींचा है. महेश बाबू के फैंस के अलावा फिल्म दर्शक भी इस फिल्म का



बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उम्मीद है कि राजामौली और हॉलीवुड फिल्में इस फिल्म को कमाल दिखाएंगी। राजामौली प्री-प्रोडक्शन के काम में व्यस्त हैं। हालांकि अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है कि अलग खबर ये है कि पॉपुलर कोरियोग्राफर सेंथिल इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गए हैं. सेंथिल का उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उन्होंने मगधीर, बाहुबली, आरआरआर जैसी राजामौली की हर फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कहा जा सकता है कि उनके पास अपने काम में बड़ी कुशलता और सफलता है। इस कॉम्बो के साथ आई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है.

हाल ही में सेंथिल ने मीडिया को बताया कि वह राजामौली-महेश बाबू प्रोजेक्ट पर काम नहीं कर रहे हैं. लेकिन उन्होंने कहा कि दोनों के बीच कोई झगड़ा नहीं था और वे अच्छे पारिवारिक मित्र थे. उन्होंने साफ कर दिया कि अगर वे फिल्म नहीं बनाएंगे तो उनके रिश्ते में कोई बदलाव नहीं आएगा। इस फैसले के पीछे का कारण बताते हुए उन्होंने कहा, "फिल्म के लिए सही तकनीशियनों का चयन करना निर्देशक का काम है। यह महसूस करते हुए कि मैं फिल्म के लिए सही व्यक्ति नहीं हूं, राजामौली ने मुझे फिल्म से बाहर कर दिया।" सेंथिल ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि हम इस बात पर ध्यान दें कि भविष्य में नई तकनीकों का उपयोग कैसे किया जाए।

# नागा चैतन्य शोभिता की शादी का कार्ड लीक



टॉलीवुड सुपरस्टार अक्किनेनी नागार्जुन के बेटे नागा चैतन्य की अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला के साथ सगाई फिल्म उद्योग में एक गर्म विषय बन गई है। कुछ दिनों से उनके रोमांस की अफवाहें चल रही थीं, लेकिन उन्होंने अपनी सगाई से उन अटकलों पर विराम लगा दिया। अब उनकी शादी की तारीख, स्थान और समारोह का विवरण प्रशंसकों के बीच दिलचस्पी जगा रहा है। मंथा से तलाक के बाद, नागा चैतन्य का अकेले बिताया हुआ समय खत्म हो गया है, अक्किनेनी के प्रशंसक नई खुशी में डूब गए हैं। दोनों परिवार शादी की तैयारियों को बेहद गुप्त रख रहे हैं।

वहीं, शोभिता द्वारा अपने घर पर पीले रंग के कार्यक्रमों की तस्वीरें साझा करने से इस बात का संकेत मिल गया कि शादी करीब है। पुरस्कार समारोह में शोभिता को नागार्जुन के साथ मेगास्टार चिरंजीवी और अमिताभ बच्चन जैसी हस्तियों से भी मिलवाया गया। सोभिता पारिवारिक समूह फ़ोटो में सबसे अलग नज़र आती हैं। खबर है कि शादी की तैयारियां हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में होने की संभावना है . अफवाह है कि 2 दिसंबर को संगीत, 3 को मेहंदी, 4 को शादी और 10 को ग्रैंड रिसेप्शन होगा। सोशल मीडिया पर शादी के कार्ड डिजाइन और गिफ्ट्स की डिटेल्स भी वायरल हो रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि कार्ड में नागा चैतन्य के माता-पिता के नाम के साथ-साथ अक्किनेनी और दग्गुबाती परिवार के बुजुर्गों के नाम का भी जिक्र है। इस खबर की सच्चाई जानने के लिए हमें थोड़ा इंतजार करना होगा।



# ऐसे आप अपने हार्ट हेल्थ में सुधार ला सकते हैं



दुनियाभर में दिल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं. दुनियाभर में असमय होने वाली कुल मौतों में एक तिहाई लोग किसी न किसी तरह की दिल की बीमारी के कारण जान गंवाते हैं. हम किस तरह का भोजन करते हैं, उसका हमारी हार्ट हेल्थ पर बहुत असर पड़ता है. अगर हम हेल्दी फूड खाते हैं तो इससे न सिर्फ हम अपने हार्ट हेल्थ को सुधार सकते हैं, बल्कि हार्ट डिजीज को पनपने से भी रोक सकते हैं. अगर आप हार्ट डिजीज के रिस्क फैक्टर्स के बारे में जान लेंगे तो यह हेल्थी हार्ट की तरफ एक बड़ा कदम होगा. ब्लड प्रेशर , ट्राइग्लिसराइड्स, सूजन और कॉलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर हार्ट डिजीज के रिस्क फैक्टर्स हैं. अच्छी बात यह है कि हम इन सभी रिस्क फैक्टर्स को अपने भोजन के जरिए कम कर सकते हैं. इस आर्टिकल में जानते हैं कि हेल्दी डाइट की मदद से हम कैसे अपनी हार्ट हेल्थ को सुधार सकते हैं.

### फूड से कॉलेस्ट्रॉल को मैनेज कर सकते हैं

आपको अपने खानपान का बहुत ध्यान रखना होगा. कुछ तरह के फूड हमारा बेड कॉलेस्ट्रॉल बढ़ा सकते हैं, जबकि कुछ इसे कम करने में भी मददगार होते हैं. हमारे शरीर के हर सेल मेम्ब्रेन में कॉलेस्ट्रॉल होता है. यह एक ऐसा लिपिड है तो कई तरह की मेटाबोलिक प्रोसेस के लिए बहुत जरूरी होता है.

### अनसैचुरेटेड फैट है हेल्दी हार्ट के लिए जरूरी

सैचुरेटेड और ट्रांस डायट्री फैट्स की जगह अनसैचुरेटेड फैट के सेवन से आप हार्ट डिजीज की संभावना को कम कर सकते हैं. मक्खन, घी, नारियल तेल और पाम ऑयल की जगह ऑलिव ऑयल, एवाकाडो, सूरजमुखी , कैनोला, सैफ्लोवर, मूंगफली का तेल , सोयाबीन और तिल का तेल का इस्तेमाल करें.

### जरूरी न्यूट्रिएंट्स से सुधारें हार्ट हेल्थ

फलों और सब्जियों में पाए जाने वाले फाइबर, पोटैशियम और अन्य माइक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट हमें हार्ट डिजीज से बचाते हैं. यह फल और सब्जियां फोलेट के भी अच्छे स्रोत हैं. यह दिल के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों को कम करने में मददगार होते हैं. अगर आप कार्डियोवस्कुलर डिजीज के खतरे को कम करना चाहते हैं तो आपको अपनी डाइट में दालें, नट्स और सीड्स को शामिल करना चाहिए. यह सभी प्लांट प्रोटीन, फाइबर, लाभदायक फैट्स और मिनरल के अच्छे स्रोत हैं.

### ग्लाइसेमिक लेवल को मैनेज करने के उपाय

रिफाइन्ड न किए गए कार्बोहाइड्रेट सोर्स, जिनमें ग्लाइसेमिक लोड कम होता है, वह आपकी हार्ट हेल्थ के लिए अच्छे होते हैं. इसमें होलग्रेन ब्रेड, सीरियल्स, दालें और कई वैराइटी के चावल व पास्ता के साथ ही अधिकतर सब्जियां व फल शामिल हैं. यह ब्लड ट्राइग्लिसराइड और ग्लूकोज लेवल, डायबिटीज को मैनेज करने और हार्ट डिजीज के खतरे को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं. होलग्रेन सीरिल्स से भरपूर डाइट LDL कॉलेस्ट्रोल और हार्ट डिजीज के रिस्क को कम कर सकती है. ओट्स, मसूर और बार्ले (जौ) ऐसे फूड हैं, जिनमें सॉल्यूबल फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है. इस तरह के फूड कॉलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में बहुत ही उपयोगी होते हैं.

### एंटीऑक्सीडेंट की मदद से दिल को बचाएं

कुछ रिसर्च के अनुसार विटामिन ई, एक एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है. यह LDL कॉलेस्ट्रॉल से भी सुरक्षा देता है. एवोकाडो, हरी पत्तेदार सब्जियां, वेजिटेबल ऑयल (रिफाइंड तेल) और होलग्रेन गुड्स, विटामिन ई के बहुत ही अच्छे स्रोत हैं. विटामिन ई की गोलियां खाने की बजाय आपको इसके नेचरल सोर्सेज पर भरोसा करना चाहिए.

# तेज प्यास हाई बीपी-शुगर का संकेत मुंह सूखे, गाढ़ी-चिपचिपी लार, तो हो जाएं अलर्ट

## सौंफ का पानी पिएं, शहद-नींबू-पानी फायदेमंद

कई बार वक्त की कमी के चलते हम शरीर में होने वाले सेहत सम्बन्धी बदलाव को अनजाने में अनदेखा करते हैं। आगे जाकर यह बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम की वजह बन सकता है। पानी पीने के बाद भी बार-बार मुंह सूखना और अचानक से तेज प्यास महसूस होना भी किसी बीमारी का लक्षण हो सकता है। डॉक्टर अनुभव शुक्ल से जानें इसका कारण और समाधान।

### ड्राई माउथ एसिड को न्यूट्रलाइज करता है

शुष्क मुंह एक ऐसी स्थिति है जिसमें सलाइवरी ग्लैंड्स मुंह की नमी को बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में सलाइवा का उत्पादन नहीं कर पाते। सलाइवा ओरल हेल्थ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह बैक्टीरिया की ओर से बनाए गए एसिड को न्यूट्रलाइज करने में मदद करता है।

### अल्जाइमर का संकेत है ड्राई माउथ

अगर आपका मुंह बहुत ज्यादा सूखता है तो यह स्ट्रोक, डायबिटीज या अल्जाइमर का संकेत हो सकता है। कई बार मुंह सूखने का यह लक्षण एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर जैसे एचआईवी या स्जोग्रेन सिंड्रोम का संकेत भी हो सकता है।

### हाइपरग्लाइसीमिया में सूखता है मुंह

हाई ब्लड शुगर लेवल से भी गला सूखने लगता है। अगर ऐसा है तो अलर्ट हो जाएं। ब्लड में शुगर लेवल हाई होने से हाइपरग्लाइसीमिया भी कहा जाता है। नेशनल हेल्थ मिशन के अनुसार, हाइपरग्लाइकेमिया में मुंह सूखने और प्यास बढ़ने के साथ बार-बार यूरिनेशन की प्रॉब्लम भी होती है.

### बिगड़ी लाइफस्टाइल से हाई ब्लड शुगर की प्रॉब्लम



तनाव, किसी बीमारी की वजह से, जरूरत से ज्यादा खाना खाने की वजह से, एक्सरसाइज़ की कमी से, हिडाइड्रेशन और डायबिटीज से जुड़ी दवाइयां मिस करने से हाई ब्लड शुगर की प्रॉब्लम होती है.

### च्युइंगगम चबाएं

च्युइंगगम चबाएं या लार घोंटने से थोड़ी राहत मिल सकती है। अगर आपकी किसी बीमारी की वजह से पहले से दवाइयां चल रही हैं तो डॉक्टर से इस बारे में बात करें। अगर दवाइयां बदलने की जरूरत है तो डॉक्टर आपको ऐसी दवाइयां लिख सकता है जिससे सलाइवा बनने लगेगा।

### सौंफ का पानी पिएं

1 ग्लास पानी डालकर उसमें 1 चम्मच सौंफ और 1 चम्मच मिश्री डालकर उबालें। ठंडा होने पर इसे पीने से मुंह के सूखेपन में फायदा मिलता है। सौंफ में फ्लेवनॉयड्स होते हैं जो लार बनाने में मदद करते हैं।

### नींबू और शहद पानी पिएं

1 गिलास पानी में नींबू के रस की कुछ बूंदे और थोड़ा-सा शहद मिलाएं. इसे थोड़ी-थोड़ी देर तक पीते रहें। इससे मुंह में लार बनती रहेगी और ड्राई माउथ प्रॉब्लम नहीं होगी।

# क्या नींद की कमी का फर्टिलिटी पर होता है असर?



**स्वास्थ्य बेहतर** रखना है तो सभी लोगों को स्वस्थ आहार के साथ नियमित व्यायाम करने की सलाह दी जाती रही है, इसमें आदतों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अब अच्छी नींद को भी शामिल किया है। यानी कि नींद हमारी सेहत के लिए उतनी ही जरूरी है जितना कि पौष्टिक आहार और व्यायाम। लोगों में बढ़ती नींद की परेशानी के कारण कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ता हुआ देखा गया है। इसे तनाव-अवसाद की बढ़ती समस्या से लेकर ब्लड प्रेशर, हृदय रोगों को बढ़ाने वाला कारक भी माना जाता है। यही कारण है सभी लोगों को रोजाना रात में 6-8 घंटे की निर्बाध नींद लेने की सलाह दी जाती है।

शोधकर्ताओं ने सचेत किया है कि अगर आप रात की नींद पूरी नहीं कर पा रहे हैं और यह समस्या लगातार बनी हुई है तो इसके कारण प्रजनन स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर होने का खतरा रहता है। पुरुष-महिला, दोनों में इससे संबंधित समस्याएं देखी गई हैं।

### प्रजनन हार्मोन्स पर पड़ता है असर

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, नींद की कमी प्रजनन क्षमता से संबंधित हार्मोन को प्रभावित कर सकती है। मस्तिष्क का वह हिस्सा जो ₹स्लीप-वेक हार्मोन₹ को नियंत्रित करता है, नींद की कमी की स्थिति में यह महिलाओं में ओव्यूलेशन और पुरुषों में शुक्राणुओं को प्रभावित करता है।

महिलाओं में लंबे समय तक नींद की बनी रहने वाली समस्या के कारण एस्ट्रोजेन, प्रोजेस्टेरोन, प्रोलैक्टिन और ल्यूटिनाइजिंग जैसे हार्मोन सहित विभिन्न प्रजनन संबंधी हार्मोन पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। यानी नींद की कमी आपमें बांझपन जैसी समस्याओं के जोखिम को भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वैज्ञानिकों का कहना है कि पुरुषों में स्वस्थ शुक्राणु उत्पादन के लिए टेस्टोस्टेरोन हार्मोन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आमतौर पर नींद के दौरान ये हार्मोन रिलीज होते हैं। शोधकर्ता और महामारी विज्ञान के प्रोफेसर के अनुसार, कई अध्ययनों में पाया गया है कि जो लोग अच्छी नींद लेते हैं उनमें टेस्टोस्टेरोन का स्तर प्रजनन के लिए उपयुक्त बना रहता है। जबकि नींद और प्रजनन क्षमता पर किए गए अधिकांश शोध बताते हैं, बहुत कम नींद लेने वाले या नींद की खराब गुणवत्ता वाले लोगों में प्रजनन की समस्याओं का जोखिम अधिक होता है।

### शोध में क्या पता चला?

बोस्टन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के एक अध्ययन में 790 युगलों पर शोध किया गया। कई स्तर पर किए गए निष्कर्ष में पाया गया कि जिन लोगों को रोजाना 6 घंटे से कम की नींद मिल पाती थी उनमें गर्भधारण से संबंधित दिक्कतों का खतरा अधिक पाया गया। इसके अलावा जो पुरुष बहुत कम या बहुत देर तक सोते थे, उनमें प्रजनन समस्याओं का जोखिम 42% अधिक था। यानी कि नींद की कमी पुरुष-महिला दोनों के प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित करती हुई देखी गई है।

### अच्छी नींद पाने के करें प्रयास

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को दिनचर्या में ऐसी आदतों को जरूर शामिल करना चाहिए जो आपको अच्छी नींद पाने में मदद करती हैं।

हर दिन व्यायाम करें।

सोने-जागने का समय निर्धारित करें, रोजाना इसका पालन करें।

बेडरूम को शांत और कम रोशनी वाला रखें जिससे अच्छी नींद आए।

शराब का सेवन हानिकारक है इससे नींद प्रभावित होती है, इससे दूरी बनाएं।

# फटे दूध के पानी में प्रोटीन, मिनरल्स और विटामिन फेंकें नहीं

## आटा गूंथने, सब्जी बनाने और बाल धोने में करें इस्तेमाल; मजबूत होगी इम्यूनिटी

काफी लोगों को बाजार में मिलने वाले पनीर से संतुष्टि नहीं मिलती है। ऐसे लोग घर में पनीर बनाना पसंद करते हैं। कई बार गलती से दूध फट जाए तो भी लोग पनीर बना लेते हैं। दूध से पनीर या रसगुल्ला बनाने के बाद लोग फटे दूध यानी छेना के पानी को फेंक देते हैं या थोड़-बहुत अगली बार दूध को फाड़ने के लिए रख लेते हैं।

लेकिन फटे दूध का ये पानी बहुत काम का है। कुकिंग में तो इसके कई इस्तेमाल हैं ही; साथ ही साथ इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और लैक्टिक एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं।

ऐसे में फटे दूध के पानी के फायदे और उसके इस्तेमाल के कुछ शानदार तरीके जान लें।

### मिनरल्स और विटामिंस से भरपूर है फटे दूध का पानी

न्यूट्रिशनिस्ट बताती हैं-फटे हुए दूध के पानी में प्रोटीन, कॉर्बोहाइड्रेट, फैट, कैल्शियम और लैक्टिक एसिड के अलावा प्रचुर मात्रा में कई तरह के मिनरल्स और विटामिंस पाए जाते हैं। इसमें कैलोरी नाममात्र का होता है। इसका इस्तेमाल खाना बनाने से लेकर पीने तक में किया जा सकता है। इससे हमारी



इम्यूनिटी मजबूत होती है। साथ ही यह हाई ब्लड प्रेशर में भी फायदेमंद है। इसे पीने से किडनी की फंक्शनिंग ठीक रहती है।

### डेली पीने से पाचन तंत्र बनेगा मजबूत

चीनी या नमक डालकर छेना का पानी पीने से पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इससे खाना जल्दी पचता है और भूख भी लगती है। लो कैलोरी के चलते इससे वजन बढ़ने का भी खतरा नहीं होता है।

### इन तरीकों से छेना के पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं

आटा गूंथने में- छेना के पानी से आटा गूंथने से रोटियां मुलायम और चिकनी बनती हैं।

**सब्जी की ग्रेवी में-** सब्जी की ग्रेवी में पानी की जगह छेना के पानी को डालने से ग्रेवी ज्यादा रिच, हेल्दी और टेस्टी हो जाती है। किसी भी सब्जी की ग्रेवी में छेना के पानी का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**सूप में-** किसी भी वेजिटेबल सूप में पानी की जगह इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

**चावल बनाने में-** चावल या पुलाव बनाने में भी नॉर्मल पानी की जगह इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

**बाल धोने में-** छेना के पानी के कई एक्सटर्नल यूज भी हैं। इससे बाल मुलायम होते हैं। साथ ही इससे डैंड्रफ भी कम होता है। फेश वॉश करते हुए चेहरे को भी इसके पानी से धोया जा सकता है।

# संतरे के बाद दूध, गाजर और पपीता का सेवन खतरनाक

ठंडी तासीर का फल होने के बावजूद सर्दी के मौसम में संतरा सेहत के लिए फायदेमंद माना गया है। इसमें विटामिन ए-बी-सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सर्दियों में इम्यूनिटी को बूस्ट कर बीमारियों से बचाते हैं। स्वाद में लाजवाब संतरे को आंखों और स्किन के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। लोग अक्सर नाश्ते के साथ फल या जूस के रूप में संतरे को लेना पसंद करते हैं।



अनेक गुणों से भरपूर संतरा,



सेहत के लिए खतरनाक भी हो सकता है। खासतौर से तब जब इसे गलत कॉम्बिनेशन के साथ खाया जाए। संतरे को दूध, गाजर और पपीता के साथ, या फिर तुरंत पहले या बाद खाना सेहत को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में संतरे को खाने के सही तरीके और सही वक्त को जान लेना जरूरी है। ताकि चटक रंग वाला संतरा सेहत फीकी न करे।

### 'दूध और संतरा एक साथ जहर के समान हैं'

आयुर्वेद के अनुसार हर फल की एक प्रकृति होती है। उसकी प्रकृति के हिसाब से ही उसके खाने का समय और मात्रा तय होती है। किस चीज को किसके साथ खाना या नहीं खाना है, वह भी उसकी प्रकृति पर निर्भर करता है।

संतरा खट्टी प्रकृति का होता है और आयुर्वेद में खट्टी चीजों को दूध के साथ 'जहर के समान' बताया गया है। ऐसे में संतरा खाने के बाद दूध या दूध से बनी कोई भी चीज नहीं खानी चाहिए। इससे स्किन और डाइजेशन की समस्या हो सकती है।

### पपीता और गाजर भी नहीं है संतरे का साथी

ठंड के मौसम में संतरे के अलावा गाजर और पपीता भी खूब खाए जाते हैं। लेकिन इनका कॉम्बिनेशन ठीक नहीं है। संतरा खाने के आसपास पपीता और गाजर खाने से बचना चाहिए। अभिषेक उपाध्याय बताते हैं कि संतरा के साथ गाजर या पपीते को खाने से पित्त-दोष हो सकता है।

### दोपहर है संतरा खाने का मुफीद समय

संतरे के सुबह या शाम को खाने से बचना चाहिए। जानकार बताते हैं कि इसे खाने का सबसे मुफीद समय दोपहर है। संतरे को भोजन के बाद भी नहीं खाना चाहिए। ऐसे में लंच के थोड़ा पहले संतरा खाना सबसे बेहतर माना जाता है। संतरा खाने के आधे घंटे के भीतर कुछ और खाने से भी बचना चाहिए।



# शीत ऋतु में कौन-कौन से आहार लेना ठीक रहेगा

**प्रश्न : सही आहार में क्या-क्या शामिल होता है? कृपा कर बताएं। साथ में यह भी बताएं कि शीत ऋतु में कौन से रसायन का सेवन ठीक रहेगा।**

**- जगन मोहन वर्मा, हैदराबाद**

उत्तर : हमारे यहां अन्न को ईश्वर का स्वरूप माना गया है। संतुलित भोजन यानी सही आहार शरीर को स्वस्थ और पुष्ट करता है। साबुत अनाज शरीर के लिए अच्छा माना जाता है साबुत गेहूं, ब्राउन राइस, जई ,रागी, ज्वार , सभी तरह के कदान्न यानी मोटे धान्य सेहत के लिए ठीक रहते हैं। फलों और सब्जियों में रोग रक्षक और जीवन रक्षक तत्व पाए जाते हैं। सूखे मेवे दिमाग के लिए पुष्टिकर होते हैं। जैसे काजू, बादाम, पिस्ता, अखरोट, किशमिश, खरबूज के बीज, तरबूज के बीज आदि। दूध, दही का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह ध्यान रहे भोजन में कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटींस, फैट्स एंड फैटी एसिड्स, मिनरल्स और विटामिन की संतुलित मात्रा शरीर को स्वस्थ और उसकी रोग प्रतिरोधक शक्ति को पुष्ट करती है। शीतकाल में आयुर्वेद में ऐसे कई रसायन है जो लिए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए ऊंझा चवनप्राश, रजवाड़ीप्राश, स्वर्णिमप्राश, कोहिनूरप्राश, अश्वगंधावलेह और रस औषधि में ऊंझा वसंत कुसुमाकर रस, मकरध्वज वटी, पूर्णचंद्रोदय रस आदि लिए जा सकते हैं। भोजन के बाद ऊंझा पंचासव, ग्रेप्सविन, द्राक्षासव को 20 मिलीलीटर की मात्रा में आधे कप गुनगुने पानी में मिलाकर भोजन के बाद सेवन करने से शरीर स्वस्थ रहता है। बासी भोजन, पचने में भारी भोजन, घी -तेल में तले भोजन, बेहद मसालेदार भोजन से बचें।



सही और संतुलित आहार से शरीर और दिमाग दोनों दुरुस्त रहेंगे।

**प्रश्न : मैं दसवीं का छात्र हूं। बार-बार पढ़ने के बाद भी याद किया हुआ भूल जाता हूं। याददाश्त अच्छी हो जाए ऐसा कोई उपाय बताएं।**

**कखग, सिकंदराबाद**

उत्तर : आप सुबह सूर्योदय से पहले ब्रह्म मुहूर्त में अपने नित्य कर्मों से निवृत्त होकर अध्ययन के लिए बैठा करें। आप के अध्ययन की जगह शांत, वेंटीलेशन से भरपूर और उचित प्रकाशयुक्त हो। आप सुबह - शाम ऊंझा ब्राह्मी वटी एवं स्मृति सागर रस टिकिया दूध के साथ लिया करें। भोजन करने के बाद ऊंझा सारस्वतारिष्ट का सेवन करें। रात्रि सोने से पूर्व ऊंझा शंखपुष्पी सिरप 20 मिलीलीटर को आधे कप गुनगुने पानी में मिलाकर सेवन किया करें। ऐसा कुछ महीने सेवन करने से आपकी स्मृति ठीक होने लगेगी। पढ़ा हुआ याद रहेगा और आप परीक्षा में अपनी स्मृति का प्रयोग कर उत्तीर्ण हो जाओगे।

**प्रश्न : क्या आयुर्वेद में शिशुओं के लिए अच्छे टॉनिक है जो उनके शरीर का समुचित विकास कर सके?**

**-श्रीमती अनुपम नायडू, हनमकोंडा**

उत्तर : आयुर्वेद का एक अंग ₹कौमारभृत्य₹ शिशुओं की उचित देखभाल एवं उनकी चिकित्सा को ही समर्पित है। आयुर्वेद का प्राचीन ग्रंथ काश्यप संहिता पेडियाट्रिक्स यानी कौमारभृत्य को समर्पित ग्रंथ है। शिशुओं की दवा सुपाच्य, सरल और मीठी होना आवश्यक है। प्राचीन काल से ही गुडूची, सौंफ, भृंगराज, पिप्पली,कालमेघ ,भूमिआमलकी, अश्वगंधा, एला, पुनर्नवा आदि का प्रयोग शिशु चिकित्सा में होते रहा है। ऊंझा अरविंदासव शैशवावस्था कि एक अप्रतिम टॉनिक है। ऊंझा का ₹शिशु साथी₹ बच्चों के विकास को बढ़ाने वाली अपूर्व दवा है। औरा का ₹बेबीबून₹ सैरप भी एक ऐसी ही बेहतरीन औषधी है। शिशु शरीर की मालिश के लिए ऑलिव ऑयल (जैतून का तेल) एक कामयाब नुस्खा है। इससे रिकेट्स या हड्डियों का पोलापन समाप्त होता है। और शिशु शरीर का सही ढंग से विकास होता है।

**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**

email : purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कचपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी

स्वतंत्र वार्ता

396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80

मंगलवार, 19 नवंबर-2024 वित्त-वाणिज्य स्वतंत्र वार्ता, हैदराबाद



# मिडिल क्लास की चिंताओं का एहसास है वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को, दे दिए बड़े संकेत

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट पेश होने में अब ढाई महीने से भी कम समय बचा है। एक फरवरी 2025 को बजट पेश किया जाएगा। अगले महीने से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट को लेकर सलाह-मशविरा का दौर शुरू करेंगी। इससे पहले वित्त मंत्री ने मिडिल क्लास को राहत देने को लेकर बड़े संकेत दिए हैं। सोशल मीडिया पर एक यूजर के पोस्ट पर लिखे अपने जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, हमें आपकी चिंताओं का एहसास है।

वित्त मंत्री ने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार एक उत्तरदायी सरकार है जो लोगों की आवाजें सुनती भी है और उसका समाधान भी करती है।




**मिडिल क्लास को राहत देने की अपील**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तुषार शर्मा नाम के यूजर ने वित्त मंत्री सीतारमण को अपने पोस्ट में टैग करते हुए लिखा, देश के लिए हम आपके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं, और हम आपकी प्रशंसा करते हैं। मैं आपसे विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि आप मिडिल क्लास को कुछ राहत देने पर विचार करें। यूजर ने आगे लिखा, मैं इसमें शामिल व्याप्त चुनौतियों को अच्छी तरह समझता हूं, लेकिन इसके लिए आपसे हार्दिक अनुरोध है।

**वित्त मंत्रीः हमें चिंताओं का है एहसास**

तुषार शर्मा के इस पोस्ट पर वित्त मंत्री ने जवाब भी दिया। निर्मला सीतारमण ने लिखा, मैं आपके इन शब्दों और आपकी समझ के लिए धन्यवाद करती हूं। मैं आपकी चिंताओं को पहचानती हूं और उसकी सराहना करती हूं। वित्त मंत्री ने लिखा, प्रधानमंत्री मोदी की सरकार एक जिम्मेदार सरकार है जो लोगों की आवाजों और उनकी भावनाओं को सुनने के साथ उसका समाधान भी करती है। वित्त मंत्री ने यूजर को धन्यवाद करते हुए लिखा, आपका इनपुट बहुत ही बहुमूल्य है।

**मिडिल क्लास पर महंगाई का बोझ**

हाल के दिनों में ये देखने को मिला है कि मिडिल क्लास के हाथ तंग है। सितंबर और अक्टूबर महीने के महंगाई दर के आंकड़े बता रहे हैं कि आम लोगों और खासतौर से मिडिल क्लास पर महंगाई का बोझ बढ़ा है। अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 14 महीने के हाई 6.21 फीसदी पर जा पहुंची है जबकि खाद्य महंगाई दर 11 फीसदी के करीब 10.87 फीसदी रही है। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित करने के दौरान कई एफएमसीजी कंपनियों ने कहा कि, कमरतोड़ महंगाई के चलते शहरी इलाकों में एफएमसीजी और फूड आईटम्स के डिमांड पर असर पड़ा है।

**मिडिल क्लास तंगी में!**

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड से लेकर नेस्ले इंडिया की मैनेजमेंट ने डिमांड घटने की बात को स्वीकार किया है। हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड ने कहा कि जुलाई- सितंबर तिमाही में शहरी मार्केट्स में एफएमसीजी डिमांड में कमी देखने को मिली है। शहरी इलाकों में डिमांड में कमी का सामना नेस्ले इंडिया को भी करना पड़ा है। शहरी इलाकों में रहने वाले मिडिल-क्लास ने अपने खर्चों में कटौती कर दी है। सुरेश नारायण ने कहा, जिन लोगों के पास पैसा है वो जबरदस्त खर्च कर रहे हैं। लेकिन मिडिल-क्लास तंगी महसूस कर रहा है।

## सोने-चांदी के दाम में तेजी : सोना 866 बढ़कर 74,605 पर पहुंचा, चांदी 1,844 महंगी होकर 89,645 प्रति किलो बिक रही



नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी की कीमतों में आज (18 नवंबर) बड़ी बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 866 रुपए बढ़कर 74,605 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले इसके दाम 73,739 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी है। ये 1,844 रुपए बढ़कर 88,947 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 87,103 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 76,460 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 76,310 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 69,950 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 76,310 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 76,310 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 70,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 76,360 रुपए है।

**हैदराबाद :**10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रु 69950/10 ग्राम 24 कैरट के लिए रु 76310 रुपए है।


जून तक 85 हजार रुपए तक जा सकता है सोना केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। कीमत 74 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे आने की गुंजाइश कम है। अमेरिका के बाद यूके ने ब्याज दरों में कटौती की है। इससे गोल्ड ईटीएफ की खरीदारी बढ़ेगी। ऐसे में अगले साल 30 जून तक सोना 85 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

## अमेरिका और रूस की रंजिश में भारत का निकल रहा तेल, खर्च करने पड़े 80 अरब डॉलर

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका और रूस की रंजिश में भारत की स्थिति गंभीर हो रही है। खासतौर से जब बात तेल और गैस के आयात की हो। सोमवार को क्रूड ऑयल की कीमतों में हल्की तेजी देखी गई, जो भारत पर खर्चे का भार और ज्यादा बढ़ा सकता है। दरअसल, भारत में गैस और तेल की खपत पहले के मुकाबले बढ़ी है। यही वजह है कि तेल और गैस के आयात पर खर्च भी बढ़ा है। वित्तीय वर्ष के पहले सात महीनों की बात करें तो इसमें ये खर्च लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। पेट्रोलियम मंत्रालय के नए आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल से अक्टूबर 2024 तक, भारत का कुल तेल और गैस के आयात पर खर्च 79।3 बिलियन डॉलर था, जो पिछले साल के 69।2 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। ऐसे में अगर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए खतरे की घंटी होगी।

**रूस और अमेरिका की रंजिश बढ़ा रही चिंता**

सोमवार को कच्चे तेल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के पीछे रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव में अमेरिका का हस्तक्षेप बताया जा रहा है। दरअसल, हाल ही में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी पॉलिसी में एक बड़ा बदलाव हुआ, जिसके तहत अमेरिका ने



यूक्रेन को रूस पर हमला करने के लिए अमेरिका निर्मित हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति दी है। बताया जा रहा है कि इसका असर सीधे तौर पर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ेगा। ऑयल एंड गैस मार्केट के एक्सपर्ट टोनी साइकोमोर ने इसे लेकर कहा कि अमेरिका की ओर से यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों से कुर्स्क के आसपास रूसी सेना पर हमला करने की इजाजत देना फिर से तेल कीमतों में बढ़ोतरी के आसार हैं।

**इंपोर्ट पर निर्भर है भारत**

आपको बता दें, भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का उपभोक्ता है और इसकी आयात पर निर्भरता भी 85 फीसदी से ज्यादा है। इसके अलावा भारत प्राकृतिक गैस का भी बड़ा उपभोक्ता है और अपनी डिमांड पूरी करने के लिए 50 फीसदी से ज्यादा गैस का आयात करता है। ऐसे में अगर रूस और अमेरिका के बीच विवाद बढ़ा और कच्चे तेल पर इसका असर हुआ तो इसमें भारत सीधे तौर पर प्रभावित होगा।

## कहां जा रहा है भारत का मुफ्त अनाज ?

### हर साल 69000 करोड़ रुपये के राशन में सेंध




नई दिल्ली,18 नवंबर (एजेंसियां)। देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में खामियां अब तक बनी हुई हैं। पीडीएस के जरिये 28% अनाज गरीबों तक पहुंच ही नहीं पाता। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, हर साल लगभग 69,000 करोड़ रुपये का अनाज गलत हाथों में चला जाता है। यह रिपोर्ट इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशन्स ने तैयार की है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सरकार हर साल 81.4 करोड़ लोगों को मुफ्त या सस्ता अनाज देने के लिए चावल और गेहूं खरीदती है। लेकिन, इसमें से बहुत बड़ा हिस्सा 2 करोड़ टन या तो खुले बाजार में बिक जाता है या फिर दूसरे देशों में निर्यात कर दिया जाता है। इस रिपोर्ट को बनाने में आईसीआरआईईआर में इन्फोसिस चेयर प्रोफेसर अशोक गुलाटी, राया दास और रंजना रॉय ने योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 'यह सालाना नुकसान है। अनाज कहां जा रहा है? हो सकता है कि इसे खुले बाजार में बेचा जा रहा हो या फिर निर्यात किया जा रहा हो।'

**क्यों अब भी बनी हुई है चिंता?**

रिपोर्ट में घरेलू खपत व्यय सर्वेक्षण और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अगस्त 2022 से जुलाई 2023 तक के मासिक आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। इसके मुताबिक, 2011-12 में जहां 46% अनाज बर्बाद हो जाता था। वहीं, अब यह आंकड़ा घटकर 28% रह गया है। फिर भी यह चिंता का विषय है कि मुफ्त या सस्ते अनाज का एक बड़ा हिस्सा जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता। राशन की दुकानों में 2016 में पॉइंट-ऑफ-सेल मशीनें लगाई गई थीं। इससे अनाज की चोरी में कमी आई है। लेकिन समस्या अभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है।

**कहां कितनी चोरी?**

अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और गुजरात जैसे राज्यों में अनाज की चोरी सबसे ज्यादा होती है। पूर्वोत्तर राज्यों में डिजिटलीकरण की कमी के कारण यह समस्या और भी गंभीर है। दूसरी ओर, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों ने इस मामले में काफी सुधार दिखाया है। बिहार में 2011-12 में जहां 68.7% अनाज की चोरी होती थी। वहीं, 2022-23 में यह घटकर 19.2% रह गई। इसी तरह पश्चिम बंगाल में यह आंकड़ा 69.4% से घटकर 9% रह गया। हालांकि, कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 33% अनाज की चोरी होती है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में भी यह समस्या गंभीर बनी हुई है।

**बेहतरी के लिए दिए गए हैं ये सुझाव**

रिपोर्ट में कहा गया है कि राशन कार्ड को आधार से जोड़ने से वितरण व्यवस्था में सुधार हुआ है। लेकिन, फिर भी बड़े पैमाने पर चोरी जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू होने के बावजूद चोरी जारी है। इससे पता चलता है कि पीडीएस में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए निगरानी प्रणाली को बेहतर बनाने के साथ-साथ ढांचागत सुधारों की भी जरूरत है।

## आईटी स्टॉक्स में बिकवाली के चलते गिरावट के साथ बंद हुआ सेंसेक्स-निफ्टी, टाटा स्टील-एसबीआई में रही तेजी

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। इंफोसिस, टीसीएस और विप्रो जैसे आईटी स्टॉक्स में तेज गिरावट के चलते हफ्ते के पहले कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ है। हालांकि आईटी के अलावा दूसरे ज्यादातर सेक्टर्स में तेजी रही लेकिन आईटी स्टॉक्स में बिकवाली से बाजार दबाव में आ गया। आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 241 अंकों की गिरावट के साथ 77,371 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 79 अंकों की गिरावट के साथ 23,465 अंकों पर क्लोज हुआ है।

**चढ़ने - गिरने वाले शेयर्स**

आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 शेयर्स तेजी के साथ जबकि 16 गिरकर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में 21 तेजी के साथ और 29 गिरावट के साथ बंद हुए। तेजी वाले शेयरों में टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया, एचयूएल, एसबीआई, जेएसडब्ल्यू स्टील, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स शामिल है। जबकि टीसीएस, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक गिरावट के साथ बंद हुआ है।

**सेक्टोरल अपडेट!**

आज के कारोबार में बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल्स, रियल एस्टेट, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में तेजी रही जबकि आईटी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, एनर्जी, मीडिया और फार्मा सेक्टर के शेयरों में बिकवाली देखी गई। आज के ट्रेड के दौरान निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स फ्लैट बंद हुआ जबकि निफ्टी का स्मॉलकैप इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुआ है।

**क्यों गिरे भारतीय शेयर बाजार?**

भारतीय शेयर बाजार के गिरने में बड़ा हाथ आईटी स्टॉक्स का रहा है। निफ्टी का आईटी इंडेक्स एक समय 1200 अंकों से ज्यादा नीचे जा लुढ़का था और ये इंडेक्स 2.22 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है। निफ्टी आईटी इंडेक्स में शामिल सभी 10 शेयर गिरकर बंद हुए जिसमें इंफोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, विप्रो और एलटीआईमाइंडट्री और एचसीएल टेक शामिल है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने कहा है कि सेंट्रल बैंक को ब्याज दरें घटाने में जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। उनके इस बयान से अमेरिकी टेक कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई और इसका असर भारतीय आईटी स्टॉक्स पर भी पड़ा है।

## एसबीआई की खुलेंगी 500 नई ब्रांच, 22,500 नेटवर्क के साथ बन गया सबसे बड़ा बैंक

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक एसबीआई 100 साल का हो गया है। इस खास दिन देश की वित्त मंत्री ने देश के 50 करोड़ से ज्यादा कस्टमर्स को रिटर्न गिफ्ट दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एसबीआई के 100वें जन्मदिन पर ऐलान किया कि आम लोगों के लिए बैंक मौजूदा वित्त वर्ष में 500 और ब्रांच ओपन करेगा। इसका मतलब है कि देश में शहरों से लेकर रिमोट एरिया तक एसबीआई की रीच और ज्यादा बढ़ जाएगी।

**क्या है इतिहास**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष में अपने कुल नेटवर्क को 23,000 तक पहुंचाने के लिए 500 और शाखाएं खोलेगा। सीतारमण ने मुंबई में पब्लिक सेक्टर के बैंक की मेन ब्रांच की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि बैंक का साइज साल 1921 के बाद से काफी बढ़ गया है। उस समय तीन प्रेजिडेंसी बैंकों का विलय कर इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया (आईबीआई) बना था। उन्होंने कहा कि सरकार ने इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया को एसबीआई बनाने के लिए 1955 में संसद में एक कानून पारित किया। 1921 में 250 शाखाओं का नेटवर्क अब बढ़कर 22,500 हो गया है।

**वित्त मंत्री दिया 50 करोड़ को रिटर्न गिफ्ट**

सीतारमण ने कहा कि एसबीआई की आज




22,500 शाखाएं हैं और मैं समझती हूं कि वित्त वर्ष 2024-25 में 500 और शाखाएं खोली जाएंगी। यानी, शाखाओं की संख्या बढ़कर 23,000 हो जाएगी। एसबीआई ने बैंक क्षेत्र में जो वृद्धि हासिल की है, वह एक वैश्विक रिकॉर्ड होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एसबीआई देश में कुल जमा में 22.4 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। साथ ही कुल कर्ज में पांचवां हिस्सा इसका है और यह 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएं देता है। सीतारमण ने कहा कि बैंक में डिजिटल निवेश मजबूत है और यह एक दिन में 20 करोड़ यूपीआई लेनदेन संभाल सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह 1921 में तीन प्रेजिडेंसी बैंकों के विलय के उद्देश्य से बहुत आगे निकल गया है। एक सदी पुराने एकीकरण का मकसद लोगों तक बैंक सेवाओं का विस्तार करना था।एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा का एक विरासत इमारत में स्थित है। इसका उद्घाटन 1924 में हुआ था। वित्त मंत्री ने शाखा के लिए 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया और कहा कि देशभर में एसबीआई की 43 शाखाएं एक सदी से अधिक पुरानी हैं। 1981 और 1996 के बीच बैंक के इतिहास को उकेरने वाला दस्तावेज भी जारी किया।

## अनैतिक प्रथाओं पर अंकुश लगाने के लिए ढांचा मजबूत करें बैंक बोर्ड, आरबीआई गवर्नर ने दी नसीहत

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को बैंकों के निदेशक मंडल के सदस्यों से अनैतिक गतिविधियों जैसे उत्पादों की गलत बिक्री या उचित केवाईसी सत्यापन के बिना खाते खोलने पर अंकुश लगाने के लिए आंतरिक संचालन ढांचे को मजबूत करने को कहा। दास ने यह भी कहा कि बैंक कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहनों को सावधानीपूर्वक तैयार किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें अनैतिक कार्यों में लिप्त होने के लिए प्रोत्साहित न किया जा सके। उन्होंने यहां निजी क्षेत्र के बैंकों के निदेशकों के सम्मेलन में मुख्य भाषण में कहा, हालांकि इस तरह की प्रथाओं से अल्पकालिक लाभ मिल सकता है, लेकिन अंततः इनसे बैंक को दीर्घकालिक जोखिम का सामना करना पड़ता है, जिसमें प्रतिष्ठा को नुकसान, पर्यवेक्षी जांच और वित्तीय दंड शामिल हैं। दास ने आगे कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र ऐसे दौर से गुजर रहा है जो अवसरों के साथ-साथ जोखिमों और चुनौतियों से भी भरा हुआ है। उन्होंने कहा, बैंकिंग




क्षेत्र मजबूत और स्थिर बना हुआ है। पिछले वर्ष मई में हमारी बैठक के बाद से सभी वित्तीय संकेतकों में सुधार हुआ है, जो बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न प्रतिभागियों, जिनमें उनके प्रबंधन और बोर्ड शामिल हैं, के प्रयासों को दर्शाता है। बैंकिंग प्रणाली की लचीलापन बरकरार रखने के लिए गवर्नर ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा को सुदृढ़ और सुदृढ़ बनाने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे का लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अच्छा समय, आखिरकार, लचीलेपन को मजबूत करने और स्थायी रूप से विकास करने का सबसे अच्छा समय होता है। दास ने यह भी कहा कि तेजी से विकसित हो रहे और प्रौद्योगिकी-संचालित वातावरण में संगठनों को महत्वपूर्ण चुनौतियों और जोखिमों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति, नए युग की फिनटेक संस्थाओं का उदय, तीसरे पक्ष पर निर्भरता और जलवायु परिवर्तन जैसे कारक आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बदलते हालातों के बीच, बैंक बोर्डों को ऋणदाताओं के लिए प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करना चाहिए तथा इन चुनौतियों से निपटने तथा सुरक्षित और समृद्ध तटों की ओर बढ़ने में मदद के लिए स्थिर मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-27
सूर्यास्त. - 17-35
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- चतुर्थी 17-28 तक उपरान्त पंचमी
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण , मंगलवार 19 November
नक्षत्र - आर्द्रा 14-55 तक उपरान्त पुनर्वसु
योग - साध्य 14-55 तक उप शुभ
करण- बालव 17-28 तक उप कौलव
विशेषः- अनुराधा मे रवि
व्रत -त्योहार -

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे |
| चंद्र- | मिथुन | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | धनु | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक- | 06-14 | बजे |
| धनु---- | 08-28 | बजे |
| मकर... | 10-33 | बजे |
| कुंभ-- | 12-24 | बजे |
| मीन-- | 14-02 | बजे |
| मेष--- | 15-38 | बजे |
| वृष--- | 17-23 | बजे |
| मिथुन- | 19-24 | बजे |
| कर्क--- | 21-35 | बजे |
| सिंह--- | 23-48 | बजे |
| कन्या-- | 01-55 | बजे |
| तुला--- | 04-00 | बजे |

विशेषः- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 14:50 से 16:14 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 06:27 - 07:49 | अशुभ | काल | 17:35 - 19:14 | अशुभ |
| उत्पात | 07:49 - 09:13 | अशुभ | लाभ | 19:14 - 20:50 | शुभ |
| चंचल. | 09:13 - 10:37 | शुभ | उत्पात | 20:50 - 22:26 | अशुभ |
| लाभ | 10:37 - 12:02 | शुभ | शुभ. | 22:26 - 00:02 | शुभ |
| अमृत | 12:02 - 13:26 | शुभ | अमृत | 00:02 - 01:38 | शुभ |
| काल. | 13:26 - 14:50 | अशुभ | चंचल | 01:38 - 03:13 | शुभ |
| शुभ. | 14:50 - 16:14 | शुभ | रोग. | 03:13 - 04:49 | अशुभ |
| रोग | 16:14 - 17:35 | अशुभ | काल. | 04:49 - 06:27 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आप धोखाधड़ी के शिकार हो सकते है। आज का दिन किसी भी बड़े निवेश या खरीद के लिए उपयुक्त नहीं है। आज धन के मामलो में किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करे अन्यथा आपको काफी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ सकता है , फिर भी सही समय पर पर्याप्त विवेक के साथ आसानी से आप अपने धन की रक्षा कर सकते हैं।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपको आज आपके कार्य क्षेत्र में एक मूल्यवान सुझाव किसी निकट व्यक्ति जो आपके हृदय के पास हो से मिल सकता है । अगर आप उसकी बात को ध्यानपूर्वक सुनेंगे तो आगे जाकर आपके भविष्य में अनुकूल प्रभाव पड़ सकता है। आपको उड़ती हुई धुंध को हटाना है और गंभीरता से भले और बुरे के बारे में सोचना है की किस दिशा में आपका नौकरी या कार्य क्षेत्र जा रहा है ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज के दिन विधार्थियो , युवा बेरोजगारो और स्वनियोजित व्यवसायियों के लिए काफी करियर अवसर आयेंगे । आप एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है जिससे आपके करियर की दिशा परिवर्तित हो सकती है और काफी समय से आपको इसकी तलाश भी थी । आपको इस अवसर का उपयोग काफी समझ के साथ करना है क्यों की ये अवसर जीवनभर में यदा कदा ही मिलता है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
घर्षण एवं विचारो की असमानता आप और आपके साथी के बीच विकसित होने की संभावना है, लेकिन आपको अपने विचारो से नहीं हटना है और उसी के साथ रहना है , लेकिन आप चिंता न करे क्यों कि ये स्थिति एक स्थायी मनमुटाव को जन्म नहीं देगी । हालाँकि आपके साथी के साथ आपका थोड़ा मनमुटाव हो सकता है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
ग्रहों की स्थिति में परिवर्तन के कारण , एक नई ऊर्जा का संचार आप में हो सकता है । आप जीवंत महसूस करेंगे । आप में अधिक से अधिक काम लेने की इच्छा आप में प्रबल होगी और तब भी आप खुश रहेंगे । इससे पता चलता है की चीज़े सकारात्मक दिशा में आगे भड़ रही है। लेकिन इस उत्साह में , अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करे । एक स्वस्थ मन एक स्वस्थ शरीर में रहता है।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आप आज कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी ले। अगर आप इसे अच्छी तरह से करते हैं, तो आपको एक दैनिक आधार पर इस तरह की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इस के साथ, वेतन में वृद्धि भी आयेगी । इसलिए ईमानदारी से काम करते रहे और लगातार अपने आप को प्रेरित करते रहे। हो सकता है की लाभ आज दिखाई न दे, लेकिन आप एक बेहतर जीवन के लिए कल की दिशा में काम कर रहे हैं।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपको काफी समय से अपने सहकर्मियों की मदद मिल रही थी परन्तु अब समय ये मदद लौटने का है । अब आप अपने किसी सहकर्मी की मदद कर सकते है जिससे आपकी स्थिति आपके कार्यालय में और ददृढ़ता से मजबूत होगी और आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी । हो सकता है आज आपको देर तक कार्य करना पड़े पर ये आपके लिए सहायक ही सिद्ध होगा ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आतिथ्य / परोपकारी गतिविधियों में काम कर रहे लोगों के लिए एक विशेष दिन है। आज आपके विद्रोही भी आपके सामने झुकेंगे । सफलता आपके पास आयेगी। आप किसी भी दबाव में या जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें जिससे आपको कोई नुकसान हो ।अगर आप आय के अधिक स्रोतों को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है , तो आज आप भाग्यशाली हो सकते है ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
कुछ वित्त और कैरियर के विभिन्न अवसर आज आपके सामने आ सकते हैं और आप उन्हें लेने के लिए अभिभूत होंगे लेकिन थोड़ा उलझन भी महसूस कर सकते हैं की किस दिशा में जाये ।सावधान रहें की ये अनिर्णय आपको पंगु न बनाये । अगर आप सही दिशा में आगे बढ़ते है , तो यह पूरी तरह से आपके वित्तीय भविष्य को बदल सकता हैं। त्वरित और निर्णायक कार्रवाई आज के दिन की आवश्यकता है।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
अवसाद और कठिनाइयाँ आज आपके कार्यस्थल पर आने के संकेत दे रही है , हालाँकि अगर आपने अपने पिछले अनुभवों से कुछ सीख ली है तो आप काफी आसानी से इनका सामना करने में सक्षम हो जाएंगे । अपने अतीत से ज्ञान लेना समय की आवश्यकता है । इस चीज़ का सही समय पर इस्तेमाल आपके करियर को काफी गति दे सकता है ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरे हुए हैं और आज आपके हैरान होने की संभावना है , क्यों की आपके प्रबंधन कौशल की वजह से आप पाएंगे की अपने कितना कुछ पाया है । आपके सारे बकाया कार्य पूर्ण हो जाएंगे और मुश्किल परियोजनाओं के रास्ते में जो रुकावट थी , वो पूरी तरह से खत्म हो जाएंगी ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
बेहतर संचार आप के लिए लाभ का मार्ग प्रशस्त करेगा और आपको इस मोड़ पर बुद्धिमानी से इस कौशल का उपयोग करना होगा । आपका व्यवसायिक विवेक आज शीर्ष स्तर पर रहेगा । आपको भविष्य में बिक्री और सहभागिता के आंकलन के लिए कहा जा सकता है। आपकी मजबूत ज्ञान युक्त व विवेकपूर्ण क्षमता इसमें आपकी मदद करेगी ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# थम गया दूसरे चरण का चुनाव प्रचार

## 38 विधानसभा के 14 हजार बूथों पर 20 नवंबर को होगा मतदान



रांची, 18 नवंबर (एजेंसियां)। दूसरे चरण का प्रचार अभियान थम गया है। 20 नवंबर को 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर मतदान होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। अन्य बूथों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि शाम में साइलेंस पीरियड शुरू होते ही जो लोग चुनाव प्रचार में मतदान क्षेत्र में गए हैं, उन्हें वहां से तत्काल निकलने को कहा गया है।

20 नवंबर को मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां 19 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएंगी। दूसरे चरण के मतदान में एक भी ऐसा बूथ नहीं है, जहां हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को भेजा जाएगा।

दूसरे चरण में संथाल की 18 सीटों पर मतदान हो रहा है। ये 18 सीटें छह जिले में आते हैं। राजनीति के जानकार इस बात को मानते हैं कि सत्ता की चाबी संथाल की इन्हीं सीटों से हो कर मिलती है। जिस पार्टी ने संथाल की सीटों को साध लिया, उनके पास सत्ता की कुर्सी रहने ही पूरी संभावना बन जाती है। इन 18 सीटों में सात सीटें एसटी रिजर्व, एक एससी रिजर्व और 10 सीटें जनरल हैं। जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके तीन मंत्री के अलावा विधानसभा के स्पीकर की प्रतिष्ठा दांव पर है।

कहां-किनकी प्रतिष्ठा दांव पर

बरहेट : जेएमएम के लिए बरहेट सबसे सुरक्षित सीट है। यहां राज्य के सीएम हेमंत सोरेन की प्रतिष्ठा दांव पर है। उन्हें भाजपा के गमेलियल हेंब्रम चुनौती दे रहे हैं। बीते चार विधानसभा चुनाव में यह सीट हर बार जेएमएम के खाते ही रही है।

बोरियो : यह ऐसी सीट हैं, जहां भाजपा और जेएमएम को बराबर मौका मिला है। साल 2009 और 2019 में लोबिन हेंब्रम जेएमएम की टिकट पर विधायक बने हैं। जबकि 2005 और 2014 में ताला मरांडी विधायक बने। इस बार यहां भाजपा ने जेएमएम से बागी हो कर आए लोबिन को उतारा है। जबकि जेएमएम ने धनंजय सोरेन पर विश्वास जताया है।

जामताड़ा : यहां कांग्रेस का पलड़ा जेएमएम और बीजेपी पर भारी है। संथाल की अन्य सीटों के मुकाबले इस बार इस सीट पर नजर है। यहां जेएमएम की बागी विधायक सीता सोरेन बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ रही है। वहीं उनके सामने कांग्रेस के इरफान अंसारी हैं। इरफान अंसारी जामताड़ा सीट से लगातार दो बार विधायक रहे हैं।

नाला : यह ऐसी सीट है जहां से जेएमएम के रवींद्रनाथ महतो जो स्पीकर भी हैं वह तीन बार के विधायक हैं। यहां भाजपा की स्थिति कमजोर रही है। इस बार बीजेपी ने यहां रवींद्रनाथ महतो के सामने माधव चंद्र महतो को उतारा है। माधव पिछली बार आजसू से चुनाव लड़े थे।

दुमका : जेएमएम के लिए बरहेट की तरह सुरक्षित माना जाने वाला दुमका सीट पर जेएमएम के बसंत सोरेन के सामने भाजपा के सुनील सोरेन हैं। सुनील सांसद भी रह चुके हैं।

# पत्नी ने काटी उंगलियां तो बेड पर पटककर घोंटा गला

## छत्तीसगढ़ में जेठ से बात करने पर भड़का; कमरे में बुलाकर जड़ा था थप्पड़



पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जांजगीर-चांपा, 18 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में पति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। जेठ से बात करना पति को पसंद नहीं था। हुलेश काम से जब घर लौटा तो पत्नी बड़े भाई से बात कर रही थी। ये देखकर वो सीधे कमरे में चला गया। संतोषी जब कमरे में आई तो हुलेश ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। गुस्से में पत्नी ने भी हुलेश की उंगलियां काट ली, जिसके बाद आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। पूरा मामला डभरा इलाके का है।

पुलिस ने आरोपी पति हुलेश साहू (28) को गिरफ्तार कर लिया है। हुलेश ने पूछताछ में बताया है कि उसकी पत्नी संतोषी साहू अक्सर बड़े भाई प्रहलाद साहू से बात करती थी। संतोषी को बड़े भाई से बात करने के लिए मना किया था। लेकिन एक घर में होने के कारण बातचीत होती रहती थी। पूछताछ में पता चला है कि, हुलेश काम के सिलसिले में अक्सर घर से बाहर ही रहता था। कभी-कभी ही वो घर आता था। शनिवार रात फिर से उसने अपनी पत्नी को बड़े भाई के साथ बात करते देख लिया। बेड रूम में संतोषी और हुलेश के बीच इसी बात को लेकर फिर विवाद हुआ था। जिसके बाद हुलेश ने संतोषी को बेड पर पटका और उसका गला दबा दिया। संतोषी चिल्लाने की कोशिश की तो उसका मुंह बंद कर दिया। हुलेश ने तब तक संतोषी का गला दबाए रखा जब तक उसकी जान नहीं निकल गई। हुलेश को जब संतोषी के मौत की पुष्टि हो गई तो वो कमरे का दरवाजा खुला छोड़कर टहलने निकल गया। दरवाजा खुलने की आवाज आई तो हुलेश के बड़े भाई की नींद खुल गई। बड़े भाई ने बाहर निकलकर देखा तो हुलेश टहल रहा था। बड़े भाई ने हुलेश से देर रात बाहर निकलने की वजह पूछी, लेकिन हुलेश कुछ नहीं बोला। भाई को शक हुआ तो उसने हुलेश के कमरे में जाकर देखा। यहां बेड पर संतोषी का शव देखकर उसके होश उड़ गए। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी गई।

संतोषी हुलेश की तीसरी पत्नी थी। इससे पहले उसकी दो शादी फेल हो चुकी थी। पूछताछ में पता चला कि वो अक्सर अपनी पिछली पत्नी से भी विवाद करता था, जिसकी वजह से दोनों ने उसे छोड़ दिया था।

# जुमे की नमाज के बाद तकरीर की अनुमति लेना जरूरी

## छत्तीसगढ़-वक्फ-बोर्ड बोला- परमिशन नहीं लेने पर होगा लीगल एक्शन; ओवैसी बोले-भाजपाई हमें न सिखाएं

रायपुर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की मस्जिदों में जुमे की नमाज (शुक्रवार की नमाज) के बाद होने वाली तकरीर (बातचीत) के टॉपिक के लिए वक्फ बोर्ड की इजाजत लेनी होगी। टॉपिक विवादित ना हो, इसलिए छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के सदस्यों ने यह निर्णय लिया है। मुतवल्ली (मस्जिद की संपत्ति का प्रबंध करने वाला) इस नियम का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ लीगल एक्शन लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने इस संबंध में मौखिक निर्देश जारी किए हैं। इस पर सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि अब भाजपाई हमें बताएंगे की दीन क्या है? अब अपने दीन पर चलने के लिए इनसे इजाज़त लेनी होगी? वहीं इस पर सीएम साय के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने ओवैसी पर तंज किया है। उन्होंने कहा कि मियां वक्फ बोर्ड किसी सरकार के सीधे अधीन नहीं होता। वक्फ बोर्ड में अभी अधिकतर सदस्य कांग्रेस की ओर से नियुक्त किए गए हैं।

दैनिक भास्कर से चर्चा के दौरान डॉ. राज ने कहा, कि मस्जिद को राजनीतिक अड्डा बनाकर रखा गया है। वहां पर धर्म की बात हो, वोट किस पार्टी को देना है, इसे लेकर फतवा जारी ना हो। केंद्र की योजनाओं की अधूरी जानकारी मुस्लिम समुदाय को ना दी जाए, इसलिए यह निर्णय लिया गया है। डॉ. सलीम राज ने कहा कि शुक्रवार यानी 22 नवंबर से इसे लागू कर दिया जाएगा। जो भी मुतवल्ली (मस्जिद की संपत्ति का प्रबंध करने वाला) इस नियम का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ लीगल एक्शन लिया जाएगा।

# ट्रक और मुर्गी लोड पिकअप में टक्कर से 2 की मौत

## क्रेन की मदद से निकाली गई लाश, झारखंड के रहने वाले थे दोनों

रायगढ़, 18 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में देर रात तेज रफ्तार ट्रक और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें पिकअप सवार 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद क्रेन की मदद से दोनों की लाश को बाहर निकाला गया। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की देर रात तेज रफ्तार ट्रक गेरवानी की ओर से रायगढ़ की तरफ आ रही थी, तभी लाखा तिराहा के पास सामने से आ रही मुर्गी लोड से टक्कर हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि पिकअप के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

बताया जा रहा है कि ट्रक के नीचे दब जाने से पिकअप चालक वालुमार झारखंड निवासी मोहम्मद अंजर (24) और उसके साथी सुरेश उरांव (26) की मौत हुई है।

हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। काफी संख्या में मुर्गियां भी मरी हैं। वहीं कई लोग लेकर भी भाग गए हैं।

सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों के शवों को निकालने के लिए क्रेन की मदद लेनी पड़ी। शवों को निकालने में रात से सुबह 5 बज गए। इसके बाद बाहर निकाला जा सका। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने बताया कि मृतकों की जानकारी लेकर उनके परिजनों को सूचना दी गई है। घटना से पिकअप का ट्राली छोड़ सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। किसी तरह ट्रक के नीचे आए दोनों शवों को बाहर निकाला गया है। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# सिमडेगा में सड़क हादसे में हुई तीन की मौत



सिमडेगा, 18 नवंबर (एजेंसियां)। सिमडेगा में सोमवार को सड़क पर तेज रफ्तार का कहर सामने आया। तीन अगल-अलग हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना बांसजोर ओपी क्षेत्र, बोलबा थाना क्षेत्र और कोलेबिरा थाना क्षेत्र में हुई। मृतकों में एक महिला और दो युवक शामिल है। पहली घटना बांसजोर ओपी क्षेत्र के भूकुमुंडा के पास घटी। जहां सुहाना समद सड़क पर कर रही थी। इसी बीच अज्ञात ने उसे रौंद दिया। हाइसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सड़क हादसे की दूसरी घटना बोलबा थाना क्षेत्र के समसेरा के पास घटी। यहां कादोपानी निवासी प्रवीण केरकेट्टा सोमवार सुबह बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, तीसरी घटना कोलेबिरा थाना क्षेत्र के छगरबंधा के पास घटी।

# छत्तीसगढ़ का धुड़मारास बेस्ट टूरिज्म विलेज में सिलेक्ट

### यूएन ने 60 देशों के 20 गांवों में किया शामिल; यहां बैंबू-राफ्टिंग से कयाकिंग की सुविधा



बैंबू राफ्टिंग की वजह से हुआ फेमस

जगदलपुर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। यूएन टूरिज्म ने 60 देशों के बेस्ट गांवों के लिए अलग-अलग कैटेगरी की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत का एक मात्र गांव अपग्रेडेशन यानी उन्नयन प्रोगाम की कैटेगरी में चयनित हुआ है। यह गांव है बस्तर का धुड़मारास। यहां जंगलों के बीच बैंबू राफ्टिंग से लेकर कयाकिंग तक सुविधा उपलब्ध है।यून टूरिज्म ने बेस्ट टूरिज्म विलेज के लिए 55 गांवों का चयन किया है। इसके बाद एक और कैटेगरी उन्नयन लिस्ट में 20 गांवों का चयन किया है। इसी में धुड़मारास को रखा गया है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी क्षेत्र के लोगों को बधाई दी है। धुड़मारास को इसकी अनूठी सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और सतत पर्यटन विकास की क्षमता के कारण चुना गया है। उन्नयन कार्यक्रम में शामिल होने से देश ही नहीं विदेश तक सांस्कृतिक पहचान पहुंचेगी। साथ ही पर्यटन में भी बढ़ावा होगा।

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में धुड़मारास गांव स्थित है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित गांव घने जंगलों से घिरा हुआ है। गांव के बीच से बहती कांगेर नदी इसे और मनमोहक बना देती है। स्थानीय लोग अपने घरों को पर्यटकों के लिए उपलब्ध करवा रहे हैं। ठहरने की सुविधा उपलब्ध करवाने से उन्हें रोजगार मिल रहा है। साथ ही गांव के युवा पर्यटकों को आसपास के क्षेत्रों की सैर भी कराते हैं। स्थानीय खानपान के तहत पर्यटकों को बस्तर के पारंपरिक व्यंजन परोसे जाते हैं। दरअसल, धुड़मारास और बस्तर के चित्रकोट गांव को इस साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार दिया था।

कयाकिंग एक प्रकार का वॉटर स्पोर्ट्स है जिसे विशेष रूप से दिव्यांग एथलीटों के लिए विकसित किया गया है। इस खेल में खिलाड़ी कयाक नामक छोटी नाव में बैठकर पैडल की मदद से पानी में दौड़ लगाते हैं। पैरा कयाकिंग को इंटरनेशनल पैरालंपिक कमेटी के अंतर्गत पैरालंपिक खेलों में भी शामिल किया गया है। इसकी मुख्य विशेषताएं हैं, पैरा कयाकिंग में खिलाड़ियों को उनकी शारीरिक क्षमता के आधार पर विभिन्न वर्गों में विभाजित किया जाता है, ताकि प्रतियोगिता समान स्तर पर हो सके, इस खेल में उपयोग की जाने वाली कयाक एक हल्की और संकरी नाव होती है, जिसे 1 या 2 लोगों के लिए डिजाइन किया गया है।

# फौजी पति के खिलाफ एफआईआर पर समाज ने निकाला

## छत्तीसगढ़ में समाजवालों ने बहन की शादी भी तुड़वाई; हाईकोर्ट ने कलेक्टर-एसपी को जारी किया नोटिस



समाज ने महिला के साथ ही परिवार वालों को भी छोड़ दिया है।

बिलासपुर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले की एक शादीशुदा महिला के पति और समाज ने साथ छोड़ दिया है। पति ने दूसरी महिला से शादी कर ली है। महिला का कसूर ये है कि अपने फौजी पति की प्रताड़ना से तंग आकर थाने में केस दर्ज कराई है, जिससे नाराज होकर समाज वालों ने उनका बहिष्कार कर दिया है। उसकी बहन की भी शादी तुड़वा दी।

प्रताड़ित महिला ने पुलिस और जिला प्रशासन से भी मदद मांगी, लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। तंग आकर अब हाईकोर्ट की शरण ली है। महिला की याचिका पर कलेक्टर-एसपी सहित कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल, ढेकुना गांव की रहने वाली मुनिका जैन की शादी करीब 17 साल पहले लखनपुरी गढ़ियापारा के रहने वाले राजेश्वर कुमार जैन से हुई थी। राजेश्वर आईटीबीपी में चाइना बॉर्डर पर पदस्थ है। शादी के बाद उनकी एक बच्ची भी हुई।

इस दौरान पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। धीरे-धीरे कर पति की प्रताड़ना इतनी बढ़ गई कि महिला को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट और घरेलू हिंसा की शिकायत दर्ज कराई।

जब महिला ने अपने पति के खिलाफ थाने में शिकायत की, तब समाज के लोगों को नागवार गुजरा। उन्होंने सामाजिक बैठक बुलाई और जब तक उसका केस चलेगा, तब तक समाज से बहिष्कृत करने का ऐलान कर दिया। महिला के साथ-साथ उसके परिवार वालों को भी बहिष्कार की यातना झेलनी पड़ रही है।

महिला मुनिका और मायके वाले समाज से बहिष्कृत हैं। यही नहीं उन्होंने उसकी छोटी बहन की शादी भी तोड़ दी है। महिला ने बताया कि उसकी बहन की शादी समाज के ही युवक से तय हुई थी, जिसके बाद समाजवालों ने उसे भी छोड़ने की धमकी दी। इस तरह से उसकी शादी नहीं होने दी जा रही है।

समाज से बहिष्कृत महिला बिलासपुर आकर रहने को मजबूर है। यहां वह नर्स की ट्रेनिंग ले रही है। यहां वह अपनी बेटी को भी पढ़ा रही है। महिला ने न्याय के लिए हाईकोर्ट से गुहार लगाई है। हाईकोर्ट ने उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए कांकेर जिले के कलेक्टर, एसपी के साथ ही कलार समाज के संभागीय अध्यक्ष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

# शेयर मार्केट में नुकसान पर विवाद, पत्नी-बेटे की हत्या

## कर्ज लेकर करता था ट्रेडिंग, पिता बोले- किसी ने बहू-पोते को मार डाला



जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम), 18 नवंबर (एजेंसियां)। शेयर मार्केट में नुकसान पर पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। उसके साथ ही दो साल के बेटे को भी मार डाला। घटना रविवार देर रात सरायकेला–खरसावां जिले के चौका थाना क्षेत्र के कुरली गांव की है। हत्या करने के बाद पति फरार हो गया है। मृतकों का नाम मधुमिता महतो (26) और रोहित महतो (2) है। आरोपी अशोक महतो फरार है। अशोक अपने परिवार के साथ सेकेंड फ्लोर पर रहता था। ग्राउंड फ्लोर पर उसके पिता रिटायर्ड टीचर विजय महतो रहते हैं। घटना का पता तब चला जब सोमवार सुबह घर से कोई आवाज नहीं आई। सेकेंड फ्लोर पर जब विजय गए तो घर में शव पड़ा था और दरवाजा खुला था। आसपास के लोगों का कहना है कि अशोक शेयर मार्केट में ट्रेडिंग और लोगों से ऑनलाइन पैसे उधार में लेता था। रविवार रात इस मामले में पति-पत्नी में विवाद हुआ। इसके बाद उसने पत्नी और बेटे की हत्या कर दी और घर से भाग निकला। इधर, आरोपी के पिता का कहना है कि किसी ने मेरी बहू और पोते की हत्या कर दी और बेटे का अपहरण कर लिया है। उन्होंने बताया कि मैं नीचे फ्लोर में रहता हूं। कल रात बहू ने मुझे नीचे ही खाना दिया और अपना, पोते और बेटे का खाना लेकर ऊपर चली गई। रात में किसी तरह की आवाज भी नहीं आई। मधुमिता महिला समिति की भी सदस्य थी। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि अशोक शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करता था। वो लोगों से यह कहकर रुपए उधार लेता था कि दो दिनों में इंट्रेस्ट के साथ वापस कर दूंगा। वो रुपए वापस भी कर देता था। यह सब कुछ वो ऑनलाइन ही किया करता था। उसने पत्नी से भी महिला समिति के आए दो लाख रुपए मांगा था।

# बिलासपुर में 16 डिग्री पहुंचा तापमान

## कंपकंपाने लगी ठंड, 5 दिन में 2-3 डिग्री अभी और गिरेगा पारा, निगम के अलाव का अब तक पता नहीं



बिलासपुर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। बिलासपुर में अब ठंड का असर दिखने लगा है। रात कंपकपाने लगी है। उत्तर से आ रही हवाओं के चलते ठंड बढ़ने लगी है। इधर, ठंड बढ़ने के बाद भी नगर निगम के अलाव का पता नहीं है। रविवार को रात का तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, दिन का तापमान अभी 30 डिग्री के नीचे है। शहर के साथ ही जिले में 15 नवंबर के बाद पारा लुढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है। यही वजह है कि ज्यादातर लोग गर्म कपड़े में नजर आने लगे हैं।

मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले समय में न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज हो सकती है। शनिवार और रविवार से ठंड का असर दिखने लगा है। सुबह जल्दी उठने वाले घर से बाहर निकलने वाले लोग गर्म कपड़े में भी कांपते दिखे। हालांकि, धूप निकलने के बाद ठंड कम हो गई, लेकिन हवा में ठंडक बनी रही।

वाहन चलाते समय या फिर शहर के आउटर में हल्की ठंड महसूस हुई। दोपहर में शहर का अधिकतम तापमान बढ़ते हुए हुए 29.6 डिग्री तक पहुंचा, इसके बाद दिन ढलते ही पारा लुढ़कने लगा। यह पहली बार है, जब दिन का तापमान 30 डिग्री से नीचे ही रहा।

यह सामान्य से करीब एक डिग्री कम रहा। वहीं दोपहर बाद फिर से पारा लुढ़कने लगा। शाम को ठंड ने लोगों को परेशान किया। जो अन्य दिनों की तरह बगैर गर्म कपड़े के घर से निकल गए थे, उन्हें परेशानी हुई।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा चंद्रा ने बताया कि कि एक पश्चिमी विक्षोभ माय क्षोभ मंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक द्रोणिका के रूप में समुद्र तल के ऊपर 5.8 किमी ऊपर स्थित है। वातावरण में नमी की मात्रा घटने और उत्तर से आने बाली शुष्क हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट की दर बढ़ने की संभावना है।

अगले पांच दिन में बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान है। 17 नवंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# गिरिडीह में घर से मिला प्रतिबंधित मांस, हंगामा

## लोगों ने जबरन दरवाजा खुलवाया तो हुआ खुलासा भीड़ ने की तोड़फोड़; आरोपी फरार

बेंगाबाद (गिरिडीह), 18 नवंबर (एजेंसियां)। गिरिडीह में एक घर से प्रतिबंधित मांस मिलने के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर पर तोड़फोड़ की। घटना रविवार देर रात बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ पंचायत के घाघरा गांव की है। इधर, सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ जितवाहन उरांव समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने प्रतिबंधित मांस बरामद कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

गांव में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है। दरअसल, गांव के एक व्यक्ति के घर में प्रतिबंधित मांस मिलने की सूचना पर लोग वहां पहुंचे। जबरदस्ती दरवाजा खुलवाया तो घर के अंदर प्रतिबंधित मांस मिला। इधर, मौका देख आरोपी वहां से फरार हो गया। मांस को देख भड़क गए और आरोपी के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इधर, लोग इतने आक्रोशित थे कि पुलिस के पहुंचने पर भी नारेबाजी करते रहे। हालांकि, कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने माहौल को शांत कराया।

मामले में सदर एसडीपीओ जितवाहन उरांव ने बताया कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा में प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया है। प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की हरकत करने वाले को किसी भी परिस्थिति में छोड़ा नहीं जाएगा।

सदर एसडीपीओ ने कहा- जिन लोगों पर आरोप लगा है, वे अभी फरार हैं। इस कारण उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। इलाके में पुलिस गश्त तेज कर दी गई है और गांव में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है।

इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया X अकाउंट पर लिखा- 'गिरिडीह के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में गौ मांस का टुकड़ा फेंक कर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने और हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का कृत्य न केवल निंदनीय है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और आस्थाओं पर सीधा हमला है।'

# छत्तीसगढ़ में एसईसीएल मुआवजा वितरण में गड़बड़ी सीबीआई की रेड

कोरबा,18 नवंबर (एजेंसियां)। सोमवार को सीबीआई की टीम ने दो जगहों पर छापेमारी की है। मजदूर नेता और व्यवसायी के घर-दफ्तर पर कार्रवाई चल रही है। एसईसीएल के मुआवजा वितरण में अनियमितता के आरोपों के बाद अफसर दोनों जगहों पर संपत्ति और दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, हरदी बाजार निवासी श्यामू (खुशाल) जायसवाल इंटक के जिला अध्यक्ष हैं। उनके घर पर सीबीआई की टीम सुबह 6 बजे से जांच कर रही है। इसके अलावा, दीपका में कटघोरा रोड निवासी व्यवसायी राजेश जायसवाल के घर और दफ्तर में भी सीबीआई ने दबिश दी है। दोनों जगहों पर घर और दफ्तर के बाहर सुरक्षा बल तैनात हैं।

# जुबान पर देश को स्वस्थ करने का दावा, हाथ में बर्गर! ट्रंप के साथ मैक्डॉनल्ड्स पहुंचे अगले स्वास्थ्य मंत्री

वॉशिंगटन, 18 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित हुए डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रिमंडल के लिए कई बड़े चेहरों का एलान किया है। इनमें एक नाम रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर का भी है, जिन्हें अमेरिका में स्वास्थ्य मंत्री का पद सौंपा गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि कैनेडी जू. को कोरोनावायरस के दौर में वैक्सीन के बड़े आलोचकों के तौर पर देखा जाता है। इतना ही नहीं वे बच्चों को दिए जाने वाले अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर पाबंदी लगाने की मांग भी रखते रहे हैं। हालांकि, अब इस बीच उनकी एक फोटो सामने आई है, जिसमें उन्हें डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के साथ मैक्डॉनल्ड्स में बर्गर खाते देखा जा सकता है।



मजेदार बात यह है कि आरएफके जू. की लोकप्रिय टैगलाइन है- मेक अमेरिका हेल्दी अगेन यानी अमेरिका को फिर से स्वस्थ बनाना है। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप के बेटे ने उनकी जो फोटो पोस्ट की है, उसमें उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, अमेरिका को फिर से स्वस्थ बनाने का काम 'कल से' फिर शुरू होगा। एक दिन पहले ही डोनाल्ड ट्रंप और रॉबर्ट एफ. कैनेडी जू. के अलावा कई नामित मंत्री अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) देखने पहुंचे थे। माना जा रहा है कि मैक्डॉनल्ड्स में खाना खाने की यह वायरल तस्वीर यूएफसी इवेंट के बाद की है। इस तस्वीर में डोनाल्ड ट्रंप के अलावा उनके बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर, एलन मस्क और आरएफके जूनियर को देखा जा सकता है।

**ट्रंप के खाने को लेकर भी टिप्पणी कर चुके हैं कैनेडी जूनियर**

70 वर्षीय रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर इससे पहले अमेरिका में मोटापे को महामारी बताते हुए ज्यादा शुगर, फैट और प्रोसेस्ड फूड को कम करने की वकालत कर चुके हैं। बीते हफ्ते एक पॉडकास्ट में उन्होंने ट्रंप की डाइट को लेकर भी टिप्पणी की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप जो भी खाते हैं, वह काफी गंदा है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान का खाना काफी खराब होता है। लेकिन ट्रंप के विमान में जो खाना जाता है, वह तो जहर ही होता है। लेकिन आपके पास कोई विकल्प नहीं होता, क्योंकि वह या तो केएफसी होता है या बड़े बर्गर।

## कौन हैं ब्रैंडन कार?: ट्रंप इन्हें सौंपेंगे अमेरिकी संचार एजेंसी का नेतृत्व, बड़ी टेक कंपनियों के हैं विरोधी

वॉशिंगटन, 18 नवंबर (एजेंसियां)।अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कैबिनेट के लिए कई नए नामों का एलान किा है। अब इस लिस्ट में ब्रैंडन कार का नाम भी जुड़ गया है, जो कि एलन मस्क के करीबी बताए जाते हैं। ब्रैंडन कार को इसलिए भी जाना जाता है, क्योंकि वह बड़ी टेक कंपनियों के आलोचक रहे हैं। अब इस बीच ट्रंप ने एलान किया है कि ब्रैंडन अब अमेरिका के संघीय संचार आयोग (एफसीसी) का नेतृत्व करेंगे। अमेरिका में इस आयोग का काम भारत के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की तरह है।

डोनाल्ड ट्रंप ने इस पद के लिए ब्रैंडन कार के नाम का एलान करते हुए कहा कि वह अमेरिकियों की आजादी को दबाने वाले नियामकों के खिलाफ लड़ चुके हैं और वह अमेरिका के रोजगार प्रदाताओं को परेशान करने वाले नियामकों के नियमों को खत्म करने का काम करेंगे।



ट्रंप के इस एलान पर कार ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एफसीसी प्रमुख की भूमिका मिलने पर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने एक और पोस्ट में कहा कि हमें सेंसरशिप से जुड़े संगठनों को खत्म करना होगा और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार को अमेरिकियों के लिए दोबारा लागू करना होगा।

ब्रैंडन कार लंबे समय से रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े रहे हैं। वे एफसीसी में सबसे वरिष्ठ रिपब्लिकन नेता हैं। यह एजेंसी टेलीविजन, रेडियो के लिए लाइसेंस देने का काम करती है। साथ ही अमेरिका के होम इंटरनेट और अन्य संचार के माध्यमों के मुद्दे पर भी काम करती है।

## तूफान से बड़े पैमाने पर नुकसान, उड़ानें रद्द, सिडनी हार्बर ब्रिज का एक हिस्सा उड़ा

सिडनी , 18 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में रविवार रात आए तूफान की वजह से बड़े पैमाने पर संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। सिडनी हार्बर ब्रिज का एक हिस्सा उड़ गया। वहीं 20 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने सोमवार को पूर्वोत्तर एनएसडब्लू में अधिक भयंकर तूफान का पूर्वानुमान लगाया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, रविवार रात सिडनी और न्यू साउथ वेल्स के अधिकांश हिस्सों में 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से हवाएं चलीं। भारी बारिश हुई और पूरे राज्य में व्यापक ब्लैकआउट से लोग प्रभावित हुए। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने सोमवार को पूर्वोत्तर एनएसडब्लू में अधिक भयंकर तूफान का पूर्वानुमान लगाया है। सिडनी से लगभग 500 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित 93 लोगों की आबादी वाले एक छोटे से शहर कारिंडा में 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से हवाएं चलीं। इसके कारण तीन व्यावसायिक संपत्तियां नष्ट हो गई और उनकी छतें उड़ गई।

रविवार को स्थानीय समयानुसार रात 8 बजे के बाद आए तूफान के कारण सिडनी हार्बर ब्रिज से एक वर्ग मीटर की कंक्रीट और स्टील रोड प्लेट उखड़ गई, जिससे 25 कारें क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी वजह से पुल पर यातायात व्यवस्था बाधित हुई। एनएसडब्लू के परिवहन सचिव जोश मरे ने कहा कि राज्य सरकार वाहनों की मरम्मत का खर्च वहन करेगी।

मरे ने सोमवार को नाइन रेडियो से कहा, यह एक बुरा सपने जैसा था। मैं उन सभी लोगों से माफी मांगता हूं जिनकी कार क्षतिग्रस्त हुई या जो दो घंटे तक फंसे रहे। रविवार को सिडनी आने वाली 20 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं तथा कतर और फिजी से आने वाली अन्य उड़ानों को ब्रिस्बेन की ओर मोड़ दिया गया।

## श्रीलंका में 21 कैबिनेट मंत्रियों ने ली शपथ, राष्ट्रपति दिसानायके बोले- हमारा आकलन, सरकार के कामकाज से होगा

कोलंबो, 18 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के समक्ष सोमवार सुबह कोलंबो स्थित राष्ट्रपति सचिवालय में 21 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में घोषणा की गई कि उपमंत्रियों को बाद में शपथ दिलाई जाएगी।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 21 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद दिसानायके ने जिस कैबिनेट के साथ शासन की बागडोर संभाली उसमें हरिनी अमरसूर्या और विजिता हेराथ शामिल थे। नए कैबिनेट मंत्रियों का चयन 14 नंवबर को हुए संसदीय चुनाव में विजयी रहे नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के 159 सांसदों में से किया गया। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली लागू होने के बाद यह पहली बार है जब किसी राजनीतिक दल ने संसद में दो-तिहाई बहुमत हासिल किया।

अमरसूर्या नए मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री के रूप में काम करती रहेंगी। हेराथ को फिर से विदेश मामलों, विदेशी रोजगार और पर्यटन मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। नए मंत्रिमंडल को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा कि लोगों ने श्रीलंका की राजनीतिक और आर्थिक दिशा बदलने के लिए



सितंबर और नवंबर में दो बार एनपीपी को वोट दिया। दिसानायके ने कहा कि लोगों ने एनपीपी पर उनकी नीतियों और पार्टी सदस्यों की ईमानदारी के आधार पर भरोसा जताया है और अब से लोग एनपीपी का मूल्यांकन सरकार के रूप में उनके प्रदर्शन के आधार पर करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि श्रीलंका के लोगों ने जातीय और धार्मिक विभाजनों से ऊपर उठकर उन्हें वोट दिया है और वे लोगों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सुधा मूर्ति ने अपने दामाद ऋषि सुनक की जमकर तारीफ की

लंदन, 18 नवंबर (एजेंसियां)। राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने अपने दामाद ऋषि सुनक की जमकर तारीफ की है। मूर्ति ने कहा कि ऋषि को अपने माता-पिता से अच्छे भारतीय संस्कार मिले हैं और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों वाले ब्रिटिश नागरिक हैं। सुधा मूर्ति ने शनिवार शाम को लंदन में भारतीय विद्या भवन के वार्षिक दिवाली समारोह में शिरकत की। इस दौरान यूके के पूर्व पीएम ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**सुधा मूर्ति ने कहा- अपनी जड़ों से जुड़े रहें**

सुधा मूर्ति ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'मेरा हमेशा मानना है कि जब आप विदेश में रहते हैं, तो माता-पिता को दो चीजें करनी चाहिए: एक अच्छी शिक्षा, जो आपको उड़ने के लिए पंख देती है; दूसरा महान संस्कृति, आपकी उत्पत्ति भारतीय जड़ों से हुई है, जो आपको अपने माता-पिता के साथ भारतीय विद्या भवन में मिल सकती हैं।' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी सहेली और अच्छी मित्र उषा जी को बधाई देना चाहती हूं, जिन्होंने अपने बेटे ऋषि सुनक, जो पूर्व प्रधानमंत्री हैं, को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने का बेहतरीन काम किया, इससे ऋषि एक गौरवान्वित ब्रिटिश नागरिक बने और साथ ही उनमें अच्छे भारतीय सांस्कृतिक मूल्य भी आए। जिस दौरान सुधा मूर्ति ने ये बात कही उस वक्त ऋषि सुनक के माता-पिता ऊषा और यशवीर सुनक भी दर्शकों में मौजूद थे।

**विद्या भवन की मदद की अपील भी की**

सुधा मूर्ति ने ब्रिटिश भारतीय समुदाय से भारतीय विद्या भवन





यूके की सांस्कृतिक गतिविधियों को मजबूती देने के लिए 'मानसिक, शारीरिक और वित्तीय' मदद देने की अपील की। उन्होंने यूके में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति को समझने के लिए भेजने की भी अपील की। दिग्गज भारतीय आईटी कंपनी इंफोसिस के फाउंडर नारायणमूर्ति की पत्नी और मशहूर लेखिका सुधा मूर्ति ने कहा कि 'आपको अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति को समझने के लिए यहां भेजना चाहिए क्योंकि जब आप बड़े हो जाते हैं तो लोगों का अपनी जड़ों की ओर झुकाव हो जाता है। भारतीय विद्या भवन उस कमी को पूरा करता है।

कार्यक्रम के दौरान यूके में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी भी शामिल हुए और उन्होंने भी सुधा मूर्ति के विचारों की सराहना की। विद्या भवन यूके के अध्यक्ष सुभानु सक्सेना और कार्यकारी निदेशक डॉ एम.एन. नंदकुमार ने वैदिक मंत्रों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और भारतीय कला, संगीत, नृत्य, योग और भाषाओं में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विद्या भवन की कई उपलब्धियों के बारे में बताया। गौरतलब है कि लंदन स्थित भारतीय विद्या भवन 23 विभिन्न विषय क्षेत्रों में 120 से अधिक कक्षाएं प्रदान संचालित करता है। ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति ने कार्यक्रम के दौरान विद्या भवन के लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दिवाली समारोह के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने अपने कुचिपुड़ी, कथक और भरतनाट्यम कौशल का प्रदर्शन किया।

## विपक्ष के नेता ने चुनाव आयोग के प्रमुख को काले पेंट से नहलाया, नतीजों के एलान से पहले आंख में आई चोट

जॉर्जिया, 18 नवंबर (एजेंसियां)। जॉर्जिया में हाल ही में संसदीय चुनाव के नतीजों का एलान हुआ है। इसमें रूस समर्थक जॉर्जियन ड्रीम पार्टी की जीत हुई है। हालांकि, इससे जुड़े नतीजों के एलान के दौरान जॉर्जिया में ऐसी घटना हुई, जिसने लोकतंत्र को तार-तार कर दिया। दरअसल, यहां विपक्ष के एक नेता ने चुनाव आयोग के प्रमुख पर काला पेंट डाल दिया। इससे अधिकारी की आंख में चोट आई है।

एक्स पर इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया गया है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि अधिकारियों के पैनल के साथ बैठे केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख जियोर्जी कलंदरिशविली जब संसदीय चुनाव के नतीजों का एलान करने जा रहे थे, ठीक उसी दौरान विपक्षी पार्टी यूनाइटेड नेशनल मूवमेंट (यूएनएम) के नेता डेविड किर्तादज़े उनकी तरफ चलकर आते हैं और जियोर्जी पर काला पेंट फेंक देते हैं। यह पेंट जियोर्जी के चेहरे पर गिरता है।



बताया गया है कि विपक्षी दल देश में चुनाव के नतीजों के मानने से इनकार कर रहे हैं। उनका आरोप है कि चुनाव में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हुई हैं और इनमें रूस का भी दखल रहा है। हालांकि, विपक्षी नेता की इस हरकत की काफी निंदा हुई है। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने कहा कि उसने इस घटना को लेकर जांच बिठा दी है। चेहरे पर पेंट फेंके जाने के बाद जियोर्जी प्रेस कॉन्फ्रेंस में फिर लौटे। हालांकि, इस बार उनकी बाईं आंख में पट्टी बंधी थी। उन्होंने बैठक में जॉर्जिया के चुनाव नतीजों पर हस्ताक्षर किए और उसे 26 अक्तूबर को हुए चुनाव का विजेता घोषित किया।

**जॉर्जिया में क्या रहे चुनावी नतीजे**

रूस समर्थक जॉर्जियन ड्रीम पार्टी को 53.9 फीसदी वोट मिले थे। उसने संसद की 150 में से 89 सीटें हासिल कीं। इस चुनाव में हुई वोटिंग के बाद विपक्ष ने राजधानी तब्लीसी में प्रदर्शन किया था। विपक्षी दलों का आरोप था कि चुनाव में धांधली हुई है। दूसरी तरफ दो अमेरिकी सर्वे एजेंसियों ने भी इन चुनाव नतीजों में गड़बड़ियों के संकेत दिए।

## परमाणु शक्ति बढ़ाने के लिए कोई सीमा तय नहीं युद्ध की तैयारियां पूरी करने की जरुरत: किम जोंग उन

सोल, 18 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा कि देश की परमाणु ताकत बढ़ाने के लिए कोई सीमा तय नहीं है, इसके साथ ही हमें युद्ध की तैयारियां पूरी करने की जरुरत है। उनका कहना है कि देश के दुश्मनों ने उत्तर कोरिया के साथ 'उन्मादी' सैन्य टकराव बढ़ा दिया है।

योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि किम ने यह टिप्पणी शुक्रवार को कोरियाई पीपुल्स आर्मी (केपीए) के बटालियन कमांडरों और राजनीतिक प्रशिक्षकों के चौथे सम्मेलन के दौरान की।

रिपोर्ट दी कि उत्तर कोरिया के नेता ने 'एक उग्र नारा दिया है', जिसे डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के सशस्त्र बलों की तरफ से सभी स्तरों पर बुलंद रखा जाना चाहिए, ताकि क्रांति की जरुरतों और मौजूदा हालात के मुताबिक युद्ध की तैयारियों को पूरा करने के लिए सभी प्रयासों को



केंद्रित किया जा सके।

डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम है। किंग का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है। जब दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के नेताओं ने त्रिपक्षीय सहयोग के तहत एक सचिवालय की स्थापना की घोषणा की। यह घोषणा पेरू में एक बहुपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान की गई। तीनों देशों ने यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध को 'खतरनाक रूप से विस्तारित' करने के उत्तर कोरिया और रूस के गठजोड़ की निंदा की।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन के दौरान लीमा में एक त्रिपक्षीय बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया।

नेताओं ने त्रिपक्षीय साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उनके मुताबिक यह क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों का मुकाबला करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है।तीनों नेताओं ने बैठक में यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया के लिए अपनी सेना भेजने की निंदा की। बता दें सोल और वाशिंगटन लगातार यह दावा कर रहे हैं कि रूस के पश्चिमी सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में कथित तौर पर तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी सेना के खिलाफ युद्ध अभियान शुरू कर दिया है।

## यूक्रेन अब लंबी दूरी की अमेरिकी मिसाइलों से रूस पर कर सकेगा हमला, बाइडेन ने दी अनुमति

वाशिंगटन, 18 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यूक्रेन को रूस पर हमला करने के लिए लंबी दूरी की अमेरिकी मिसाइलों का इस्तेमाल करने की हरी झंडी दे दी है। अमेरिकी मीडिया की खबरों के मुताबिक उत्तर कोरिया की ओर से युद्ध में मास्को की मदद के लिए हजारों सैनिकों की 'कथित' तैनाती के जवाब में यूएस प्रेसिडेंट ने यह फैसला लिया है। सोल और वाशिंगटन दोनों ने इस बात का दावा कर रहे हैं कि रूस के पश्चिमी सीमावर्ती कुर्स्क क्षेत्र में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ाई शुरू कर दी है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की लंबे समय से यह मांग करते आए हैं कि अपील करते आए हैं कि रूस के अंदर लक्ष्यों को भेदने के लिए कीव को आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाए। एटीएसीएमएस 300 किमी (186 मील) तक जा सकती हैं।

मीडिया रिपोट्स के मुताबिक कई एक्सपर्ट मानते हैं कि अमेरिका का यह फैसला कीव के लिए बड़ी मदद साबित हो सकता है क्योंकि रूसी सेनाएं लगातार बढ़त हासिल कर रही हैं। अमेरिकी लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल से कीव को फायदा हो सकता है और युद्धविराम समझौते में वह बेहतर स्थिति में रह सकता है। हालांकि यही एक संभावना नहीं है अमेरिकी फैसले पर रूस कैसी प्रतिक्रिया देगा यह बड़ा सवाल है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहले भी पश्चिमी देशों को इस तरह के कदम के खिलाफ चेतावनी दे चुके हैं। सैन्य रूप से बेहद ताकतवर रूस इस फैसले के बाद और कड़ा रुख अपना सकता है। बाइडेन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है कि जब जनवरी 2025 में वह व्हाइट हाउस छोड़ने वाले हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद इस निर्णय को बदलेंगे या जारी रखेंगे यह साफ नहीं है।

# कौन हैं मोजतबा खामेनेई? जिन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई ने बनाया अपना उत्तराधिकारी

तेहरान, 18 नवंबर (एजेंसियां)। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता चुना गया है। मोजतबा खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के दूसरे नंबर के बेटे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अयातुल्लाह अली खामेनेई की तबीयत ठीक नहीं है और यही वजह है कि देश के नेतृत्व के लिए मोजतबा को नया नेता चुन लिया गया है। हालांकि अभी तक ईरान की तरफ से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, खुद अयातुल्ला अली खामेनेई ने एक्सपर्ट असेंबली के सदस्यों को बुलाकर उत्तराधिकारी पर फैसला लेने को कहा था। इसी असेंबली ने सर्वसम्मति से मोजतबा खामेनेई के नाम पर सहमति जताई। हालांकि यह पूरी प्रक्रिया बेहद ही गोपनीयता के साथ पूरी की गई। मोजतबा खामेनेई के ही अयातुल्ला अली खोमेनेई का उत्तराधिकारी बनने की चर्चा लंबे समय से थी। यही वजह थी कि ईरान की सरकार में किसी पद पर न होते हुए भी





अहम फैसलों में उनकी भागीदारी थी। मोजतबा खामेनेई के बारे में कहा जाता है कि वह बेहद लो प्रोफाइल रहते हैं और बहुत कम अवसरों पर ही सार्वजनिक तौर पर दिखाई देते हैं।

मोजतबा खामेनेई का जन्म साल 1969 में ईरान के मशहद में हुआ था। ईरान की सरकार में मोजतबा खामेनेई का गहरा प्रभाव है और कहा जाता है कि ईरान की खुफिया और सशस्त्र सेनाओं में भी मोजतबा खामेनेई के करीबी शामिल हैं। मोजतबा खामेनेई ईरान-इराक में हुए युद्ध में भी भाग ले चुके हैं। मोजतबा खामेनेई ने धार्मिक शिक्षा हासिल की है और वे इस्लामिक मामलों के जानकार हैं, लेकिन उनकी गिनती शीर्ष स्तर के धर्मगुरुओं में नहीं होती है। मोजतबा साल 1990 से ईरान की राजनीति में पर्दे के पीछे से सक्रिय हैं और ईरान के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद अहमदिनेजाद को राष्ट्रपति बनाने में मोजतबा की अहम भूमिका मानी जाती है। ईरान के मीडिया पर भी मोजतबा की पकड़ है और उन्होंने साल 2014 में ईरान के सरकारी टीवी आईआरआईबी के निदेशक को नौकरी से निकाल दिया था। ईरान में जब साल 2009 में विरोध प्रदर्शन हुए थे तो उन्हें सख्ती से कुचलने के पीछे भी मोजतबा का ही दिमाग माना जाता है। उस दौरान कई लोग मारे गए थे।

गौरतलब है कि ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामेनेई 85 साल के हैं और उनके गंभीर रूप से बीमार होने का दावा किया जा रहा है। यही वजह है कि अपनी मौत से पहले ही खामेनेई ने अपने बेटे को उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। अयातुल्ला खामेनेई के छह बच्चे हैं और मोजतबा खामेनेई दूसरे नंबर के हैं, लेकिन खामेनेई ने अपने बड़े बेटे मुस्तफा को अपना उत्तराधिकारी क्यों नहीं बनाया, इसकी वजह साफ नहीं है।

ईरान में सर्वोच्च नेता की पदवी एक धर्मगुरू को ही मिल सकती है, लेकिन मौजूदा सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को सर्वोच्च नेता बनाने के लिए इस नियम में थोड़ा संशोधन किया गया था क्योंकि वे धार्मिक नेता नहीं हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का पद राजनीतिक और धार्मिक व्यवस्था में सबसे बड़ा है और इनके पास राष्ट्रपति से भी ज्यादा अधिकार हैं।

## क्या इमरान खान को जेल से निकालेंगे ट्रंप; बांग्लादेश पर क्या होगा रुख? पाकिस्तानी मूल के नेता ने बताया



वॉशिंगटन, 18 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब तक अपने अभियान और टिप्पणियों से यह संकेत दिए हैं कि वह अपने कार्यकाल में भारत के साथ संबंधों को और मजबूत करेंगे और बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों पर करीब से निगाह रखेंगे। अब पाकिस्तानी मूल के एक प्रमुख उद्योग नेता ने इस बात की पुष्टि की है। अमेरिका में मुस्लिम फॉर ट्रंप संगठन के प्रमुख साजिद तरार ने यह भी कहा कि ट्रंप के पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के साथ कोई निजी रिश्ते नहीं रहे हैं।

पाकिस्तानी मूल के तरार ने कहा कि दूसरे कार्यकाल के लिए ट्रंप का चुनकर आना अमेरिका के चुनावी इतिहास में सबसे जबरदस्त वापसी में से एक है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में एक दल यह नजरिया बनाने की कोशिश कर रहा है कि इमरान खान के डोनाल्ड ट्रंप से निजी रिश्ते हैं जबकि यह बात बिल्कुल सही नहीं है।

उन्होंने कहा, यह बात सही है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति रहते हुए तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को व्हाइट हाउस बुलाया था। लेकिन अबकी बात करें तो ट्रंप इमरान खान को जेल से निकलवाने के लिए पाकिस्तान के आंतरिक मुद्दों और इसकी न्यायपालिका में दखल नहीं देंगे। हालांकि, ट्रंप के मन में इमरान खान के लिए एक जगह तो है।₹ बता दें कि इमरान खान को पिछले साल तोशाखाना भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में दोषी पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। तबसे वह अलग-अलग मामलों में जेल में ही बंद हैं।

**दक्षिण एशिया पर क्या रह सकता है ट्रंप का रुख**

तरार ने बांग्लादेश समेत दक्षिण एशिया को लेकर भी ट्रंप के रुख पर बात की। उन्होंने कहा कि ट्रंप जब 2016 में राष्ट्रपति पद के लिए खड़े हो रहे थे, तब मोहम्मद यूनुस जो कि बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार के सलाहकार हैं, ने खुलकर हिलेरी क्लिंटन का समर्थन किया था। अपने हालिया अमेरिका दौरे के वक्त यूनुस राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन से भी मिले थे।

तरार ने कहा, मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर ट्रंप बांग्लादेश पर करीब से नजर रखेंगे और इन आरोपों को भी देखेंगे। मेरे हिसाब से ट्रंप इस मुद्दे पर बांग्लादेश से सख्ती से बात करेंगे।



# निवेश को लगेंगे पंख: राजस्थान की गोल्ड और तांबे समेत कई खानों की होगी नीलामी

## सरकार को मिलेगा अपार राजस्व

जयपुर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। देश में कीमती खनिज की खानों की नीलामी में पहले नंबर पर चल रहे राजस्थान में जल्द गोल्ड, तांबा, सिलिसियस अर्थ व लाइम स्टोन की खानों की नीलामी और की जा रही है। राजस्थान अभी कीमती धातुओं की 86 खानों की नीलामी कर पहले नंबर पर चल रहा है। इन खानों से प्रदेश सरकार को 50 साल में 2.65 लाख करोड़ की आय होगी। बताया जा रहा है कि 20 और खानों की नीलामी से भी 50 साल में सरकार को लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का और राजस्व मिलेगा। इससे निवेश को पंख लगेंगे।



राजस्थान में 82 प्रकार के खनिज मौजूद हैं। इनमें से अभी 57 प्रकार के खनिजों का खनन हो रहा है। देश में प्रधान खनिजों की नीलामी की प्रक्रिया 2016-17 से चल रही है। पहले साल प्रदेश में मात्र 3 खानों की नीलामी हो सकी।

यह दौर वर्ष 2022-23 तक धीमा रहा, लेकिन 2023-24 से तेजी आई है। चालू वर्ष में 32 माइनिंग लीज और कंपोजिट लाइसेंस की नीलामी कर रेकॉर्ड 86 खानों की नीलामी हो चुकी है। अब 20 और खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले चरण की जिन 86 खानों की नीलामी की गई है, इनमें 72 खानों में मिनरल की खोज खान विभाग के स्तर, 12 में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और 2 में खनिज अन्वेषण निगम लिमिटेड की ओर से की गई थी।

नागौर में 39, ब्यावर में 11, जैसलमेर 6, बांसवाड़ा में 5, सीकर, करौली और चित्तौड़गढ़ में 4- 4, उदयपुर और भीलवाड़ा में तीन-तीन, झुंझुनूं और जयपुर में 2-2, कोटा, राजसमंद और बाड़मेर में एक-एक।

**20 खानों की नीलामी में 1 गोल्ड की भी**

खान विभाग ने 20 खानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है, इनमें 17 माइनिंग लीज और 3 कंपोजिट लाइसेंस ब्लॉक दिए जाएंगे। यह खानें गोल्ड, कॉपर, मैगनीज, लाइमस्टोन और सिलीकोसिस अर्थ की हैं।

**86 खानें इन जिलों में हुई नीलाम**

देश में मेजर मिनरल खानों की नीलामी में राजस्थान पहले नंबर पर है।

प्रदेश में अब तक 86 खानें 19260 हेक्टेयर क्षेत्र में नीलामी से आवंटित की गई हैं। जबकि मध्य प्रदेश में नीलामी से 75 खानें 14786 हेक्टेयर क्षेत्र में दी गई हैं। ओडिशा तीसरे नंबर पर है, जहां 48 खानें 12600 हेक्टेयर क्षेत्र में दी गई हैं।

# अनुच्छेद 370 को शेखावत ने बताया 'काला टीका'

## बोले- स्वर्ग से इंदिरा आ जाएं तब भी वापस नहीं होगा

जोधपुर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अनुच्छेद 370 को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने अनुच्छेद 370 को देश के मस्तक पर एक ₹काले टीके₹ के समान बताया। उन्होंने कहा कि इस काले टीके को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के सक्षम नेतृत्व में समाप्त कर दिया है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि भले ही इंदिरा गांधी स्वर्ग से लौट आएं, लेकिन ये अनुच्छेद अब कभी वापस लागू नहीं होगा।



वक्फ कानून पर विपक्ष को जवाब

वक्फ कानून को लेकर हो रही बहस पर उन्होंने ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि यह मामला अभी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के अध्ययन के अधीन है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई प्रगतिशील कानून बनाने की बात होती है, कुछ लोगों को क्यों परेशानी होती है, इसका पता लगाना चाहिए।

विकास परियोजनाओं का दिया ब्योरा

इस दौरान शेखावत ने जोधपुर के विकास परियोजनाओं का ब्योरा भी दिया। उन्होंने कहा कि 968 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एलिवेटेड रोड का टेंडर अगले दो महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। यह पहला चरण होगा, जिसे आगे चौपासनी तक विस्तारित किया जाएगा। एयरपोर्ट नया टर्मिनल भी तीन-चार महीनों में तैयार हो जाएगा, जिससे जोधपुर में आवागमन सुगम होगा। रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण को लेकर उन्होंने जानकारी दी कि 500 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण एयरपोर्ट की तर्ज पर किया जा रहा है। शेखावत ने राजस्थान में डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि जोधपुर लोकसभा क्षेत्र को राज्य के अग्रणी क्षेत्रों में शामिल रखने का प्रयास किया जा रहा है।

# एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले नरेश मीणा की दूसरी बार कोर्ट में पेशी

## 25 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा

टोंक, 18 नवंबर (एजेंसियां)। समरावता ग्राम में उपचुनाव के दौरान उपखंड अधिकारी के थप्पड़ मारने तथा पुलिस कार्रवाई में गिरफ्तारी के दौरान समर्थकों के छुड़ा ले जाने पर नरेश मीणा को वीसी से अवकाशकालीन ग्राम न्यायालय में पेशी की गई। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्ष मीणा ने 25 नवंबर तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने के आदेश दिए है।



बता दें कि आगजनी के एक मामले में टोंक पुलिस ने शनिवार को नरेश मीणा को जेल से दोबारा गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोतवाली थाने लेकर आई। रातभर थाने में नरेश मीणा से पूछताछ हुई। इसके बाद अगले दिन नरेश मीणा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देवली कोर्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्ष मीणा के समक्ष पेश किया। जहां कोर्ट ने नरेश मीणा को 25 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस दौरान नरेश मीणा की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने जमानत को लेकर पैरवी की।

**नरेश मीणा के खिलाफ ये मामले दर्ज**

नगरफोर्ट थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान एसडीएम से मारपीट, राजकार्य बाधा समेत कई धाराओं में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा एवं अन्य समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। जिसमें पुलिस गिरफ्तारी के दौरान गिरफ्त से छुड़ाकर ले जाने का मामला भी है।

# कांग्रेस नेत्री पर हमले के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस पर फायरिंग

## मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल

भीलवाड़ा, 18 नवंबर (एजेंसियां)। दंपती पर हमला व फायरिंग के फरार आरोपियों की शहर के निकट मंगरोप-हरणी महादेव मंदिर रोड पर पुलिस से मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने गोलियां चलाई। मुठभेड़ में दो आरोपियों को गोली लगी। उनको महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया। फायरिंग से सनसनी फैल गई। पुलिस जाप्ता बाल-बाल बचा। पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव समेत अन्य अधिकारी एमजीएच पहुंचे। देर रात तक आरोपियों के पैर से गोली निकाली जा रही थी।



जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के नीलकंठ कॉलोनी में 6 नवंबर को कांग्रेस नेत्री पुष्पा सुराणा व विद्यासागर सुराणा के घर में जमीन विवाद को लेकर कमलेश खाती व राहुल सेन आदि ने फायरिंग व हमला किया था। बारह दिन से आरोपी फरार चल रहे थे।

**जवाबी फायरिंग में आरोपियों को लगी गोली**

घटना को लेकर कोतवाली पुलिस मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर अपराधियों को पकड़ने गई। वहां आरोपियों ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी फायर किया। आरोपी कमलेश व राहुल के पैर में गोली लगी। दोनों को एमजीएच लाया गया। पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों के बारे में पता कर रही थी।

बता दें कि कांग्रेस नेत्री पुष्पा सुराणा और उनके पति विद्यासागर सुराणा पर 6 नवंबर की शाम घर में घुसकर चार बदमाशों ने फायरिंग की थी। हालांकि, निशाना चूकने से गोली छत में घुस गई थी। जमीनी विवाद को लेकर हमला किया गया था। मुख्य आरोपी बालूराम जाट इस परिवार का परिचित होने के साथ ही घर पर दूध सप्लाई भी करता था।

सुराणा ने अपनी जमीन किसी अन्य को बेच दी थी। इसको लेकर बालू जाट नाराज था। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने फायरिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुए एसआईटी का गठन किया। जिसमें सीओ, एसएचओ कोतवाली व पुलिस लाइन के अधिकारियों को शामिल किया। एसआईटी लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अभी दो और आरोपियों की तलाश जारी है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव के बयान से मची हलचल

## बोले- प्रेम से न माने तो जबर्दस्ती कराएंगे काम

भीलवाड़ा, 18 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक धीरज गुर्जर एक बार फिर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चा में हैं। शनिवार देर रात शाहपुरा जिले के कोठाज गांव में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को इशारों में धमकी दी। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो कोठाज में हुए समारोह का है।

इस विडियो में गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि अगर कोई आपकी बात प्रेम से नहीं मानता तो जरबे मेलने (जूते मारकर) के लिए आपका बेटा धीरज तैयार है। उनके इस बयान के दौरान पंडाल में मौजूद जनता ने तालियों के साथ इसका समर्थन किया।



गुर्जर ने भजन संध्या के दौरान कोठाज और कोटड़ी गांव के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जवानी भी आपके नाम है और बुढ़ापा भी। जब तक धीरज गुर्जर जिंदा है, तब तक आपकी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। अपने चेहरे पर कमजोरी मत लाओ। आपकी सेवा और सुरक्षा के लिए धीरज गुर्जर आपके साथ खड़ा है।

कार्यक्रम में गुर्जर ने भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल को निशाना बनाते हुए कहा कि जनता को राहत देने में यह सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने शिक्षा, रोजगार और विकास के मुद्दों पर सरकार की आलोचना की और दावा किया कि कांग्रेस ही जनता की असली हितैषी है। गुर्जर के बयानों पर जहां एक ओर पंडाल में मौजूद लोग ताली बजाकर उनका समर्थन करते दिखे। वहीं उनके इस आक्रामक और विवादित अंदाज ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। उनके विरोधियों ने इसे गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है।

# महुआ के पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला को जान से मारने की धमकी, पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत

दौसा, 18 नवंबर (एजेंसियां)। दौसा महुआ के पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। पूर्व विधायक हुडला ने बताया कि उन्हें पेट्रोल डालकर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

दौसा जिले की महुआ विधानसभा से पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला की माने तो उन्हें एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली। यह धमकी उन्हें फोन पर दी गई है। इसके चलते पूर्व विधायक हुडला की माने तो उन्हें फोन पर किसी व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर जान से मारने की धमकी दी है।



हुडला की माने तो उन्हें सबसे पहले धमकी 25 जुलाई को मिली। धमकी देने वाले ने उन्हें बताया कि पूर्व विधायक ने फेसबुक पर महुआ में हो रहे अपराध पर पोस्ट डाली थी। उसके बाद 13 नवंबर को किसी मी ठा ला ल ना म क व्यक्ति ने हुडला को जान से मारने की उसके बाद उसी शाम को किसी अलग नंबर से जान से मारने की धमकी आई। फिर 15 नवंबर को भी पेट्रोल डालकर गोली से मारने की धमकी मिली। हुडला ने आगे कहा कि यह जितनी भी धमकियां मिल रही हैं, इनमें एक राजनेता का नाम लेकर यह भी कहा जा रहा है कि उस राजनेता के खिलाफ आप क्यों बोलते हैं।

इधर इस मामले को लेकर पूर्व विधायक हुडला ने सरकार से मांग की है कि इस तरह से धमकियां देना और दिलवाना एक अपराध है। यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है। हुडला ने आगे कहा कि मैं मरने से नहीं डरता हूं, क्योंकि की मौत एक बार आनी है वो भी तय समय पर। जान से मारने की धमकियों के मामले में पूर्व विधायक हुडला ने बताया कि मैंने लगातार तीन मामले मंडावर थाने में दर्ज करवा दिए हैं, जिसमें मेरी सुरक्षा की भी मांग की है।

# क्या एसआई भर्ती नहीं होगी रद्द ?

## पेपर लीक के मास्टरमाइंड विदेश में

जयपुर, 18 नवंबर (एजेंसियां)।एसआइ भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में प्रशिक्षु थानेदार व अभ्यर्थी असमंजस में हैं। सरकार भी एसआइ भर्ती परीक्षा रद्द करने का और न ही इसे बरकरार रखने का निर्णय ले पा रही है। इसी बीच हैरान कर देने वाली बात ये है कि एसओजी की कार्रवाई भी अब धीमी पड़ गई है। जबकि एसओजी ने एसआइ पेपर लीक मामले का खुलासा करने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी।

एसओजी ने एसआइ पेपर लीक मामले में 86 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें 50 चयनित थानेदार शामिल हैं। लेकिन पेपर लीक करने वाला यूनिक भांभू और सुरेश ढाका अभी एसओजी की पकड़ से दूर हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों वांटेड पेपर लीक प्रकरण के बाद विदेश भाग गए। लेकिन, अभी तक उन्हें गिरफ्तार कर भारत नहीं लाया जा सका है।

सूत्रों के मुताबिक एसओजी अभी सात प्रशिक्षु थानेदारों को और तलाश रही है। जबकि 859 चयनित थानेदारों में से 300 की भूमिका की जांच कर रही है। एसओजी ने मामले में 10 अक्टूबर को दो महिला सहित चार प्रशिक्षु थानेदारों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद जांच जारी है।

वांटेड यूनिक भांभू ने हसनपुरा स्कूल से एसआइ भर्ती परीक्षा का पेपर परीक्षा से पहले लेकर कई लोगों को भेजा। भांभू ने आरोपी सुरेश ढाका को भी पेपर भेजा। सुरेश ढाका ने मोटी रकम लेकर पेपर परीक्षार्थियों तक पहुंचाया। लेकिन दोनों वांटेड की गिरफ्तारी के बाद ही परीक्षा पास करने वाले प्रशिक्षु थानेदारों की दूसरी व तीसरी कड़ी का खुलासा हो सकेगा।

वहीं, एसओजी ने हरियाणा की गैंग द्वारा भी पेपर परीक्षार्थियों तक पहुंचाने का दावा किया था। हरियाणा की गैंग ने किस-किस को पेपर दिया। इसका खुलासा भी गैंग के सदस्यों के पकड़े जाने के बाद होगा।

# ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

## पिता ने महिला पर हनी ट्रैप का लगाया आरोप

अलवर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। अलवर जिले में राजगढ़ थाना क्षेत्र के मूनपुर गांव के समीप ट्रेन के आगे कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतक युवक के पिता ने एक महिला पर हनी ट्रैप का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार डीग जिले के थाना खोह क्षेत्र के नगला हरसुख निवासी 28 वर्षीय मनोज कुमार जाट नीमराना स्थित एक कंपनी में काम करता था। उसने राजगढ़ थाना क्षेत्र के मूनपुर के समीप ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। उसके पिता मुरारी लाल का कहना है कि मेरे बेटे के मालाखेड़ा निवासी एक महिला से अवैध संबंध थे। कुछ दिन पहले उसने 2 लाख 75 हजार का लोन लेकर रुपये भी दिए थे, जिसमें केवल 75 हजार पिता को दिए बाकी महिला को दे दिए। कुछ दिन पूर्व ही महिला ने पिता को फोन कर कहा कि आपके लड़के ने उससे 50 हजार रुपये लिए हैं और दे नहीं रहा। इस पर पिता और महिला के बीच भी नोक झोंक भी हुई थी। पिता ने कहा है कि संबंधित महिला के कारण ही पुत्र ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। युवक के पिता मुरारी लाल का कहना है कि यह महिला उसके पुत्र से मोटा पैसा वसूल कर रही थी। वह उसके चक्कर में आकर पैसा देता जा रहा था। मरने से पहले भी उसने दो लाख रुपये महिला को दिए थे और यह महिला 50 हजार रुपये और मांग रही थी, जिसके लिए उसने पिता मुरारी को फोन भी किया था।

# ट्रक और बाइक की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

जालौर, 18 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के जालौर में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। वाहनों की तेज रफ्तार के चलते एक दर्दनाक हादसा सामने आया। हादसे में ट्रक और बाइक की तेज गति से भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।




जानकारी के अनुसार सांचौर निकटवर्ती पलादर सरहद नेशनल हाईवे 68 पर में एक ट्रक और मोटरसाइकिल की भीषण भिड़ंत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक और बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक पर सवार तीन में से दो व्यक्तियों की मौके मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही सांचौर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने गंभीर घायल हुए युवक को सांचौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसने भी इलाज के दम तोड़ दिया और उसकी भी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बाइक सवार तीनों युवक सांचौर की तरफ से गुजरात की ओर जा रहे थे। वहीं गुजरात से एक ट्रक राजस्थान की तरफ आ रहा था। इस दौरान सरहद पलदार में नेशनल हाईवे 68 पर दोनों वाहनों के बीच टक्कर हुई, जिसमें बाइक पर सवार तीनों युवक की घटना में मौत हो गई। घटना में बाइक सवार गुजरात के धानेरा के डोवा गांव निवासी भीमाराम पुत्र चनाराम जाति भील व दिनेश पुत्र माधाराम भील और गणेशाराम पुत्र दानाराम देवासी निवासी डोवा गुजरात की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सांचौर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं पुलिस ने घटना स्थल से दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की जांच शुरू की। हालांकि घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। उसकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

# गलत सूचना और फर्जी खबरें जनता के विश्वास के लिए खतरा : डॉ. शशांक

## डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान में गुयाना के मीडिया पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण शुरू

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान ने गुयाना के पत्रकारों और मीडिया पेशेवरों के लिए मीडिया प्रबंधन पर दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) के तहत प्रायोजित किया गया है। संस्थान के महानिदेशक और तेलंगाना सरकार के विशेष मुख्य सचिव डॉ. शशांक गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप कहा कि पत्रकारिता और मीडिया संबंध केवल पेशे नहीं हैं, वे किसी भी लोकतांत्रिक समाज के अपरिहार्य स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, गुयाना के संदर्भ में, एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य वाले देश में, मीडिया पेशेवरों को आवश्यक ज्ञान कौशल और क्षमताओं से लैस




करने का महत्व बहुत अधिक बढ़ गया है। डॉ. शशांक गोयल ने कहा कि अतीत में, दुनिया भर के पारंपरिक मीडिया, यानी समाचार पत्र, रेडियो और टेलीविजन, सार्वजनिक संचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे और इस तरह नागरिकों को सामाजिक मुद्दों के बारे में अच्छी तरह से सूचित रखते थे और उन्हें सकारात्मक बदलाव और समावेशी विकास में योगदान देने के लिए सशक्त बनाते थे।

हालांकि, नए मीडिया, यानी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम, यूट्यूब, लिंक्डइन आदि के उद्भव ने पत्रकारिता को बदल दिया है और अपनी विशाल गति और वैश्विक दर्शकों तक अभूतपूर्व पहुंच के साथ मीडिया की दुनिया में गहरा बदलाव लाया है। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाचार उद्योग में क्रांति ला रहा है, सामग्री निर्माण से लेकर दर्शकों की भागीदारी तक, डॉ. शशांक गोयल ने कहा कि इन प्रगति के साथ गलत सूचना और फर्जी खबरों जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियां भी आती हैं, जो पत्रकारिता की अखंडता और जनता के विश्वास के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि, इस तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में, मीडिया पेशेवरों के लिए सत्य की खोज में सटीकता, निष्पक्षता और नैतिक आचरण के सिद्धांतों को बनाए रखना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि इस परिदृश्य में, मीडिया पेशेवरों को न केवल अपने डोमेन ज्ञान को अद्यतन रखना चाहिए, बल्कि अपनी मीडिया रणनीतियों की गुणवत्ता को समृद्ध करने के लिए बदलते रुझानों के साथ तालमेल भी बिठाना चाहिए।

## हत्या के प्रयास में तीन साल की सजा

कुमरमभीम, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आसिफाबाद जिला सहायक सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को तीन साल की कैद और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। देहगांव एसआई राजू के विवरण के अनुसार देहगांव मंडल के चिन्नारासिपल्ली गांव का सपीलाबापू नामक व्यक्ति खेत में काम करने जा रहा था, तभी उसी मंडल के ओड्डुगुड़ा गांव के बरसा पोशम नामक व्यक्ति ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित सपीलाबापू की पत्नी की शिकायत के आधार पर तत्कालीन दहेगाम एसआई सनथ कुमार ने मामला दर्ज कर जांच की। आरोपी को तीन साल की कैद और एक हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई।

# मामुनूर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया जाएगा : कोमटिरेड्डी

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री कोमटि रेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि मामुनूर हवाई अड्डा वारंगल जिले के लोगों की लंबे समय से चली आ रही इच्छा है, युद्ध स्तर पर पूरा किया जाएगा और लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। आज सचिवालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि उन्होंने कई बैठकें कीं और उन्हें मामुनूर हवाई अड्डे पर 150 किलोमीटर के जीएमएमआर नियम को वापस लेने के लिए राजी किया। मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने मीडिया को बताया कि इस महीने की 6 तारीख को विमानन और राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक में हवाई अड्डे के लिए आवश्यक 280.30 एकड़ जमीन में से 253 एकड़ जमीन किसानों से ली जानी थी। उन्होंने आरोप




लगाया कि हम दशकों से वारंगल जिले में मामुनूर हवाई अड्डे के बारे में सुनते आ रहे हैं और बीआरएस सरकार यहां-वहां मामुनूर हवाई अड्डे के बारे में बात करती रही है लेकिन एक भी ईंट नहीं रखी गई है।

उन्होंने कहा कि अगले 8 महीने में ऐसा एयरपोर्ट शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में मामुनूर हवाई अड्डे को छोटे विमानों के आवागमन के लिए उपयुक्त बनाने, मास्टर प्लान तैयार करने, हवाई अड्डे के विकास में 8 महीने लगेंगे। उन्होंने घोषणा की कि महीनों में आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में, भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण से पहले ही आदेश प्राप्त हो चुके हैं। हवाई अड्डे के विस्तार हेतु आवश्यक 253 एकड़ भूमि के अधिग्रहण हेतु 205 करोड़ रुपये जारी किये गये। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा।

## सीएम ने 'राष्ट्रीय एकीकरण दिवस' शुभकामनाएं दी

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवंबर) के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'राष्ट्रीय एकीकरण दिवस' के अवसर पर सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने नेहरू की मजबूत नेतृत्व की विरासत को जारी रखने और देश के लोगों को लाभान्वित करने वाले क्रांतिकारी सुधारों की शुरूआत करने के लिए 'लौह महिला' इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। सीएम रेवंत रेड्डी ने याद किया कि इंदिरा गांधी ने गरीबों और महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए थे। सीएम ने कहा कि इंदिरा गांधी के शब्दों 'महिलाएं भारतीय शक्ति का प्रतीक हैं' से प्रेरित होकर तेलंगाना सरकार भी महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक करोड़ महिलाओं को 'करोड़पति' के रूप में बढ़ावा देना राज्य में 'इंदिराम्मा राज्यम' के मुख्य लक्ष्यों में से एक है। इंदिरा गांधी की जयंती पर 22 जिलों में नवनिर्मित इंदिरा महिला शक्ति भवनों का भूमिपूजन करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में शायद पहली बार 4,000 महिला समूहों के साथ सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना भी जन-सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि है।

# एआई का उपयोग करने वाले संगठनों को हर संभव सहायता : श्रीधर बाबू

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने घोषणा की कि तेलंगाना क्वांटम कंप्यूटिंग में उत्कृष्टता का केंद्र बनने के लिए तैयार है। सोमवार को यहां एक होटल में हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए, मंत्री ने सिलिकॉन वैली कंपनियों को तेलंगाना राज्य में आकर्षित करने की योजना का खुलासा किया, जो पहले से ही सॉफ्टवेयर, फार्मा और जीवन विज्ञान अनुसंधान और विकास में लहरें बना रहा है। चौथी औद्योगिक क्रांति में हैदराबाद की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और स्वास्थ्य सेवा, विशेष रूप से निदान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को व्यापक रूप से एकीकृत करने के शहर के प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई पहले से ही रेडियोलॉजी डायग्नोस्टिक्स में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सहायता कर रहा हैऔर इसकी क्षमता को अधिकतम करने के लिए और अधिक शोध करने का आह्वान किया। श्रीधर बाबू ने औद्योगिक नेताओं और




संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने हैदराबाद को स्वास्थ्य विज्ञान के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित किया, जिसमें दुनिया की वैक्सीन राजधानी के रूप में इसकी उपलब्धियां भी शामिल हैं। मंत्री ने विशेष रूप से एआईजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संस्थान की स्थापना के लिए डॉ. नागेश्वर रेड्डी की सराहना की, जो वैश्विक स्वास्थ्य सेवा नवाचार में एक प्रकाश स्तंभ बन गया है। उन्होंने एआईजी में एआई द्वारा संचालित एक आभासी चिकित्सा सहायक "मीरा" की शुरूआत पर प्रकाश डाला, इसे स्वास्थ्य सेवा परिवर्तन में एक मील का पत्थर बताया। श्रीधर बाबू ने अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणालियों में एआई के बढ़ते उपयोग को भी स्वीकार किया, जिससे रोगियों को काफी लाभ होता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवा और उद्योग में एआई का उपयोग करने वाले संगठनों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के निर्देश को याद करते हुए, मंत्री ने स्वास्थ्य सेवा में एआई के एकीकरण के लिए एक रोडमैप बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उद्योग की मांगों के अनुरूप कुशल पेशेवरों का उत्पादन करने के लिए एक युवा भारत कौशल विश्वविद्यालय स्थापित करने की राज्य की योजनाओं को भी साझा किया। एक अन्य मोर्चे पर, श्रीधर बाबू ने एक वास्तुशिल्प चमत्कार के रूप में एआई सिटी के विकास की घोषणा की और जीसीसी (वैश्विक क्षमता केंद्र) और बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्त और बीमा) क्षेत्रों के लिए संघ की स्थापना का विवरण दिया।

# लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका में अरेस्ट

## सलमान के घर फायरिंग का मास्टरमाइंड, मूसेवाला मर्डर में भी आ चुका नाम

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल की अमेरिका में गिरफ्तारी की खबर आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैलिफोर्निया में उसे अरेस्ट किया गया है।



अनमोल पर सलमान खान के घर फायरिंग कराने का आरोप है। सिंगर सिद्धू मूसेवाला के मर्डर में भी अनमोल का नाम आया था। दिल्ली और मुंबई पुलिस ने अभी तक गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की है, लेकिन खुफिया एजेंसी के सूत्रों के अनुसार अमेरिका ने दो हफ्ते पहले अनमोल बिश्नोई के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। अनमोल ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके साथ ही पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला और बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में भी उसका नाम सामने आया है।

## विनोद कुमार ने सीएम की टिप्पणियों को किया खारिज

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व सांसद बी विनोद कुमार ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया कि तेलंगाना में फसल उत्पादन को बढ़ाने में कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना (केएलआईएस) की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर कालेश्वरम परियोजना को बदनाम करने और बिना किसी विषय ज्ञान के गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया। सोमवार को तेलंगाना भवन में पत्रकारों से बात करते हुए विनोद कुमार ने कहा कि रेवंत रेड्डी कालेश्वरम परियोजना के उद्देश्य को समझे बिना बोल रहे हैं।

# एक शाम गौमाता के नाम जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोरेमुला स्थित श्री आईमाता बडेर में रक्षक हिन्दु युवा फोर्स के तत्वावधान में गौ चिकित्सालय सेवार्थ एक शाम गौमाता के नाम से गौमाता की तस्वीर पर माल्यापर्ण, दीप प्रज्वलन व ज्योत जलाकर जागरण का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष सी.आर. कुमावत, महामंत्री दीपक जकिया ने बताया कि गणेश वंदना के साथ सहायक गायकार ओमप्रकाश कुमावत निमाज एवं मुख्य भजन सम्राट गौभक्त डॉ. ओमजी मुंडेल डिगरना, राजस्थानी अंदाज में भजन प्रस्तुत किये । जिसका समाज बन्धुओं व भक्तों ने गौसेवार्थ दान-पुण्यकर लाभ लिया।

कार्यक्रम में मुख्यअतिथि सांसद ईटला राजेन्द्र, सम्मानित अतिथि गज्जू भाई कोलरिया व समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारीयों का आयोजकों द्वारा विशेष सम्मान किया गया। भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। जागरण में गौभक्तों द्वारा की गयी दान-पुण्य राशि रक्षक हिन्दू युवा फोर्स गौ चिकित्सालय में गौसेवार्थ दी जायेगी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में रक्षक हिन्दू युवा फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमावत, राकेश दुबलदिया, राजुराम गोयल, कमलेश कुमावत, बाबुलाल रेणवाल, हैदराबाद टीम के संरक्षक सोनाराम तिलायचा, अध्यक्ष सी.आर. कुमावत, उपाध्यक्ष दिनेश बाकरेचा, राजुराम माणणीया, कोषाध्यक्ष चम्पालाल खेड़ावत, महामंत्री दीपक जकिया, मंत्री हरीश मावर, सचिव रमेश घोड़ावड़, सहसचिव सुनिल घोड़ावड़, प्रचार मंत्री सूरज माणणीया, चेनाराम दुबलदिया, सुरेन्द्र अडाणीया, सलाहकार नेमीचन्द मावर, श्रवण चांदौरा, प्रभारी दूदाराम गोयल, राकेश रोहिवाल, व कार्यकारिणी मेम्बर पधारे गौभक्तों की सेवार्थ सपरिवार उपस्थित रहे। अध्यक्ष सी.आर.कुमावत ने गौभक्तों द्वारा दिये गये सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। मंच का संचालन अशोक कुमावत ने किया। संरक्षक सोनाराम तिलायचा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

## करीमनगर की महिला क्रिकेटर को हैदराबाद टीम में मिली जगह

करीमनगर, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। करीमनगर की एक महिला क्रिकेटर कट्टा श्रीवल्ली को हैदराबाद टीम में चुना गया है जो 4 दिसंबर से अहमदाबाद में बीसीसीआई की सीनियर महिला वन-डे ट्रॉफी में खेलेगी। वह उन 15 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) चयन समिति ने शनिवार को हैदराबाद के उप्पल स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में चुना। वह एक उत्साही तेज गेंदबाज थीं,



गेंदबाजी में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्हें टीम के लिए चुना गया था। यहां श्रीपुरम कॉलोनी की निवासी श्रीवल्ली को इस खेल में रुचि उस समय पैदा हुई जब वह तीसरी कक्षा में पढ़ती थी और एक दोस्त के साथ क्रिकेट खेलती थी।

जब वह पांचवीं कक्षा में थी, तो स्कूल प्रबंधन से अनुमति लेकर लड़कों के साथ क्रिकेट खेलती थी। खेल के प्रति उसके जुनून को देखते हुए पीईटी शिक्षक रहीम ने लड़की को विशेष कोचिंग दी। वह स्कूल प्रशासन से अनुमति लेकर दोपहर 3.30 बजे से अभ्यास करती थी। क्रिकेट में ही नहीं, पढ़ाई में भी वह अव्वल रही और 87 प्रतिशत अंकों के साथ एसएससी पास की। चूंकि नियमित कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ अभ्यास जारी रखना संभव नहीं है, इसलिए उसके माता-पिता ने उसे ओपन इंटरमीडिएट कोर्स में दाखिला दिलाया। वह अब इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष की छात्रा है। श्रीवल्ली ने 2019 में मध्य प्रदेश के खंडवा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की स्कूल गेम्स फेडरेशन प्रतियोगिताओं में खेला।

2022 में, वह पुणे में आयोजित एक प्रतियोगिता में एचसीए अंडर-19 टीम के लिए खेली। श्रीवल्ली ने कहा कि वह अपने माता-पिता और कोच के सहयोग से हैदराबाद टीम में जगह बनाने में सफल रहीं। उन्होंने बताया कि दुनिया की सबसे तेज महिला गेंदबाज बनना उनका लक्ष्य है और वह इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी। उनके पिता कट्टा लक्ष्मण रेड्डी ने हैदराबाद टीम में अपनी बेटी के चयन पर खुशी जाहिर की। बचपन से ही उसे क्रिकेट का शौक था।

# सीरवी समाज प्रीमियर लीग-7 क्रिकेट प्रतियोगिता व महिला वर्ग खेल का दूसरा चरण संपन्न




हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें संस्करण व महिला वर्ग खेल का दूसरा चरण संपन्न हुआ। मुख्य प्रयोजक, समाज के गणमान्य अतिथियों एवं टीम के खिलाड़ियों के सान्निध्य में अलियाबाद स्थित सीरवी क्रिकेट ग्राउण्ड एवं श्रेष्ठा क्रिकेट ग्राउंड में प्रतियोगिता का दूसरा चरण का शुभारंभ किया गया।

फ्रेन्डस क्लब के सुरेश सैणचा ने बताया कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 18 टीमों के मध्य टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच रविवार को खेले गये। महिला वर्ग के खेलों में बेटमिंटन तथा पारंपरिक खेल संपन्न हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मुकाबला बिरमगुड़ा व शमशाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें शमशाबाद 7 विकेट से विजयी रहा। प्रेम सीरवी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ दि मैच से नवाजा गया। दूसरा मैच टीएमजी टाईटन्स व आईजी फ्रेंड्स कलब के बीच खेला गया जीसमे टीएम जी टाईटन्स 76 रन विजयी रहीं। मुकेश चौधरी को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। तीसरा मुकाबला बालनगर व कापरा के मध्य खेला गया, जिसमें आईजी कापरा की टीम 3 विकेट से विजयी रही। थानाराम को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। चौथा मुकाबला संगारेड्डी व करमनघाट के मध्य खेला गया, जिसमें संगारेड्डी की टीम 93 रन से विजयी रही। मुकेश वोरा को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। पांचवां मुकाबला कुकटपल्ली व हयातनगर के मध्य खेला गया, जिसमें कुकटपल्ली की टीम 21 रनों से विजयी रही। पुनित चौधरी को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। छठा मुकाबला मेडचल व सिकंदराबाद के मध्य खेला गया, जिसमें मेडचल की टीम ने 6 विकटों से विजयी रही। चीरनजीवी को मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया गया। सातवां मुकाबला ऑलविन 11 और रामनगर के मध्य खेला गया, जिसमें रामनगर की टीम 6 विकेट से विजयी रहीं। ओम मुलेवा मैन ऑफ दि मैच रहे। आठवां मुकाबला एलबी नगर और नागोल के मध्य खेला गया जिसमें एलबी नगर की टीम 41 रनों से विजेता रही।

मुकेश सीरवी मैन ऑफ दि मैच रहे। नौवां मुकाबला सैनकपुरी और आईजी गुटा 11के बीच मैच खेला गया, जिसमें 7 विकेट से सैनकपुरी की टीम विजयी रही। मोहनलाल मैन ऑफ दि मैच बने। महिला वर्ग बेडमिंटन में में सभी वर्ग के खेल आयोजित हुए जिन खिलाड़ियों ने जीत हासिल की उनको सीरवी समाज प्रिमियर लीग 7 के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता का तीसरा चरण 24 नवंबर रविवार को होगा।

# बीसी आयोग की नलगोंडा में हुई जनसुनवाई

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना बीसी आयोग की जनसुनवाई के दूसरे दौर के हिस्से के रूप में, पिछड़े वर्गों की स्थिति पर एक जनसुनवाई सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक नलगोंडा जिले के एकीकृत जिला कार्यालय परिसर के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई।

इसमें करीब छह से आठ सौ लोगों ने हिस्सा लिया। लोगों, विभिन्न जाति समुदायों और राजनीतिक नेताओं ने अपने आवेदन प्रस्तुत किए। यदाद्री भुवनगिरी के विधायक कुंभम अनिल कुमार रेड्डी ने सार्वजनिक पूछताछ में भाग लिया और अपने सुझाव दिए। आयोग को शपथ पत्र के रूप में कुल 82 अनुरोध एवं सुझाव प्रस्तुत किये गये हैं। इन अनुरोधों के एक भाग के रूप में, यह अनुरोध किया गया था कि बीसी को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। चूंकि कुछ जातियों को मान्यता नहीं है, इसलिए उनके लिए मान्यता मांगी जा रही है।

विभिन्न जाति समुदायों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याओं और पिछड़ेपन को आयोग के ध्यान में लाया। विशेष रूप से राज्य की बीसी सूची में जाति समूहों के परिवर्तन और ग्राम विकास समितियों के नाम पर गांवों से बीसी जातियों के निष्कासन को आयोग के ध्यान में लाया गया था। बीसी आयोग के अध्यक्ष जी निरंजन, सदस्य रापोलु जयप्रकाश, थिरुमालागिरी सुरेंद्र, बालालक्ष्मी रंगा, विशेष अधिकारी जी सतीश कुमार के साथ नलगोंडा जिला कलेक्टर इला त्रिपाठी, यादाद्री भुवनगिरी कलेक्टर एम. हनमंथा राव, सूर्यापेट जिला कलेक्टर तेजस नंद लाल पवार, नलगोंडा अतिरिक्त कलेक्टर जे. श्रीनिवास, नलगोंडा जिला बीसी कल्याण अधिकारी ख्वाजा नाजिम अली, सूर्यापेट जिला बीसी कल्याण अधिकारी श्रीमती अनसूया, यादाद्रि भुवनगिरी जिला बीसी कल्याण अधिकारी श्री पी. यादैया और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# तेलंगाना को कर्ज में डूबा राज्य बना रही है कांग्रेस : किशन रेड्डी

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कोयला मंत्री और राज्य भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस पर अपने 10 महीने के शासन के दौरान राज्य की आर्थिक स्थिति को खराब करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार न केवल अपने वादों से पीछे रह गई है, बल्कि राज्य की वित्तीय स्थिरता को भी खतरे में डाल रही है। सोमवार को भाजपा की राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए किशन रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है और राज्य चलाने के लिए कर्ज ले रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार ने भारी कर्ज ले लिया है और कर्ज पाने के लिए हर अवसर की तलाश में है। राज्य सरकार ने कर्ज पाने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। सरकार चलाने और योजनाओं को




लागू करने के लिए यह जमीनें भी बेच रही है।

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर कड़ा प्रहार करते हुए भाजपा के राज्य प्रमुख ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री छह गारंटियों के कार्यान्वयन के बारे में झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री चुनावी वादों के बारे में भी महाराष्ट्र के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। एक भी वादा पूरी तरह से लागू नहीं किया गया है, लेकिन मुख्यमंत्री इसके बारे में बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। कांग्रेस फसल ऋण माफी को सफलतापूर्वक लागू करने में भी विफल रही है। किशन रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना को दिवालिया होने से बचाना भाजपा की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में 70 लाख से अधिक लोगों ने भाजपा को वोट दिया था, इसलिए राज्य को कर्ज से बचाना भाजपा का कर्तव्य है।

## केआरएमबी के ताजा फरमान के बाद तेलंगाना डिस्कॉम पर भारी बोझ

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) द्वारा तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सरकारों को जलविद्युत उत्पादन के लिए श्रीशैलम और नागार्जुनसागर जलाशयों के पानी का उपयोग बंद करने के आदेश जारी करने के बाद, राज्य द्वारा संचालित बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को भारी वित्तीय बोझ का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (आईईएक्स) से अतिरिक्त बिजली खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हाल ही में केआरएमबी ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर श्रीशैलम और नागार्जुन सागर जलाशयों के पानी का इस्तेमाल जलविद्युत उत्पादन के लिए न करने को कहा है।

## रामागुंडम पुलिस ने मंचेरियल में अंतरराज्यीय चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

मंचेरियल, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रामागुंडम के पुलिस आयुक्त एम श्रीनिवासुलु ने पुलिस को सतर्क रहकर महाराष्ट्र से आने वाले और तेलंगाना में प्रवेश करने वाले हर वाहन की गहन जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कोटापल्ली मंडल के रापनपल्ली गांव में एक अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। श्रीनिवासुलु ने कहा कि दो उप-निरीक्षक चेक-पोस्ट पर ड्यूटी निभाएंगे और पड़ोसी राज्य से आने वाले और तेलंगाना में प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन की सावधानीपूर्वक जांच करेंगे।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# केएल राहुल पर्थ टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं

## फिट होने के बाद प्रैक्टिस शुरू की

## चोटिल गिल पहले टेस्ट से बाहर, रोहित भी नहीं खेलेंगे

पर्थ, 18 नवंबर (एजेंसियां)। टॉप ऑर्डर बैटर शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वे शनिवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। हाल ही में दूसरी बार पिता बने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं।




भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने वाका में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। राहुल को शुक्रवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान दायीं कोहनी में चोट लग गई थी।

उधर, देवदत्त पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया गया है। वे पिछले 20 दिनों से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खेलने गई इंडिया-ए टीम का हिस्सा थे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम मैनेजमेंट ने सिलेक्शन कमेटी से बात करने के बाद पडिक्कल को सीनियर टीम के बैकअप के लिए ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया है। भारतीय टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है। टीम दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में पहले टेस्ट के साथ करेगी। वहां भारतीय टीम को 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है।

**रोहित दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ेंगे**

क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम से जुड़ेंगे। रोहित ने बीसीसीआई और सिलेक्शन कमेटी को पहले ही बता दिया था कि वे पर्थ टेस्ट को मिस कर सकते हैं। दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होगा, जो डे-नाइट मैच है। टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने 15 नवंबर को देर रात बेटे को जन्म दिया। रोहित की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं।

**स्लिप में फील्डिंग के दौरान चोटिल हुए थे गिल**

शुभमन गिल को शनिवार को पर्थ में मैच सिमुलेशन के दौरान स्लिप में फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगी थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक उनके अंगूठे में फ्रैक्चर है और वे पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। हालांकि गिल की चोट को लेकर बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

राहुल ने एक्सरसाइज के बाद काफी देर तक नेट्स में बैटिंग की। बीसीसीआई फिजियोथेरेपिस्ट कमलेश जैन और योगेश परमार ने कहा, वे पूरी तरह फिट हैं, तभी उन्हें बैटिंग की इजाजत दी गई। स्कैन के बाद पता लगा कि उनकी चोट गंभीर नहीं है और ना ही कोई फ्रैक्चर है। शुक्रवार को प्रैक्टिस मैच के दौरान राहुल की कोहनी में प्रसिद्ध कृष्णा की बॉल लगी थी और वे स्कैन के लिए मैदान से बाहर चले गए थे। उन्होंने शनिवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया था।

राहुल की वापसी टीम इंडिया के लिए राहत की खबर है। 32 साल के राहुल भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पहला टेस्ट नहीं खेलने पर ओपनिंग के ऑप्शन हैं।

**पडिक्कल ने इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था**

देवदत्त पडिक्कल ने इसी साल मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले ही मैच में 65 रन बनाए थे। हाल ही उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ इंडिया-ए के लिए खेलते हुए चार पारियों में 151 रन बनाए थे, जिसमें 88 रन की इनिंग भी शामिल है।

# चेतेश्वर पुजारा की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में एंट्री

## पुजारा कमेंट्री करते नजर आएंगे

पर्थ, 18 नवंबर (एजेंसियां)। चेतेश्वर पुजारा की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में एंट्री हुई है. ये दिग्गज खिलाड़ी मैदान के बाहर से फैंस का मनोरंजन करेगा. जानिए पुजारा को ऐसा क्या काम मिला है और इसके लिए उनपर मोटा पैसा बरसने वाला है.

चेतेश्वर पुजारा को भले ही टीम इंडिया ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए स्क्वाड में शामिल नहीं किया लेकिन इसके बावजूद अब ये खिलाड़ी इस सीरीज में नजर आने वाला है. चेतेश्वर पुजारा मैदान के अंदर तो नहीं लेकिन मैदान के बाहर से अपना जलवा दिखाने वाले हैं.

दरअसल चेतेश्वर पुजारा को इस सीरीज के लिए एक खास जिम्मेदारी मिली है. पुजारा इस सीरीज में कमेंट्री करते नजर आएंगे और इसके लिए उन्हें अच्छी-खासी रकम भी मिलेगी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुजारा को स्टार स्पोर्ट्स ने हिंदी कमेंट्री के लिए साइन किया है और ऐसे में वो इस प्रतिष्ठित सीरीज के दौरान अपनी एक्सपर्ट राय फैंस के साथ साझा करते दिखेंगे.



पुजारा का सेलेक्शन नहीं हुआ चेतेश्वर पुजारा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर हैं. हाल ही में ये खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी और उसके साथ-साथ काउंटी क्रिकेट में अपना दम दिखा रहा था लेकिन उनकी टीम इंडिया में वापसी नहीं हो पाई. बड़ी बात ये है कि पुजारा का बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रिकॉर्ड भी कमाल है. वो इस प्रतिष्ठित सीरीज में 50.82 की औसत से 2033 रन बना चुके हैं.

**पुजारा का एक और बड़ा रिकॉर्ड**

बॉर्डर-गावस्कर सीरीज की बात करें तो चेतेश्वर पुजारा 4 बार प्लेयर ऑफ द मैच हासिल कर चुके हैं. जबकि विराट कोहली ने एक ही बार ये अवॉर्ड जीता है. वहीं रोहित शर्मा ने कभी अपनी लाइफ में ये काम नहीं किया है. स्टीव स्मिथ और नाथन लायन जैसे खिलाड़ी भी 3-3 बार ये खिताब हासिल कर पाए हैं. साफ है बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में पुजारा का जलवा रहा है लेकिन अफसोस की बात है कि ये खिलाड़ी अब इस सीरीज में खेलता नहीं दिखेगा.

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज का आगाज 22 नवंबर से होगा. पर्थ में पहला टेस्ट खेला जाएगा जिसके लिए टीम इंडिया जोर-शोर से तैयारियां कर रही है.

टीम इंडिया ने पिछली दो टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को उसके घर पर हराया है और इस बार भी फैंस को यही उम्मीद होगी. हालांकि इस बार टीम इंडिया पहले टेस्ट मैच से ही फुल स्ट्रेंथ टीम के साथ नहीं उतर रही है. पहले मैच में कप्तान रोहित शर्मा भी नहीं हैं. वहीं शुभमन गिल को भी चोट लग चुकी है.

# एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विस्मया डोप में फंसीं

## जकार्ता 2018 में 400 मीटर रिले में जीता था सोना

नई दिल्ली, 18 नवंबर (एजेंसियां)। जकार्ता एशियाई खेलों में जोरदार अंतिम फर्राटा भरते हुए भारत को चार गुणा चार सौ मीटर रिले का स्वर्ण पदक दिलाने वाली 400 मीटर की एथलीट वीके विस्मया डोप में फंस गई हैं। नाडा की ओर से किए गए आउट ऑफ कंपटीशन टेस्ट में उनके सैंपल में स्टीमुलेंट क्लोमिफेन पाया गया है। हांगझोऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली शॉटपुटर किरन बालियान के बाद डोप में फंसनी वाली वह दूसरी बड़ी एथलीट हैं।



**अस्थाई प्रतिबंध लगा**

नाडा के रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल में शामिल विस्मया का सैंपल 24 अगस्त को उनके गृह नगर कन्नूर में लिया गया था। बताया जाता है कि उन्होंने प्रतिबंधित दवा लेने की बात स्वीकार करते हुए अस्थाई प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है। विस्मया ने 2018 के एशियाड में हिमा दास, एमआर पूवम्मा, और सरिताबेन गायकवाड़ के साथ मिलकर रिले का स्वर्ण जीता था। उन्होंने 2019 की दोहा एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की चार गुणा चार सौ मीटर रिले और चार गुणा चार सौ मीटर मिश्रित रिले के रजत पदक भी जीते थे। वह विश्व चैंपियनशिप में 3.15.77 मिनट का समय निकालकर सातवें स्थान पर रहने वाली महिला रिले टीम की भी सदस्य थीं।

**तीन अन्य एथलीट भी फंसे**

वह पिछले कुछ समय से ट्रैक से गायब थीं। विशेषज्ञों के मुताबिक वाडा की एस-4 कैटेगरी में आने वाला क्लोमिफेन महिलाओं में गर्भ धारण की प्रक्रिया के लिए आवश्यक हार्मोन को उत्तेजित करने का काम करता है। वहीं, नाडा की ओर से की गई अन्य टेस्टिंग में राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1500 मीटर का कांस्य जीतने वाली सुनीता ईपीओ के लिए डोप पॉजिटिव पाई गई हैं। दिल्ली राज्य एथलेटिक्स में खेलीं स्प्रिंटर मुस्कान राणा और इंटर रेलवे में डिकेथलन एथलीट प्रवीण कुमार स्टेनोजोलाल के लिए डोप पॉजिटिव पाए गए हैं।

# महिला शतरंज खिलाड़ी ने छुए पैर तो शर्माए ग्रैंडमास्टर कार्लसन

## दिल जीत लेने वाली प्रतिक्रिया दी

कोलकता, 18 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में खेल एक भावना है। खेलों से भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक भी मिलती है। कुछ ऐसी ही झलक कोलकाता में जारी एक शतरंज प्रतियोगिता में भी देखने को मिली। जैसे ही दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी नॉर्वे मैग्नस कार्लसन भारत की ब्रिस्टी मुखर्जी को विजेता की ट्रॉफी सौंपने लगे तो आश्चर्यजनक घटना सामने आई। दरअसल, ब्रिस्टी ने टाटा स्टील शतरंज इंडिया फेस्टिवल 2024 में 7/7 स्कोर के साथ ऑल इंडिया महिला रैपिड इवेंट (इवेंट B) जीता था। कार्लसन ने उन्हें जैसे ही प्रतिष्ठित ट्रॉफी सौंपी, ब्रिस्टी ने उनके पैर छुए। कार्लसन को पहले कुछ समझ नहीं आया और खिलाड़ी को पैर छूकर आशीर्वाद लेते देख उन्हें अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। इस पर उनकी प्रतिक्रिया दिल जीत लेने वाली थी। कार्लसन पहले तो मुस्कुराए और फिर शर्माने लगे। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। टाटा स्टील शतरंज इंडिया फेस्टिवल 2024 में ऑल इंडिया महिला रैपिड इवेंट (इवेंट बी) जीतने वाली ब्रिस्टी मुखर्जी ने खेल के दिग्गज कार्लसन से आशीर्वाद लेने का कोई मौका नहीं छोड़ा। इससे पहले उन्होंने विश्वनाथन आनंद से मिलने के बाद भी ऐसा ही किया था, जो समापन समारोह में मौजूद थे। मुखर्जी ने जैसे ही कार्लसन से हाथ मिलाया और फिर उनके पैर छुए, वहां मौजूद लोगों ने उनका तालियों से स्वागत किया। कार्लसन भी काफी खुश दिखे। वीडियो नीचे देखें...



इवेंट के बाद कार्लसन ने कहा, 'कोलकाता में खेलना निश्चित रूप से मजेदार अनुभव रहा। पिछले कुछ वर्षों में मेरे कार्यक्रम में कोलकाता में इस टूर्नामेंट को खेलना फिट नहीं बैठा था। लेकिन भारतीय सरजमीं पर इन युवाओं के खिलाफ खेलना वास्तव में अच्छा है। मुझे खुशी है कि मैं अब भी अच्छा खेल सकता हूं।' यह जानते हुए कि मैग्नस कार्लसन इस कार्यक्रम में आएंगे, सैकड़ों शतरंज फैंस कोलकाता के धोनो धान्यो सभागार में वैश्विक आइकन की एक झलक पाने के लिए मौजूद थे।

# सिनर ने जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

## इटली के पहले टेनिस खिलाड़ी बने, फ्रिट्ज को हराया

तूरिन, 18 नवंबर (एजेंसियां)। इटली के यानिक सिनर ने अमेरिका टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराकर एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया। श्रेष्ठ आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जाने वाले वर्ष के अंतिम टूर्नामेंट को जीतने वाले वह इटली के पहले खिलाड़ी हैं। विश्व नंबर एक सिनर इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीत चुके हैं। इस टूर्नामेंट के ही दौरान उन्होंने विश्व नंबर एक की ट्रॉफी भी ग्रहण की थी।




सिनर और फ्रिट्ज के बीच यह हाल के महीनों में तीसरा मुकाबला था। तीनों ही मुकाबलों में सिनर को जीत मिली। दोनों के बीच यूएस ओपन का फाइनल भी खेला गया था। इस टूर्नामेंट के ग्रुप दौर में भी दोनों खिलाड़ी आमने-सामने रहे, जहां सिनर समान स्कोर 6-4, 6-4 से जीते। फाइनल में सिनर को स्थानीय दर्शकों का जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने दोनों ही सेटों में फ्रिट्ज की एक-एक बार सर्विस तोड़ी।

फ्रिट्ज ने सेमीफाइनल में दो बार के विजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था। माना जा रहा था कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होगा, लेकिन सिनर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। सिनर इस वर्ष विवादों में रहे हैं।

वह दो बार डोप पॉजिटिव पाए गए, लेकिन उन्हें आरोपों से बरी कर दिया। उन्हें बरी किए जाने के मामले में वाडा ने अपील कर रखी है। जिस पर फैसला वर्ष की शुरुआत में आना है। युगल का खिताब जर्मनी के टिम पुट्ज और केविन क्राविट्ज ने जीता। दोनों ने फाइनल में क्रोएशिया के मैट पेविच और अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो को 7-5 (5), 7-6 (6) से हराया।

# इंग्लैंड और वेस्टइंडीज आखिरी टी-20 बारिश में धुला

## अंग्रेजों ने 3-1 से जीती 5 मैचों की सीरीज; साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द सीरीज

सेंट लूसिया, 18 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। ऐसे में इंग्लिश टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। पिछला मुकाबला वेस्टइंडीज ने 5 विकेट से जीता था।

सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में बिना नुकसान के 44 रन ही बनाए थे कि बारिश आ गई और खेल रोकना पड़ा। बाद में इसे रद्द कर दिया गया। साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। उन्होंने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके।



खेल रोके जाने तक वेस्टइंडीज ने बिना नुकसान के 44 रन बना लिए थे। ओपनर इवेन लुईस 20 बॉल पर 29 और शाई होप 10 बॉल पर 14 रन बना चुके थे। दोनों ने 44 रन की ओपनिंग साझेदारी की।

लुईस ने पहला ओवर डाल रहे जोफ्रा आर्चर की दूसरी बॉल पर चौका जमाया। फिर होप के साथ मिलकर 5वें ओवर में टर्नर की बॉल पर तीन बाउंड्री जमाते हुए 16 रन लिए।

**साकिब महमूद ने सबसे ज्यादा 9 विकेट झटके**

इंग्लिश मिडियम पेसर साकिब महमूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए। उन्होंने इस सीरीज के 4 मैचों में 9 विकेट झटके। वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ 4 विकेट लेकर टीम के टॉप विकेट टेकर रहे।

इंग्लिश ओपनर फिल सॉल्ट ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने चार पारियों में 162 रन बनाए । इस मैच के रद्द होने के बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज इंग्लैंड के नाम रही। इंग्लिश टीम ने सीरीज के शुरुआती 3 मुकाबले जीते थे, जबकि चौथे मुकाबले को जीतकर विंडीज की टीम ने वापसी की थी।

वेस्टइंडीज की टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। टीम ने पहला वनडे 8 विकेट से जीता था। फिर इंग्लैंड ने दूसरा वनडे 5 विकेट से जीतकर सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली, लेकिन विंडीज ने निर्णायक मैच को 8 विकेट से जीतते हुए 2-1 से सीरीज जीत ली।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराकर खत्म किया 12 साल का इंतजार

## क्रिकेट के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

खेल डेस्क, 18 नवंबर (एजेंसियां)। दिग्गज बैटिंग ऑलराउंडर सनथ जयसूर्या जब से श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के हेड कोच बने हैं, तब से ही श्रीलंकाई टीम के खेल में काफी बदलाव देखने को मिला है. श्रीलंकाई टीम एक के बाद एक बड़े कारनामे करती जा रही है. श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच पल्लेकेले के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया. इस मैच में श्रीलंका ने रोमांचक जीत हासिल की और 12 साल से चलते आ रहे एक इंतजार को भी खत्म किया.

श्रीलंका की न्यूजीलैंड पर धमाकेदार जीत

श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मैच में शानदार टक्कर देखने को मिली. न्यूजीलैंड की टीम इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.1 ओवर ही खेल सकी और 209 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इस दौरान मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 76 रन बनाए. वहीं, मिचेल हे ने 49 रनों का योगदान दिया और विल यंग ने भी 26 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टीक सका. दूसरी ओर श्रीलंका के लिए महेश थीक्षाना और जेफ्री वेंडरसे ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट लिए.




लेकिन, 210 रनों के टारगेट के जवाब में श्रीलंका ने अपने 7 विकेट 163 रन पर ही गंवा दिए. ऐसे में ये मैच न्यूजीलैंड के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा था. लेकिन कुसल मेंडिस के बल्ले से एक मैच विनिंग पारी देखने को मिली. उन्होंने नाबाद 74 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया. वहीं, महेश थीक्षाना ने गेंद के बाद बल्ले से भी कमाल किया. महेश थीक्षाना ने 44 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया. बता दें, सीरीज का पहला मैच भी श्रीलंका के नाम ही रहा था. ऐसे में अब श्रीलंका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है.

श्रीलंका ने खत्म किया 12 सालों का इंतजार

बदा दें, श्रीलंका ने 12 साल के बाद न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज में हराया है. इससे पहले उन्होंने ये कारनामा साल 2012 में किया था. वहीं, श्रीलंका ने अपने घर पर लगातार छठी वनडे सीरीज जीती है. ये श्रीलंका क्रिकेट के इतिहास में ये पहला मौका है जब उन्होंने अपने घर पर लगातार 6 सीरीज जीती हैं. इससे पहले श्रीलंका ने 1997 और 2003 में लगातार 5-5 सीरीज जीती थीं. इसके अलावा इस साल सीरीज ने कुल 5 वनडे सीरीज जीत ली है, जो एक रिकॉर्ड है, इससे पहले श्रीलंका ने सिर्फ 2014 में ऐसा किया था.

# मोहम्मद रिजवान की जगह सलमान अली बना कप्तान, पाकिस्तान की टीम का विस्फोटक फैसला

होबार्ट, 18 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले पाकिस्तान की टीम ने अपनी प्लेइंग XI की घोषणा कर दी है. इसमें उसने एक बहुत ही हैरान करने वाला फैसला लिया. दूसरे मुकाबले में बुरी तरह फेल होने के बाद पाकिस्तान ने बड़ा बदलाव किया. उसने आखिरी मैच के लिए उसने बड़ा बदलावा करते हुए अपने कप्तान को ही टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया है. पाकिस्तान की टीम ने एक विस्फोटक फैसला लेते हुए रिजवान की जगह कुछ नए खिलाड़ियों को मौका दिया है. वहीं सलमान अली आगा को टीम का नया कप्तान बनाया है. बता दें सलमान पहले से ही टीम के उप्तान हैं. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ सेलेक्शन कमेटी के सदस्य असद शफीक भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौजूद हैं. उन्हीं के हाथ में खिलाड़ियों की पूरी कमान है. टीम के चयन में कप्तान और हेड कोच के रोल को खत्म कर दिया है. अब उन्होंने एक बड़ा फैसला करते हुए व्हाइट बॉल के नए कप्तान रिजवान को बाहर करके 21 साल के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज हसीबुल्लाह खान को उतारा है. दूसरे टी20 में रिजवान ने 26 गेंद में 16 रन बनाए थे, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी. उन्हें हार का सबसे बड़ा कारण भी बताया गया था.



दूसरी ओर दाएं हाथ के तेज गेंदबाज नसीम शाह को भी बेंच पर बैठा दिया गया है. उनकी जगह 21 साल के युवा गेंदबाज जहांदाद खान ने ली है. वह तीसरे मुकाबले में पाकिस्तान के लिए डेब्यू करेंगे. नसीम पिछले कुछ मैचों से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं. पिछले मुकाबले में भी उन्हें जमकर मार पड़ी थी. उन्होंने 4 ओवर में 44 रन लुटा दिए थे और कोई भी विकेट नहीं चटका सके थे.

# पर्यटन निगमों के दर्शन कोटे को समाप्त करने की मंजूरी

## श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन का समय 20-30 घंटे से घटाकर 2-3 घंटे करने का लक्ष्य

### टीटीडी बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय



तिरुमला, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी बोर्ड की पहली बैठक में बीआर नायुडू की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। तिरुमला के अन्नामैया भवन में बोर्ड बैठक पूरी होने के बाद, टीटीडी बोर्ड प्रमुख बीआर नायुडू ने ईओ जे श्यामला राव के साथ मीडिया को निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की सलाह लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत तकनीक का उपयोग करके श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन का समय 20-30 घंटे से घटाकर 2-3 घंटे करना है। श्रीवाणी ट्रस्ट का टीटीडी खाते में विलय और योजना को जारी रखते हुए इसका नाम बदलने की संभावनाओं की पुष्टि करना है। बोर्ड ने इस श्रेणी के तहत एसईडी टिकट जारी करने में अनियमितताओं से संबंधित शिकायतों की गहन जांच के बाद विभिन्न राज्यों के पर्यटन निगमों के दर्शन कोटे को समाप्त करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि तिरुमाला में डंपिंग यार्ड में जमा मलबे को 15 दिन के भीतर साफ किया जाएगा। श्रीनिवास सेतु फ्लाई ओवर का नाम बदलकर गरुड़ वरधि रखा जाएगा। बोर्ड राज्य सरकार से अनुरोध करेगा कि अलीपीरी में पर्यटन को दी गई 20 एकड़ जमीन देवलोक परियोजना के पास टीटीडी को सौंप दी जाए। तिरुमाला में काम करने वाले गैर-हिंदू के मामले में राज्य सरकार को इस बारे में उचित निर्णय लेने के लिए पत्र लिखा जाएगा। हर महीने के पहले मंगलवार को तिरुपति के स्थानीय लोगों को दर्शन प्रदान करना है। तिरुमाला में कोई राजनीतिक बयानबाजी नहीं की जाएगी और अगर जरूरत पड़ी तो ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और साथ ही उनका प्रचार करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी टीटीडी जमा की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अगली बोर्ड बैठक में उन्हें जमा करने का फैसला लिया जाएगा। निजी बैंकों से पहले से जमा राशि निकालकर राष्ट्रीयकृत बैंकों में जमा करवाना है। श्रीवारी लड्डू बनाने में घी की बढ़ी हुई गुणवत्ता का उपयोग होगा। तिरुमाला में अन्नप्रसादम कॉम्प्लेक्स में भक्तों के लिए हर दिन के मेनू में एक और स्वादिष्ट रेसिपी पेश की जाएगी। उन्होंने कहा कि चूंकि विशाखा शारदा पीठम ने नियमों का उल्लंघन किया है। टीटीडी की विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बाद मठ का पट्टा रद्द कर दिया जाएगा।



श्रीवारी मंदिर में सदियों पुराने पोटू-मंदिर रसोई में लीकेज की मरम्मत और वेंगमम्बा अन्नप्रसादम परिसर के आधुनिकीकरण का काम टीवीएस कंपनी द्वारा किया जाएगा। टीटीडी बोर्ड ने 4 अक्टूबर से आयोजित तिरुमला श्रीवारी मंदिर के वार्षिक ब्रह्मोत्सव के दौरान विशेष सेवाएं प्रदान करने वाले कर्मचारियों के बहुमानम में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी। बैठक में अन्य बोर्ड सदस्य, टीटीडी प्रबंधक भी उपस्थित थे।

## उत्तराधि मठ के मुख्य पुजारी ने भगवान वेंकटेश्वर की पूजा-अर्चना की

तिरुमला, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उत्तराधि मठ के मुख्य पुजारी जगद्गुरु श्रीश्रीश्री श्री सत्यात्मा तीर्थ स्वामीजी ने सोमवार सुबह तिरुमला के श्री वारी मंदिर का दौरा किया। श्री वारी मंदिर के सामने पहुंचने पर, टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी चौधरी वेंकैया चौधरी और मंदिर के पुजारियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें गर्भगृह ले गए। इस अवसर पर डीईईओ लोकानाथम, पेशकर रामकृष्ण, वीजीओ सुरेंद्र पार्थपतिदार हिमतगिरी और अन्य भी उपस्थित थे।

# कुख्यात अंतरराज्यीय ओएलएक्स जालसाज गिरफ्तार

## बालाजी नायुडू करीब दो सौ लोगों से कर चुका है ठगी



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पंजागुट्टा पुलिस ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर सोमवार को एर्रामंजिल में एक कुख्यात अंतरराज्यीय ओएलएक्स जालसाज को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से दो सेल फोन और तीन सिम कार्ड जब्त किए। आरोपी ने कबूल किया कि उसने लगभग 200 लोगों को धोखा दिया है, जिन्होंने अपने पुराने मोबाइल बेचने के लिए ओएलएक्स प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया है और लगभग 50 से 60 लाख रुपये की ठगी की है। सहायक पुलिस आयुक्त, पंजागुट्टा डिवीजन, वेस्ट जोन, हैदराबाद एस. मोहन कुमार के मुताबिक आरोपी मारीसरला बालाजी नायुडू उर्फ बालाजी (35 वर्ष), भवानी नगर, तिरुपति आंध्र प्रदेश राज्य का रहने वाला है। वह एसवी विश्वविद्यालय से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। नायुडू ने ओएलएक्स पर पहले से इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन बेचने वाले व्यक्तियों को निशाना बनाना शुरू किया, बिना बातचीत के उनकी कीमत पर सहमति जताई और फिर मोबाइल की असली तस्वीरों का उपयोग करके उन्हीं फोन को कम कीमत पर फिर से पोस्ट किया। वह इच्छुक खरीदारों को सत्यापन के लिए मूल विक्रेताओं के पास भेजता था, खुद को दोनों पक्षों का भाई बताता था और उन्हें लेन-देन के विवरण पर चर्चा न करने का निर्देश देता था। नायुडू फिर भुगतान के लिए यूटीआई आईडी या क्यूआर कोड प्रदान करता था, जिसके बाद वह पैसे मिलने पर खरीदार और विक्रेता दोनों के फ़ोन नंबर ब्लॉक कर देता था। वर्ष 2018 से चल रही इस धोखाधड़ी ने कथित तौर पर लगभग 200 व्यक्तियों को ठगा है, जिसमें कुल धोखाधड़ी की राशि 50 से 60 लाख रुपये तक है। भुगतान प्राप्त करने से पहले, नायुडू सीडीएम या एटीएम केंद्रों पर अनजान व्यक्तियों को धोखा देता था, तकनीकी समस्याओं का दावा करता था और लेन-देन के लिए उनकी यूपीआई आईडी का उपयोग करता था। उसने ठगे गए पैसे को जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप में खर्च किया, और अपनी सारी संपत्ति अपनी लत में खो दी। नायुडू ने पहले भी विभिन्न सेवा प्रदाताओं के 23 सिम कार्डों के आसपास अलग-अलग मोबाइल नंबरों का उपयोग करके कई अपराध किए हैं, जिनमें से 138 पीड़ितों ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में उसके खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा, तेलंगाना के हैदराबाद, साइबराबाद और राचकोंडा और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा और तिरुपति में ट्राई कमिश्नरेट के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में सीधे 19 मामले दर्ज किए गए हैं। ठगी गई कुल राशि 50 से 60 लाख रुपये के बीच होने का अनुमान है। आरोपी को पहले भी इसी तरह के अपराधों में बेंगलुरू, विजयवाड़ा और तिरुपति पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

## झगड़े में 2 रिश्तेदारों ने एक दूसरे को मार डाला

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के मडगुल मंडल में रविवार रात आपसी झगड़े में दो रिश्तेदारों ने एक-दूसरे की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, बी यादैय्या (54) नामक व्यक्ति ने करीब 10 साल पहले अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी और इस मामले में उसे दोषी करार देकर जेल भेज दिया गया था। दो साल पहले वह जेल से रिहा हुआ था और मडगुल मंडल के नागिला गांव में रह रहा था। रविवार शाम को गांव में एक समारोह के दौरान यादैय्या का साला गड्डाम श्रीनु गांव आया और बाद में शाम को यादैय्या से मिलने उसके घर गया। मडगुल इंस्पेक्टर आई जगदीश ने बताया कि जब श्रीनू यादैय्या के साथ बैठकर बात कर रहे थे, तो किसी बात को लेकर उनके बीच बहस हो गई। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे पर लाठी से हमला कर दिया और उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। बाद में दोनों की चोटों के कारण मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## खड़े ट्रक से बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रंगारेड्डी जिले के कडथल में रविवार रात एक खड़े ट्रक में बाइक टकराने से दो युवकों की मौत हो गई। दो पीड़ित, एस महेश (24) और टी राजू (23), एक समारोह में भाग लेने के लिए अमंगल मंडल गए थे और घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार सड़क किनारे खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। ट्रक चालक ने वाहन रोक दिया क्योंकि उसमें कोई खराबी आ गई थी। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कड़थल पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को शवगृह पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## एपीईआरसी अध्यक्ष ने पोलावरम हाइड्रो पावर स्टेशन की प्रगति की समीक्षा की

पोलावरम/अंगलुरू, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (एपीईआरसी) के प्रभारी अध्यक्ष ठाकुर राम सिंह ने सोमवार को पोलावरम हाइड्रो पावर स्टेशन का दौरा किया और चल रहे कार्यों की प्रगति का आकलन किया। उनके साथ आयोग के सदस्य पी. वेंकट राम रेड्डी भी थे। एपीईआरसी के अध्यक्ष और सदस्य ने पोलावरम बहुउद्देशीय परियोजना से बिजली स्टेशन तक पानी पहुंचाने के लिए डिजाइन की गई नहर प्रणाली और सर्विस सहित अन्य प्रमुख संरचनाओं का निरीक्षण किया। एपीजीईएनसीओ के हाइडल डिवीजन के निदेशक सुजया कुमार और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) के सीओओ सतीश बाबू अंगारा ने निर्माण प्रगति पर अपडेट प्रदान किए। इस बात पर प्रकाश डाला गया कि एमईआईएल सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। एमईआईएल के सीओओ सतीश बाबू ने स्वीकृत योजनाओं के अनुसार निष्पादित किए जा रहे सिविल और इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्यों की प्रगति का विवरण दिया। एपीईआरसी के अध्यक्ष ने परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और टीम के प्रयासों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान एपीजीईएनसीओ के प्रमुख अधिकारी, जिनमें मुख्य अभियंता (सिविल) वाई. कोटेश्वर राव, एसई रामभद्र राजू, रवींद्र रेड्डी, चंद्रशेखर, ईई हनुमा, प्रभाकर राव, भीमाधना राव, सीताराम, व्याप्कोस के वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक कोलागनी मूर्ति और अन्य शामिल थे।


**छत्तीसगढ, उच्च न्यायालय, बिलासपुर**

(Paper Publication Notice)

प्रत्यर्थी को अपील की सूचना नोटिस

( अधिनियम क्रमांक 5 सन् 1908 आदेश इकतालिस, नियम 14)

अपील क्रमांक ARBR No. 19/2024

No. 28461, 07/11/24

**M/s Jai Jagdish Transport**

**Vs**

**M/s Thanvi Associates**

Application U/S 11 (5) & (6) of of the Arbitration and conciliation act, 1996 for appointment of arbitrator के लिये आवेदन किया गया है।

प्रति, Respondent

M/s Thanvi Associates Through Its Proprietor, Mr. K. Nageshwara Rao, Having Its Office At, C-7, 2nd Floor, Pavan Enclave, Daba Gardens, Ward - 27, Vishakhapatnam, Andhra Pradesh

कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील **M/s Jai Jagdish Transport,** द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीकृत की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक **12/12/2024** को नियत की गई है। आपत्तियां/ प्रतिआपत्तियां यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से नियत तिथि के पूर्व फाइल की जानी चाहिए। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए किन्तु यदि न्यायालय के काम काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यदि अपनी ओर से आप स्वयं आपका वकील या इस के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जाएगी और निर्णय दिया जाएगा। आज दिनांक **07/11/2024** को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर की मुहर से दिया गया।

(मुहर) **असिस्टेंट रजिस्टार सिविल शाखा**



**भारतीय रिज़र्व बैंक**

संपदा विभाग, हैदराबाद- 500 004

**ई-निविदा: भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद में बैंक के मुख्य कार्यालय परिसर के लिए 04 एयर हैंडलिंग यूनिटों (एएचयू) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (एसआईटीसी) के लिए ई-निविदा।**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक, हैदराबाद, बैंक के मुख्य कार्यालय परिसर के लिए 04 एयर हैंडलिंग यूनिटों (एएचयू) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (एसआईटीसी) के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है। कार्य की अनुमानित लागत ₹48 लाख (रुपये अड़तालीस लाख केवल) है। पूर्व-पात्रता मानदंडों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया निविदा सूचना के साथ निविदा दस्तावेजों को देखें, जो 19 नवंबर 2024 को 18:00 बजे से एमएसटीसी लिमिटेड के ई-निविदा पोर्टल (https://www.mstcecommerce.com/eprocn) और हमारी वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर "निविदाओं" के तहत उपलब्ध हैं।
2. ई-निविदाएं केवल एमएसटीसी पोर्टल (https://www.mstcecommerce.com/eprocn) के माध्यम से 27 दिसंबर 2024 को 14:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। इच्छुक पात्र निविदाकारों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु एमएसटीसी लिमिटेड के साथ स्वयं को पंजीकृत करना होगा।
3. बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हैदराबाद — हस्ता/-

19 नवंबर 2024 — क्षेत्रीय निदेशक


## वेमुलावाड़ा मंदिर के विकास के लिए 127.65 करोड़ रुपये मंजूर



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने राजन्ना सिरसिला जिले के वेमुलावाड़ा में श्री राजा राजराजेश्वर मंदिर में विकास कार्यों के लिए 127.65 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। सरकार ने मंदिर परिसर और अन्य आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के लिए 76 करोड़ रुपये आवंटित करते हुए धनराशि भी मंजूर की।

## लालटेकड़ी के पास दिखा बाघ, डर के साये में लोग



आदिलाबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को उटनूर और जैनूर मंडलों के कुछ गांवों के कृषि क्षेत्रों में बाघ की गतिविधि के बाद लोग भय के साये में जी रहे हैं। रविवार रात को उटनूर मंडल के लालटेकड़ी गांव के पास सड़क पार करते समय एक बाघ देखा गया, जिससे वाहन चालक घबरा गए। ऐसा संदेह था कि यह जैनूर मंडल की ओर जा रहा है। इससे पहले इसने उटनूर मंडल के राजुलागुडा गांव के बाहरी इलाके में कुमरा आनंद राव नामक व्यक्ति के बैल को घायल कर दिया था। आनंद के शोर मचाने पर यह जंगल में भाग गया।

हालांकि, उटनूर और जैनूर के ग्रामीण अपने घरों से सटे खेतों और जंगलों में बाघ की आवाजाही के कारण चिंतित हैं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे बाघ को जंगल के अंदर ले जाने के लिए कदम उठाएं, ताकि लोगों और मवेशियों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। बाघ के हमले के डर से वे कपास की फसल नहीं काट रहे हैं। वन अधिकारियों ने जंगल के किनारे बसे गांवों के निवासियों को बाघ से अचानक टकराव से बचने की सलाह दी है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को मवेशियों और भेड़ों को चराने के लिए जंगल के अंदर न जाने का सुझाव दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे जंगली सूअरों और शाकाहारी जानवरों द्वारा फसल को नुकसान पहुंचाने से बचाने के लिए बिजली से चलने वाली बाड़ लगाकर बाघ को नुकसान न पहुंचाएं।

अधिकारियों ने कहा कि बाघ के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं, जबकि बड़ी बिल्ली की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए एनिमल ट्रैकर तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र से एक पूर्ण विकसित नर बाघ क्षेत्र और मादा साथी की तलाश में आदिलाबाद के जंगलों की ओर चला गया।

# 'इसका मतलब है प्रधानमंत्री ने हार मान ली है'

## महाराष्ट्र में तेलंगाना सीएम ने दी केंद्र को चुनौती



मुंबई/हैदराबाद, 18 नवंबर (एजेंसियां)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र चुनाव में हार मान ली है। रेड्डी ने कहा कि जिस तरह से महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरे पर गए हैं, उससे तो यही पता चलता है कि भाजपा ने हार मान ली है। महाराष्ट्र में सोमवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। इसी के तहत कांग्रेस के प्रचार के लिए तेलंगाना के सीएम ए रेवंत रेड्डी भी महाराष्ट्र पहुंचे।

**'पीएम मोदी और भाजपा ने महाराष्ट्र में मान ली है हार' :**

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान तेलंगाना सीएम ने कहा कि आज महाराष्ट्र चुनाव के लिए प्रचार का आखिरी दिन है और आखिरी दिन से ठीक पहले पीएम मोदी देश छोड़कर विदेश चले गए। इससे पता चलता है कि भाजपा और मोदीजी ने हार मान ली है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि उन्होंने अखबारों में भाजपा के विज्ञापन देखे, उन्हें देखकर ऐसा लगा कि वे चुनाव जीतने के लिए देश को भी तोड़ सकते हैं। तेलंगाना सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा से पूछा कि पिछले 11 सालों में उन्होंने क्या किया है?

**भाजपा सरकार पर लगाया वादे पूरे न करने का आरोप :**

रेवंत रेड्डी ने कहा कि 2014 में भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने और सालाना दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था। साथ ही 2020 तक देश के हर गरीब व्यक्ति को घर देने की बात कही थी। उन्होंने कहा, किसानों की आय दोगुनी करना भूल जाइए। वे तीन काले कृषि कानून लेकर आए, जिसके चलते किसानों को दिल्ली के आसपास आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ा और 700 से अधिक किसान बलिदान हो गए। प्रधानमंत्री मोदी को बिल वापस लेने पड़े और किसानों से माफी मांगनी पड़ी।

**केंद्र सरकार को दी चुनौती :**

रेड्डी ने कहा कि पीएम मोदी ने तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस द्वारा किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगया है। रेड्डी ने कहा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के तौर पर मैं प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा नेताओं को चुनौती देना चाहता हूं कि अगर आपमें हिम्मत है तो एक केंद्रीय मंत्री के साथ एक केंद्रीय समिति बनाएं और उसे तेलंगाना भेजें। अगर आपके पास पैसे नहीं हैं तो मैं दिल्ली या मुंबई के लिए विमान भेज दूंगा, लेकिन आप आएं और जांच लें कि गारंटी पूरी हुई है या नहीं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उन्होंने सरकार बनने के 25 दिनों में 23 लाख किसानों के 2 लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफ किए, जिसकी कुल कीमत 18,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा पिछले 10 महीनों में हमने तेलंगाना में 50,000 सरकारी नौकरियां दी हैं। आप एक समिति भेजिए। मैं उन लोगों को इकट्ठा करूंगा जिन्हें नियुक्ति पत्र मिले हैं, और आप गिन सकते हैं।







## यातायात नियमों के पालन में जागरूकता जरूरी : विश्व प्रसाद



हैदराबाद, 18 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अपर पुलिस आयुक्त, यातायात पी. विश्व प्रसाद ने टीटीआई बेगमपेट में यातायात जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों, दोपहिया वाहन सवारों, ऑटो और कार चालकों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए और यातायात नियमों और विनियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। यातायात शाखा उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ अपना प्रवर्तन कार्य जारी रखेगी। जागरूकता की कमी के कारण अक्सर उल्लंघन होते हैं, खासकर शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले। अधिकारी ने उल्लंघनकर्ताओं के लिए उचित परामर्श और शराब पीकर गाड़ी चलाने और अन्य यातायात अपराधों की घटनाओं को कम करने के लिए जागरूकता पैदा करने के महत्व पर जोर दिया। पैदल चलने वालों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता के रूप में बल दिया गया। पैदल चलने वालों से आग्रह किया गया कि वे जहां भी उपलब्ध हो, सड़क पार करने के लिए फुटओवर ब्रिज का उपयोग करें। बिना फुटपाथ वाले क्षेत्रों में, पैदल चलने वालों को दुर्घटनाओं से बचने के लिए आने वाले ट्रैफ़िक का सामना करते हुए बाईं या दाईं ओर चलना चाहिए।

## योग्य परिवार को साल में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे: मंत्री



अमरावती, 18 नवंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। लाभार्थियों के जीवन में गठबंधन सरकार दीपम-2 योजना के माध्यम से उजाला भरने की कोशिश कर रही है, जबकि कुछ लोग झूठी अफवाहों के जरिए जनता के जीवन को अंधकार में धकेलने का प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को विधान परिषद में एमएलसी बोटसा सत्यनारायण द्वारा पूछे गए सवाल पर, आहार, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री नाडेंडला मनोहर ने उक्त जवाब दिया।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण द्वारा 'सुपर सिक्स' वादों के तहत दी गई दीपावली भेंट के रूप में, दीपम-2 योजना का शुभारंभ 31 अक्टूबर को श्रीकाकुलम जिले में किया गया था।

नाडेंडला मनोहर ने बताया कि आंध्र प्रदेश में 'सुपर सिक्स' वादों को पूरा करने में गठबंधन सरकार पूरी तरह सफल रही है। उन्होंने बताया कि दीपम-2 योजना के अंतर्गत राज्य में एक करोड़ 55 लाख गैस कार्ड धारकों के लिए इस योजना को सभी पात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है। राज्य सरकार ने 2,684 करोड़ मंज़ूर किए हैं। पहले चरण के लिए होने वाले खर्च 894 करोड़ की राशि पेट्रोलियम कंपनियों को सौंप दी गई है।

दीपम-2 योजना के तहत, अर्हक परिवारों को उनका पहला सिलेंडर प्राप्त करने के लिए 29 अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक बुकिंग करने का अवसर दिया गया है। जो लोग मुफ्त सिलेंडर प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें सामान्य प्रक्रिया के तहत पहले राशि का भुगतान करना होगा।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.